# हरिभूमि

लोहड़ी की शुभकामनाएं

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026


मुख्यमंत्री ने किया सूर्य नमस्कार और प्राणायाम

## नशे की लत और जंक फूड से दूरी बनाएं, योग करें

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी नसीहत

**योग हमारी भारतीय परंपरा का है अहम हिस्सा**

**स्वामी विवेकानंद का सुनाया शिकागो भाषण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती पर प्रदेश स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। सुभाष एक्सीलेंस स्कूल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सुबह 9:30 बजे सूर्य नमस्कार और प्राणायाम के साथ की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नशे की लत और जंक फूड से दूरी बनाएं और योग करें। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने विचारों से राष्ट्र के युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया। वे एक महान चिंतक थे और केवल शरीर से बल्कि कर्म से भी युवा थे। उन्होंने कहा कि योग हमारी भारतीय परंपरा का हिस्सा है। सूर्य नमस्कार की यौगिक क्रियाएं हमारे संपूर्ण जीवन का निचोड़ हैं। यह केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि हमारे जीवन को सामान्यता से उत्कृष्टता की ओर लेकर जाने का बड़ा माध्यम है। हम रोजाना सूर्य नमस्कार में समाहित 12 योग क्रियाओं के जरिए ही अपने शरीर को निरोगी बनाकर सुखी रह सकते हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी और अधिकारी-कर्मचारियों ने सूर्य नमस्कार किया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद द्वारा अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में दिए गए उनके ऐतिहासिक संबोधन का प्रसारण भी किया गया।



बच्चों को संबोधित करते सीएम

### शरीर को विकृति की ओर ले जाते हैं जंक फूड

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वाध्याय भी ज्ञान अर्जन का एक सशक्त माध्यम है। सभी को स्वाध्याय करना चाहिए। जंक फूड शरीर को विकृति की ओर ले जाते हैं। इन्हें कम से कम खाएं। अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। युवाओं से कहा कि दिन में कम से कम आधा घंटा योग के लिए देना बेहद जरूरी है।

### हताशा से नहीं आशा से भरे रहें



मुख्यमंत्री ने कहा कि अपना कोई एक पसंदीदा खेल जरूर खेलें। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील रहें। अपने व्यक्तित्व के साथ चरित्र का भी निर्माण करें। अपनी भावनाएं परिवार और दोस्तों के साथ साझा करें, हताशा से नहीं, हमेशा आशा से भरे रहें। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी, भोपाल महापौर मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, रवींद्र यति, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल, आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता, संचालक लोक शिक्षण डीएस कुशवाहा प्राचार्य सुधाकर पाराशर सहित शिक्षक एवं बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे।

रवींद्र भवन में हुई मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप समिट-2026

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया स्टार्टअप प्रदर्शनी का शुभारंभ

## 156 स्टार्टअप को 2.5 करोड़ प्रोत्साहन राशि और 21 को 8.17 करोड़ रु. ऋण

*सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश नए-नए अवसरों का प्रदेश है। युवा ही देश को नई सोच और नई दिशा की ओर ले जाते हैं। इसलिए नवाचारों को प्रोत्साहन देना, हमने हमारा संकल्प निहित किया है*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले दो दिनों से चल रहे मप्र स्टार्टअप समिट-2026 के समापन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 156 स्टार्टअप को 2.5 करोड़ रूपए से अधिक की प्रोत्साहन राशि तथा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में 21 स्टार्टअप को 8.17 करोड़ रूपए से अधिक की ऋण राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की।

मुख्यमंत्री ने समिट में विभिन्न सफल और विकासशील स्टार्ट-अप के फाउंडर्स और इंक्यूबेटर्स को सम्मानित किया। रवींद्र भवन में आयोजित स्टार्टअप समिट में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्राचीन समय से ही हम व्यापार-व्यवसाय की भरपूर समझ रखते हैं। चूंकि पुरूषार्थ, उद्यमिता, नवाचार और व्यापार हम भारतीयों के संस्कारों में ही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश नए-नए अवसरों का प्रदेश है। युवा ही देश को नई सोच और नई दिशा की ओर ले जाते हैं। इनके नवाचार ही विकास का आधार बनते हैं। इसलिए नवाचारों को प्रोत्साहन देना, हमने हमारा संकल्प निहित किया है।

**मुख्यमंत्री ने बैंक ऋण और निवेश सहायता राशि प्रदान की**



एमओयू का अदान प्रदान करते हुए

- **एमएसएमई और 4 प्रमुख संस्थाओं के बीच हुए लांग टर्म एमओयू**
- **मुख्यमंत्री ने सफल और विकासशील स्टार्ट-अप के फाउंडर्स और इंक्यूबेटर्स को दिए अवार्ड**
- **सीएम ने मप्र में स्थापित सफल स्टार्टअप पर केंद्रित एक बुकलेट का विमोचन भी किया**
- **भारत में 6 करोड़ से अधिक एमएसएमई जिनका जीडीपी में 30 प्रतिशत से अधिक योगदान**

### सरकार हर वक्त नए स्टार्टअप और नए आइडियाज के साथ

एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि सरकार ने स्टार्ट-अप पॉलिसी 2025 में नवाचारों को प्रोत्साहित करने की शुरुआत की है। नए विचारों के साथ स्टार्ट-अप शुरू करने वाले उद्यमियों को इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से 10 हजार रुपए की प्राथमिक सहायता प्रदान की जा रही है। राज्य सरकार हर वक्त नए स्टार्ट-अप और नए आइडियाज के साथ खड़ी है।

### बोस के स्टार्टअप को हमारे लोगों ने पहचान नहीं दिलाई

मुख्यमंत्री ने युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि देश के महान वैज्ञानिक डॉ. जगदीश चंद्र बोस ने सबसे पहले दुनिया को बताया कि पौधों में प्राण होते हैं। उन्होंने कैस्ट्रोग्राफी के माध्यम से पौधों में जीवन से जुड़े कई रहस्यों से पर्दा उठाया था। इसके बाद मार्कोनी को इसी खोज के लिए नोबेल पुरस्कार मिला, यद्यपि यह खोज डॉ. बोस ने ही की थी। अंतर सिर्फ इतना था कि उनके स्टार्टअप को हमारे लोगों ने पहचान नहीं दिलाई। उनके कार्य को दो-दो वैज्ञानिकों ने अनुसरण किया।

### भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईको सिस्टम

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में 6 करोड़ से अधिक एमएसएमई है, जो देश की जीडीपी में 30 प्रतिशत से अधिक योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि कुल निर्यात में एमएसएमई की हिस्सेदारी 45 प्रतिशत तक है। भारतीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में स्टार्टअप का योगदान अतुलनीय है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईको सिस्टम बन चुका है। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश, दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। देश के सबके सहयोग से भारत जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

### प्रदेश में अब एक दिन में कोई कंपनी शुरू हो सकती है

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि आज जेन-जी और जेन-अल्फा की दुनिया के युवा स्टार्ट-अप स्थापित कर रहे हैं। पहली बार 16 जनवरी 2016 को भारत में स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया की शुरुआत हुई। अब राज्य सरकार की नीतियां ऐसी हैं कि स्टार्टअप की सभी समस्याएं इसी में समाहित हो गई हैं।

तीन दिन बाद फिर बढ़ेगी सर्दी, 15 से नया डब्ल्यूडी करेगा असर

## अभी प्रदेशभर में कोल्ड वेव, कोल्ड डे घने कोहरे से राहत, हवा में नमी भरपूर

**भोपाल में दिन का तापमान 26.8 और रात का एक डिग्री बढ़कर 9 डिग्री रहा, यह सामान्य से 1.7 डिग्री कम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में दो से तीन दिन बाद तापमान में फिर तेजी से कमी आएगी। 15 जनवरी को पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिससे मौसम में कुछ बदलाव की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ एक ट्रफ के रूप में है, जबकि उत्तरी हरियाणा के ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन है। 15 जनवरी को नया डब्ल्यूडी आने से मौसम में कुछ बदलाव हो सकता है। सोमवार को अधिकांश जिलों में दिन के तापमान में औसतन एक डिग्री की बढ़त रही, जबकि रात के पारे में घट-बढ़ रही है। दिन का औसत तापमान 26 डिग्री रहा, जो औसत सामान्य से 2 डिग्री तक अधिक है। रात में एक से दो डिग्री तक की घट-बढ़ के बीच औसत रात का पारा 10 डिग्री तक रहा है।



रीवा में कोहरे का असर

### मध्यम से हल्का कोहरा

मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार को कुछ जिलों में हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा। इनमें प्रमुख रूप से उत्तरी और उत्तर पूर्वी मध्य प्रदेश के जिले शामिल हैं। खासकर ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, छतरपुर और टीकमगढ़ तथा निवाड़ी में कहीं कहीं हल्के से मध्यम कोहरा रह सकता है।

### हवा में भरपूर नमी, ठंड से बढ़ेगा कोहरा

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी रात और दिन का पारा सामान्य के आसपास होने से कोहरे का असर बहुत कम है। भोपाल सहित प्रदेशभर में सुबह की हवा में औसतन 80 फीसदी और शाम 5:30 बजे 45 प्रतिशत तक नमी है। इससे आने वाले तीन से चार दिन बाद उत्तरी हवाओं से ठंडक बढ़ने के साथ कोहरे का असर भी बढ़ेगा।






65 साल के बुजुर्ग ने दम तोड़ा

## इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से 23वीं मौत

**अभी तक मिल रहे हैं दूषित पानी के पीड़ित मरीज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से 23वीं मौत की घटना सामने आई है। भागीरथपुरा की इमली गली में रहने वाले भगवान भारने (65 वर्ष) ने शेल्बी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इंदौर का भागीरथपुरा कांड 29 दिसंबर को चर्चा में आया था, जब 100 से अधिक लोग बीमार पड़े थे। इसके बाद ही दूषित जल से लोगों के मरने की जानकारी भी सामने आने लगी थी। वे करीब 10 दिन से हॉस्पिटल में एडमिट थे। पहले उन्हें एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। बाद में बॉम्बे हॉस्पिटल रेफर किया गया था। हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर राहुल पाराशर ने बताया कि जब उन्हें यहां लाया गया तो उस दौरान कार्डियक अरेस्ट आया था।



टैंकरों से क्षेत्र में पानी आपूर्ति

### आईसीयू में भर्ती मरीजों की संख्या 13 हुई

आईसीयू में भर्ती मरीजों की संख्या कम ज्यादा हो रही है। 8 जनवरी को जहां आईसीयू में 10 मरीज थे। 10 जनवरी को ये आंकड़ा 11 तक पहुंच गया। वहीं, 11 जनवरी को आईसीयू में भर्ती मरीजों की संख्या 13 हो गई। जबकि पिछले कई दिनों से 3 मरीज वेंटिलेटर पर बताए जा रहे हैं।

बीना में 3 साल की बच्ची से हैवानियत

## भाई के सामने बहन को उठा ले गया दरिंदा, गंभीर हालत में मिली मासूम

**बच्ची आरोपी को चाचा कहती थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

विधानसभा के खिमलासा थाना अंतर्गत 3 साल की बच्ची के साथ रेप का शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रविवार को 3 साल की मासूम अपने भाई के साथ खेत पर खेल रही थी। तभी शाम 5:30 से 5.50 के बीच पड़ोस में रहने वाला आरोपी आया और मासूम को उठाकर बोनी मशीन के पीछे ले गया। बहन को उठाकर ले जाते आरोपी को देख भाई दौड़ता हुआ घर पहुंचा और अपनी मां को घटना के बारे में जानकारी दी। सूचना लगते ही मां खेत की दौड़ी और देखा कि उसकी बच्ची के शरीर से खून निकल रहा था और वह दर्द से तड़प रही थी।




इसी थाने का मामला

बच्ची के पास खड़ा आरोपी मां को देखकर मौके से भाग गया। मां बच्ची को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल खुरई लेकर पहुंची। जहां पर बच्ची का इलाज कर मेडिकल किया गया। मां की शिकायत पर थाना खुरई शहर की उप निरीक्षक प्रतिमा मिश्रा ने आरोपी के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 137 (2) 65 (2) बीएनएस 5(एम)/6 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं, आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय खुरई में पेश किया।


किसान सम्मेलन में रैली का दृश्य।

# किसान कल्याण के लिए सरकार ने 10 दिशात्मक मॉडल किए तैयार, युवाओं को भी खेती से जोड़ेंगे

**मुख्यमंत्री ने किसान सम्मेलन को किया संबोधित, कहा : कृषि आधारित स्टार्ट-अप को देंगे बढ़ावा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किसानों की आय बढ़ाने, लागत घटाने और खेती को स्थाई करने के लिए हमारी सरकार ने 10 दिशात्मक मॉडल तैयार किये हैं। यह मॉडल हमारे लिए 10 संकल्प की तरह हैं। इसके तहत हम कृषि बदलाव की बड़ी परियोजनाओं पर हम युद्ध स्तर पर काम करेंगे।

किसानों की आय वृद्धि एवं वेस्ट में कमी लाने का पूरा प्रयास करेंगे। युवाओं को खेती के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही आधुनिक तकनीक को खेती-किसानी का अहम हिस्सा बनाएंगे। यह बात मुख्यमंत्री ने डॉ. मोहन यादव ने


किसान सम्मेलन में मौजूद सीएम एवं मंत्रीगण।

रविवार को राजधानी के जंबूरी मैदान में आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि पर्यटन से गांवों में नए रोजगार और पहचान के अवसर पैदा होंगे। खेत से फैक्ट्री तक के विज़न के तहत किसानों को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। प्राकृतिक एवं जैविक कृषि को मिशन मोड पर बढ़ावा देंगे। संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए पर ड्रॉप मोर क्रॉप 2.0 और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन को बढ़ावा देंगे। कृषि अपशिष्ट से ऊर्जा बनाने के लिए कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट (सीबीजी) की स्थापना की जाएगी। एमपी ग्लोबल एग्री ब्रांडिंग और एग्री-हैकाथॉन जैसे नवाचारों पर विशेष फोकस करेंगे। कृषि आधारित उद्योग और फूड प्रोसेसिंग यूनिट को बढ़ावा देंगे। कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत सालभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। फरवरी में कोदो-कुटकी बोनस वितरण, मार्च में प्राकृतिक खेती संगोष्ठी और मई में नर्मदापुरम का प्रसिद्ध आम महोत्सव आयोजित किया जाएगा। अगस्त-सितम्बर में इन्दौर में एफपीओ कन्वेंशन और छिंदवाड़ा में एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर निधि पर कार्यशालाएं होंगी। अक्टूबर और नवम्बर के महीने में फूड फेस्टिवल और नरसिंहपुर में गन्ना महोत्सव आयोजित किया जाएगा।

## किसानों की आय बढ़ाने के लिए हर स्तर पर कार्य करेगी सरकार : हेमंत खण्डेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2025 को युवाओं, गरीबों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए उद्योग एवं रोजगार के लिए समर्पित किया। कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए हर स्तर पर कार्य करेगी। इसमें कृषि क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स सुधार, वैल्यू एडिशन, कृषि-उत्पादों के भंडारण, प्रसंस्करण, ब्रांडिंग और निर्यात को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं, ताकि किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल सके और वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

## किसानों को मदद कर मजबूत बनाना हम सबकी जिम्मेदारी: कंषाना

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि किसानों को मदद देकर मजबूत बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस वर्ष पूरी सरकार किसानों के कल्याण के लिए समर्पित होकर काम करेगी।

**हमारी सरकार अन्नदाताओं के साथ है: सारंग**
खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि हमारी सरकार अन्नदाताओं के साथ है। किसान की खेती-किसानी को बेहतर बनाकर पैदावार एवं आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार के 16 से अधिक विभाग मिलकर काम करेंगे। यह एक लक्ष्य की साधना का वर्ष है और हम यह संकल्प पूरा करके रहेंगे।

**किसानों से ही प्रदेश समृद्ध होगा: गौर**
पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा कि किसान ही प्रदेश की सुख-समृद्धि, सुरक्षा और विकास का द्वार है। किसानों से ही प्रदेश समृद्ध होगा।

**कन्या-पूजन कर किया प्रदर्शनी का शुभारंभ:**
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सम्मेलन स्थल पर आयोजित कृषि विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। गौमाता पूजन एवं उन्हें रोटी खिलाकर सम्मेलन का शुभारंभ किया।


प्रदर्शनी का दृश्य।

## खबर संक्षेप

### परशुराम सेवा सम्मान से कर्मचारी नेता अशोक पांडे सम्मानित



**भोपाल।** मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष और वरिष्ठ कर्मचारी नेता अशोक पांडे को सांसद आलोक शर्मा, पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर, महापौर मालती राय ने परशुराम सेवा सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर एमआईसी मेंबर मनोज राठौर, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं राकेश चतुर्वेदी ब्राह्मण, अशोक तिवारी, बच्चन नायक, हेमंत श्रीवास्तव, कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी, पूर्व एमआईसी अध्यक्ष कैलाश मिश्रा उपस्थित थे। परशुराम सेवा सम्मान से सम्मानित होने पर अशोक पांडे ने कहा कि यह सम्मान कर्मचारियों की सेवा, संघर्ष का 27 वर्षीय लंबे कार्यकाल के कारण दिया गया है। कर्मचारियों और श्रमिकों की मांगों का लेकर दो बार जेल भी जाना पड़ा। बतादें कि अशोक पांडे को कर्मचारी जगत की सेवा करने के लिए स्वर्गीय सतनारायण तिवारी सेवा सम्मान एवं मजदूर दिवस पर 2020 में मजदूर रत्न से भी सम्मानित किया जा चुका है।

■ सांसद, पूर्व सांसद, महापौर ने किया सम्मानित

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिले बोट लाइफस्टाइल के को-फाउंडर अमन गुप्ता

# प्रदेश में युवाओं को दिलवाएंगे अनुभवी उद्यमियों का मार्गदर्शन

**नई स्टार्टअप पॉलिसी 2025 युवाओं के लिए मददगार**

**मप्र में स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाने के लिए करेंगे सहयोग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में बोट लाइफस्टाइल, मुम्बई के कोफाउंडर अमन गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने गुप्ता को जानकारी दी कि मध्यप्रदेश में नई स्टार्टअप पॉलिसी 2025 लागू की गई है जो युवाओं के लिए मददगार है। युवा उद्यमिता को मप्र में प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इस क्षेत्र में 47 प्रतिशत स्टार्टअप में महिला उद्यमी हैं, जो उल्लेखनीय है। मप्र में इन स्टार्टअप की संख्या राष्ट्रीय औसत से तीन गुना है। मुख्यमंत्री ने गुप्ता को इंदौर पीथमपुर क्षेत्र में विकसित किए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश और उत्पादन की व्यापक संभावनाएं हैं। मप्र को देश के शीर्ष स्टार्टअप इकोसिस्टम में स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में 6 हजार से अधिक स्टार्टआप रजिस्टर्ड हैं। इनकी संख्या दुगुनी करने का लक्ष्य है। प्रदेश के युवाओं को अनुभवी और सफल उद्यमियों का मार्गदर्शन मिलना चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार विशेष प्रयास कर रही है। इस नाते स्टार्टअप क्षेत्र में बोट लाइफस्टाइल के अनुभवी उद्यमियों का मार्गदर्शन निश्चित ही सहायक सिद्ध होगा।


बोट लाइफस्टाइल के को-फाउंडर ने भेंट की सीएम से भेंट।


रवींद्र भवन में स्टार्टअप कार्यक्रम क दृश्य।

**मप्र में निवेश के साथ ही यहां स्टार्टअप**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बोट लाइफस्टाइल के को-फाउंडर गुप्ता ने मप्र में निवेश के साथ ही यहां स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे मप्र के युवाओं में काफी प्रतिभा देखते हैं। वे मेंटरशिप प्रदान करने और युवा उद्यमिता कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से होंगे। गुप्ता ने भोपाल में हुए स्टार्टअप एमपी- हैक एण्ड मेक 2026 हैकाथॉन में हिस्सेदारी को सुखद बताया। बोट लाइफस्टाइल एक अग्रणी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी है जो ऑडियो उत्पादों जैसे ईयर फोन, हेडफोन, स्पीकर आदि के निर्माण के क्षेत्र के साथ ही विपणन का कार्य करती है। कंपनी ने मेड इन इंडिया के तहत घरेलू उत्पादन के विस्तार की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। भेंट के अवसर पर प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन राघवेंद्र कुमार सिंह और मप्र राज्य औद्योगिक विकास निगम के प्रबंध संचालक चंद्रमौली शुक्ला उपस्थित थे।

### पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेतला का मामला



# कार की टक्कर से स्कूटी सवार एक युवक व मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में सोमवार की दोपहर तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार मासूम समेत एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, पुसौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम तेतला हायर सेकेंडरी स्कूल के पास सोमवार की दोपहर 1 बजे के आसपास एक कार के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार दो लोगों को सामने से जोरदार ठोकर मार दी। इस दुर्घटना में घटना स्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कार रायगढ़ की तरफ से चंद्रपुर की तरफ जा रही थी। इस बीच यह घटना हो गई। इस घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई थी। सड़क हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। वहीं आरोपी चालक को हिरासत में लेकर मृतकों की शिनाख्त में जुट गई। मृतक की जेब में मिले गाड़ी के कागजात के अनुसार, मृतक की शिनाख्त रामेश्वर निषाद निवासी मिट्ठुमुडा के रूप में की जा रही है। मृतकों में एक की उम्र करीब 30 साल और दूसरे की उम्र 7 साल बताई जा रही है। इस घटना के बाद से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश का माहौल देखा जा रहा है। गांव के लोगों ने बताया कि कुछ दिन पहले ही बड़े भंडार के पास इसी तरह की घटना में एक युवक की मौत हो चुकी है।

**आरोपी चालक को पुलिस ने लिया हिरासत में, मृतकों की शिनाख्ती के प्रयास जारी**

# सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत, पिता व एक अन्य गंभीर

**नंदिनी थाना क्षेत्र का मामला, खड़े ट्रक से टकराई थी बाइक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के नंदिनी थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क दुर्घटना में मां और बेटे की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि परिवार के दो अन्य सदस्य घायल हो गए। यह हादसा तब हुआ जब एक तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े हाईवा ट्रक से जा टकराई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मां और बेटे को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने हाईवा ट्रक के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, नंदिनी थाना क्षेत्र के पथरिया चौक के पास एक हाईवा ट्रक सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान, पुणे से अपने पैतृक गांव जामगांव, बेमेतरा लौट रहा एक परिवार बाइक पर सवार होकर वहां से गुजर रहा था। अचानक,




मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर खड़े हाईवा ट्रक से पीछे से जा टकराई। इस टक्कर में मोटरसाइकिल पर सवार परिवार के चार सदस्यों में से तीन घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां मालती साहू (35) और उनके बेटे राजेंद्र साहू (22) को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, बाइक चला रहे राजेंद्र के पिता राजू साहू (40) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज जारी है। यह परिवार मूल रूप से बेमेतरा जिले के जामगांव का रहने वाला है और पुणे में मजदूरी का काम करता था। वे 9 जनवरी की शाम पुणे से अपने गांव के लिए निकले थे। पुलिस ने हाईवा ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन खड़ा करने और दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है और घटना की गहनता से जांच कर रही है।

# लोकगीत मंच पर टीकमगढ़ की सविता राज रहीं विजेता, पन्ना की सेजल को मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

बुंदेलखंड के सबसे बड़े लोकगीत मंच 'बुंदेली बावरा' का ग्रैंड फिनाले रविवार को छतरपुर के अंबेडकर भवन में संपन्न हुआ। सुरों की विभिन्न कसौटियों को पार कर टीकमगढ़ कीं सविता राज ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, पन्ना कीं सेजल सोनी ने दूसरा और बांदा कीं ज्योति पटेल ने तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता को 50 हजार मूल्य के पुरस्कार दिए गए, जिसमें नकद पुरस्कार समेत गिफ्ट हैंपर्स और ब्रांडिंग आदि शामिल है। साथ ही, उन्हें प्रसिद्ध यूट्यूबर अंकित पांडे के साथ गायन और विराज फोटोग्राफी के एल्बम में शामिल होने का मौका मिलेगा। मुख्य अतिथि छतरपुर विधायक ललिता यादव कार्यक्रम में मौजूद रहीं। बुंदेली लोकगीतों के सम्राट पं. देशराज पटेरिया के पुत्र की भी उपस्थिति रही। ललितपुर के अंकित परिहार और सागर के दृष्टिबाधित गायक सुनील लोधी ने क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। विजेता का खिताब हासिल होने पर भावुक स्वर में टीकमगढ़ कीं सविता राज ने कहा,



यह जीत सिर्फ मेरी नहीं है, बल्कि बुंदेलखंड की हर उस बेटी की है, जो लोकगीतों को अपनी साँसों में बसाए हुए है। इस मंच ने मुझे अपनी मिट्टी से जुड़े रहने की ताकत दी है। मैं इस सम्मान को अपने बुंदेलखंड को समर्पित करती हूँ। वहीं, द्वितीय और तृतीय विजेता के रूप में सेजल सोनी और ज्योति पटेल ने भी कृतज्ञता व्यक्त की। जजेस द्वारा गहन मूल्यांकन के बाद पहले राउंड में 13, दूसरे राउंड में 8 और तीसरे राउंड में ऐसे 5 प्रतिभागी चुने गए, जिनके सुरों में परंपरा भी स्पष्ट रूप से दिखाई दी और संस्कृति की बेशकीमती झलक भी।

# गैस सिलेंडरों से भरे हुए पिकअप वाहन में आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शहर के नेशनल हाईवे पर गैस सिलेंडरों से भरे एक पिकअप वाहन में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया।

आग इतनी भीषण थी कि सिलेंडर की टंकियां फटने लगीं, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस महकमा हरकत में आ गया। कलेक्टर विनय कुमार लहंगे ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस और प्रशासन की टीमों को मौके पर पहुंचने और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में आमजन को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए।

## अलग-अलग हादसों में तीन घायल

सोमवार की सुबह जगदलपुर के दो अलग-अलग जगहों पर हुए सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए। इन घटनाओं में स्कूली छात्र-छात्राओं के अलावा एक अन्य युवक भी घायल हुआ है। पहली घटना दलपत सागर के पास की है। एक तेज रफ्तार पिकअप चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए सामने से आ रही एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, बाइक सवार के द्वारा हेलमेट लगाने के कारण उसे ज्यादा गंभीर चोट नहीं आई। वहीं, घटना के बाद आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। वहीं, दूसरी घटना डिमरापाल मेडिकल कॉलेज से 500 मीटर पहले अशोका लीलैंड के सामने हुई। जहां भाई-बहन स्कूल जाने के लिए अपनी स्कूटी से निकले थे कि अचानक सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप चालक ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया, इस घटना में स्कूटी का सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। वहीं, घटना की जानकारी लगते ही पुलिस भी मौके पर आ पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

### मुख्य सचिव जैन जल्द ही करेंगे अफसरों के कार्यों की समीक्षा

# सीएस की क्लास में होंगे सभी कलेक्टर, कॉन्फ्रेंस में अफसरों की परफॉर्मेंस का होगा आंकलन, मंत्रालय से फील्ड तक के अफसरों का बनेगा रिपोर्ट कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन जल्द ही अफसरों की समीक्षा करने जा रहे हैं। 15 जनवरी को प्रदेश के सभी कलेक्टर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मौजूद रहना है। मंत्रालय से लेकर फील्ड स्तर तक की अधिकारियों का रिपोर्ट कार्ड भी तैयार किया जाएगा। उसके बाद अफसर के परफॉर्मेंस के आधार पर ट्रांसफर सूची भी जारी की जाएगी। माना जा रहा है कि जिन अफसरों का प्रमोशन हुआ है, उनके नाम शामिल है।

हालांकि परफॉर्मेंस के आधार पर उन्हें कई जिलों से हटकर मंत्रालय में पदस्थ किया जाएगा। वहीं मंत्रालय से लेकर मैदानी स्तर के अधिकारियों की समीक्षा भी होगी। मंत्रालय से लेकर मैदानी स्तर तक के अधिकारियों का रिपोर्ट कार्ड मुख्य सचिव कार्यालय और सामान्य प्रशासन विभाग तैयार कर रहा है। 1 जनवरी को कई अधिकारी प्रमोट हुए थे लेकिन इनकी पदस्थापना यथावत रखी गई है। 15 जनवरी को मुख्य सचिव अनुराग जैन कलेक्टर, कमिश्नर, नगर निगम आयुक्त, जिला पंचायत और स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की कांफ्रेंस करने जा रहे हैं। इसमें मैदानी अधिकारियों के कामकाज का आंकलन होगा। इसके बाद तबादलों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। हालांकि कलेक्टर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यालय अधिकारी 21 फरवरी तक नहीं बदले जाएंगे। क्योंकि प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनर्निरीक्षण (एसआईआर) का काम चल रहा है।

**अपर सचिव से लेकर सचिव के भी होंगे प्रमोशन**

*मध्य प्रदेश में कलेक्टर से लेकर सचिव स्तर तक के अधिकारियों को प्रमोशन मिल चुका है। सभी को प्रमोशन के साथ ही वर्तमान पदों पर पदस्थ किया गया है। कई अधिकारी को एक स्थान पर पदस्थ रहते हुए 2 साल से अधिक समय हो चुका है। उनके स्थान पर नए अधिकारी पदस्थ किए जाएंगे। वहीं मंत्रालय में कुछ अपर सचिव को सचिव बनाया गया है उनके प्रमोशन भी जल्द होना है। इसे देखते हुए मुख्य सचिव कार्यालय और सामान प्रशासन विभाग अपने स्तर पर तैयारी कर रहा है।*

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज

अहमदाबाद स्थित साबरमती रिवरफ्रंट पर 'अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव' का आयोजन

## भारत-जर्मनी दोस्ती... प्रधानमंत्री मोदी और जर्मन चांसलर मर्ज ने उड़ाई पतंग

### फ्रेडरिक मर्ज अभिभूत.. पीएम मोदी ने समझाई भारतीय गुजराती संस्कृति की बारीकी



एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने सोमवार को गुजरात के अहमदाबाद स्थित साबरमती रिवरफ्रंट पर आयोजित 'अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव' में भाग लिया। साबरमती आश्रम का दौरा करने के बाद पीएम मोदी और चांसलर मर्ज साबरमती रिवरफ्रंट पहुंचे और यहां आयोजित अंतरराष्ट्रीय काइट फेस्टिवल 2026 में भाग लिया। इस दौरान दोनों नेताओं ने पतंग उड़ाकर उत्सव का आनंद लिया और गुजरात की सांस्कृतिक विरासत का साक्षी बने। प्रधानमंत्री मोदी और चांसलर मर्ज के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।

**'वसुधैव कुटुम्बकम' संदेश वाली पतंग बनी आकर्षण**

**पतंगों पर तिरंगा, हिंदू देवी-देवताओं और दोनों नेताओं की आकृतियां**

उत्सव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'भारत-वसुधैव कुटुम्बकम' संदेश वाली विशेष रूप से डिजाइन की गई पतंग उड़ाते देखा गया। यह पतंग दुनिया को एक परिवार मानने की भारत की सोच को दर्शाती है।

**50 देशों के 135 काइटिस्ट ले रहे हिस्सा**

इस साल के अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव-2026 में 50 देशों के 135 काइटिस्ट और लगभग 1,000 भारतीय पतंग प्रेमी हिस्सा ले रहे हैं। महोत्सव से पहले इन काइटिस्ट ने राजकोट, सूरत, धोलाविरा और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का दौरा कर दर्शकों का मनोरंजन किया। महोत्सव अहमदाबाद में 14 जनवरी तक जारी रहेगा।





हरिभूमि सहेली आज के अंक के साथ


### खबर संक्षेप

**वॉशरूम में 2 बार बेहोश हुए पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़**



**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 10 जनवरी को वॉशरूम में दो बार बेहोश हो गए थे। इसके बाद सोमवार को उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि 74 साल के धनखड़ का एमआरआई हुआ, और मंगलवार को दूसरे टेस्ट किए जाएंगे।

**सेंसेक्स 300 अंक उछला कमाए 1.22 लाख करोड़**



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजारों में सोमवार 12 जनवरी को जबरदस्त रिकवरी देखने को मिली। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों उबरते हुए हरे निशान में बंद हुए। इसके साथ ही बाजार में पिछले 5 दिनों से जारी गिरावट पर ब्रेक लग गया। सेंसेक्स, 302 अंक बढ़कर 83,878 के स्तर पर बंद हुआ।

**खुदरा महंगाई दर दिसंबर में बढ़कर 1.33% पर पहुंची**



**नई दिल्ली।** रसोई के जरूरी सामानों, खासकर सब्जियों और प्रोटीन युक्त वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के चलते दिसंबर 2025 में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर तीन महीने के उच्च स्तर 1.33 प्रतिशत पर पहुंच गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, यह नवंबर में 0.71 प्रतिशत थी।

संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर शीर्ष कोर्ट ने जवाब-तलब किया

## एससी/एसटी रिजर्वेशन के लिए क्रीमी लेयर हो, सीजेआई ने भेजा केंद्र-राज्य को नोटिस

*दरअसल, एक पीआईएल में मांग उठाई गई है है कि एससी और एसटी आरक्षण में क्रीम-लेयर लाया जाए ताकि जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समय की मांग के साथ आरक्षण में भी बदलाव जरूरी है। संविधान बनाने वाले हमारे पूर्वजों ने पिछड़ी जातियों के मुख्य धारा में लाने के लिए आरक्षण का प्रावधान लाया था। लेकिन, ये समाज की अंतिम कड़ी तक पहुंच नहीं पाया। समाज में कुछ खास लोग इसकी मलाई खाते रहते हैं और आरक्षण का फायदा लेते हैं। हालांकि, अब सुप्रीम कोर्ट के पास इसमें बदलाव के लिए मांग उठी है।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत के पास आरक्षण में बदलाव के लिए याचिका लगाई गई है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। दरअसल, सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणियों के भीतर 'क्रीमी लेयर' सिद्धांत को लागू करने की मांग वाली जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्य बागची की पीठ ने अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा संविधान के

**कोर्ट ने कहा-इस पर व्यापक चर्चा और सभी राज्यों की राय आवश्यक**



वकील अश्विनी उपाध्याय ने तर्क दिया कि आरक्षण का उद्देश्य उन लोगों को मुख्यधारा में लाना है जो सदियों से हाशिए पर रहे हैं न कि उन लोगों को और अधिक संपन्न बनाना जो पहले से ही समाज के शीर्ष पदों पर आसीन हैं

**क्या है याचिका की मुख्य मांग?**

वकील अश्विनी उपाध्याय ने शीर्ष अदालत के सामने तर्क दिया कि अब समय आ गया है जब एससी/एसटी आरक्षण के लाभों का वितरण अधिक न्यायपूर्ण तरीके से किया जाए। याचिका में उनकी मांग कुछ इस प्रकार है

**[1] संवैधानिक पदों पर बैठे लोग**
यदि किसी एससी/एसटी परिवार का सदस्य पहले से ही किसी संवैधानिक पद या वरिष्ठ सरकारी पद (जैसे क्लास-1 अधिकारी) पर पहुंच चुका है, तो उनके बच्चों को आरक्षण के लाभ से वंचित किया जाना चाहिए।

**[2] समानता का सिद्धांत**
याचिकाकर्ता का कहना है कि संपन्न परिवारों के बच्चों को आरक्षण मिलना जारी रहने से उस वर्ग के सबसे पिछड़े और जरूरतमंद लोगों तक लाभ नहीं पहुंच पाता है।

**आरक्षण का मूल उद्देश्य प्रभावित हो रहा**

सुप्रीम कोर्ट में बहस के दौरान उपाध्याय ने दलील दी कि एससी/एसटी श्रेणियों के भीतर सामाजिक और आर्थिक रूप से उन्नत हो चुके परिवारों को निरंतर आरक्षण देना सकारात्मक कार्रवाई के मूल उद्देश्य को ही विफल कर देता है।

**शीर्ष कोर्ट ने कहा-ये घिनौना**

### चलती ट्रेन में महिला की सीट पर जज ने कर दिया पेशाब

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मध्य प्रदेश के उस सिविल जज के आचरण और कृत्य पर गंभीर नाराजगी जताई, जिन पर आरोप है कि चलती ट्रेन में उन्होंने शराब पी और हंगामा किया। इतना ही नहीं आरोपी जज ने महिला यात्री की सीट पर जाकर पेशाब भी किया। इन आरोपों पर शीर्ष अदालत ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि सिविल जज का कथित व्यवहार न सिर्फ घिनौना है बल्कि चौंकाने वाला है। यह मामला वर्ष 2018 का है, जब आरोपी सिविल जज इंदौर से जबलपुर ट्रेन से यात्रा कर रहे थे। आरोप है कि उन्होंने बिना अपने वरिष्ठ अधिकारियों को बताए छुट्टी ली और यात्रा के दौरान शराब पी। इसके बाद उन्होंने ट्रेन में हंगामा किया, यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों से बदसलूकी की और टीटीई को उसके काम से रोका। सबसे गंभीर आरोप यह है कि उस जज ने एक महिला यात्री की सीट पर जाकर पेशाब किया और अश्लील हरकत की। आरोपों में यह भी कहा गया है कि उन्होंने अपनी पहचान पत्र (जज का आईडी कार्ड) का गलत इस्तेमाल कर यात्रियों को धमकाया। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि इस तरह का व्यवहार किसी न्यायिक अधिकारी के लिए बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। अदालत ने यह भी सवाल उठाया कि हाई कोर्ट ने ऐसे गंभीर मामले में अनुशासनात्मक कार्रवाई में दखल क्यों दिया।

पीएसएलवी-सी62/ ईओएस-एन1 मिशन विफल

### तीसरे स्टेज के अंत में ही रॉकेट मार्ग से भटक गया



पीएसएलवी-सी62/ईओएस-एन1

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गड़बड़ी से 'अन्वेषा' उपग्रह कक्षा में नहीं पहुंच सका

पेलोड को अपेक्षित कक्षा में इंजेक्ट नहीं किया जा सका

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का पीएसएलवी-सी62/ईओएस-एन1 मिशन रविवार को तकनीकी खामी के कारण विफल घोषित कर दिया गया। इस मिशन के तहत रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित अत्यंत गोपनीय हाइपरस्पेक्ट्रल निगरानी उपग्रह 'अन्वेषा' का प्रक्षेपण किया गया था, लेकिन रॉकेट के तीसरे चरण (पीएस 3) के अंतिम चरण में आई गड़बड़ी के कारण उपग्रह को निर्धारित कक्षा में स्थापित नहीं किया जा सका। इसरो के अनुसार मिशन के दौरान पीएसएलवी रॉकेट का उड़ान क्रम सामान्य रूप से आगे बढ़ रहा था, लेकिन तीसरे स्टेज के अंत में रॉकेट मार्ग से भटक गया, जिससे पेलोड को अपेक्षित कक्षा में इंजेक्ट नहीं किया जा सका।



वी. नारायणन

**इस साल का इसरो का यह पहला प्रक्षेपण**

इसरो ने पहले बताया था कि 'अन्वेषा' एक अत्याधुनिक हाइपरस्पेक्ट्रल इमेजिंग सैटेलाइट है, जो जंगलों की गहराई से लेकर युद्ध के मैदान में छिपी बेहद सूक्ष्म वस्तुओं तक की पहचान करने में सक्षम है। यह उपग्रह पर्यावरण निगरानी, संसाधन मानचित्रण और सामरिक निगरानी के साथ-साथ रक्षा क्षेत्र में भारत की निगरानी क्षमताओं को नई मजबूती प्रदान करने वाला था। हालांकि, मिशन की असफलता से इसरो और रक्षा प्रतिष्ठान को झटका लगा है, लेकिन वैज्ञानिकों ने स्पष्ट किया है कि इसरो की टीम खामी के कारणों की गहन जांच कर रही है, ताकि भविष्य के मिशनों में ऐसी त्रुटियों से बचा जा सके। गौरतलब है कि यह वर्ष 2026 में इसरो का पहला प्रक्षेपण था। साथ ही यह न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) का 9वां वाणिज्यिक मिशन था, जो तकनीकी खामी के कारण सफल नहीं हो सका।

नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर हादसा

### सोहागपुर में पलटी तेज रफ्तार बस, 30 यात्री घायल, 12 गंभीर



बस का स्टेयरिंग अचानक फेल हो गया

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम से पिपरिया की ओर जा रही एक तेज रफ्तार यात्री बस सोमवार को सोहागपुर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। लांघा की चीचली पुलिया के पास बस का स्टेयरिंग अचानक फेल हो गया, जिससे बस बेकाबू होकर पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में ड्राइवर सहित 30 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से 12 की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे के बाद स्थानीय राहगीरों ने कांच तोड़कर घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

नाम लखपति...काम रिश्वतखोरी

### सिंगरौली में तहसील का बाबू 3 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार



किसान से नामांतरण के बदले मांगी थी घूस

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले की सरई तहसील के बाबू को रीवा लोकायुक्त की टीम ने रंगेहाथ रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी बाबू का नाम लखपति सिंह है, जिसने एक किसान से उसकी जमीन के नामांतरण के बदले मोटी रकम की मांग की थी। बाबू लखपति को आवेदक रामनारायण शाह से 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए टीम ने दबोच लिया। जानकारी के अनुसार, पीड़ित रामनारायण शाह अपनी जमीन के नामांतरण के काम के लिए लंबे समय से तहसील के चक्कर काट रहा था।

अच्छे आचरण पर होगी रिहाई

### गणतंत्र दिवस पर प्रदेश के 87 कैदियों को मिलेगी 'आजादी'



जेल विभाग ने 481 कैदियों पर मंथन किया था

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के 87 बंदियों को 26 जनवरी यानि गणतंत्र दिवस पर आजादी मिलेगी। जेल में रहते हुए उनके अच्छे आचरण को देख कर उन्हें रिहा करने का फैसला लिए गया है। इसे लेकर जेल विभाग ने आदेश भी जारी कर दिया है। जेल विभाग ने 481 कैदियों पर मंथन किया था, लेकिन 394 बंदी समय से पहले रिहा के प्रावधानों पर अपात्र पाए गए। जिसके बाद सिर्फ 87 को जेल से छोड़ने पर मुहर लगी। जेल विभाग ने सभी कैदियों के नामों की लिस्ट भी जारी की है।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन इसी महीने से चलेगी

### इसमें कोई वीआईपी कोटा नहीं, मिलेगा लोकल फूड



इस ट्रेन में यात्रियों को केवल कन्फर्म टिकट

**नई दिल्ली।** वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की शुरुआत इस महीने के अंत तक गुवाहाटी और कोलकाता के बीच हो जाएगी। इससे उत्तर पूर्व और पूर्वी भारत के बीच अच्छी कनेक्टिविटी बनेगी। इस ट्रेन के रिजर्वेशन में कोई वीआईपी कोटा नहीं होगा। इसके अलावा इस ट्रेन में यात्रा करने वालों को स्थानीय भोजन मुहैया कराया जाएगा। सरकार भी इस ट्रेन की लांचिंग को खास बनाने में जुटी हुई है। यहां तक कि रेलवे के वरिष्ठ और






टीसीएस के तिमाही नतीजे घोषित

### कंपनी का मुनाफा 14 फीसदी गिरा शेयरधारकों को मिलेगा डिविडेंड

कंपनी ने कहा- एआई-आधारित टेक्नोलॉजी सर्विसेज कंपनी बनने के अपने लक्ष्य पर अडिग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने सोमवार को दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी किए। कंपनी का शुद्ध मुनाफा पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 14% गिरकर 10,657 करोड़ रुपए रहा।

पिछले साल इसी तिमाही में यह 12,380 करोड़ रुपए था। यह मुनाफा कंपनी के शेयरधारकों को मिलेगा। कंपनी के ऑपरेशन से होने वाले रेवेन्यू में 5% की बढ़ोतरी हुई है। यह 67,087 करोड़ रुपए रही, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही में 63,973 करोड़ रुपए थी। टीसीएस ने वित्तीय वर्ष 2026 के लिए 57 रुपए प्रति इक्विटी शेयर का अंतरिम डिविडेंड देने की घोषणा की है। इसमें 11 रुपए प्रति शेयर का तीसरा अंतरिम डिविडेंड और 46 रुपये प्रति शेयर का विशेष डिविडेंड शामिल है। यह दोनों डिविडेंड 3 फरवरी 2026 मंगलवार को दिए जाएंगे। कंपनी ने 17 जनवरी 2026 शनिवार को रिकॉर्ड डेट तय की है।

9 वां आम बजट : निर्मला सीतारमण मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड के करीब

## इस बार बजट संडे...1 फरवरी रविवार को पेश होगा आम बजट, संसदीय इतिहास में ऐसा पहली बार होगा

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने की औपचारिक घोषणा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसदीय इतिहास में पहली बार रविवार के दिन केंद्रीय बजट पेश होगा। वित्त वर्ष 2026-27 का आम बजट इस बार रविवार को पेश किया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को औपचारिक घोषणा करते हुए बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार, 1 फरवरी को संसद में बजट पेश करेंगी।

आमतौर पर संसद की कार्यवाही सप्ताहांत पर नहीं होती है, ऐसे में रविवार के दिन बजट प्रस्तुत होना एक ऐतिहासिक क्षण होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के लिए यह बजट व्यक्तिगत तौर पर भी एक बड़ी उपलब्धि होगा। यह उनका लगातार नौवां बजट होगा।

***पूर्व पीएम मोरारजी देसाई ने वित्त मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कुल 10 बजट पेश किए थे***

***भारत के इतिहास का यह 80वां केंद्रीय बजट होगा***



फाइल फोटो

इसके साथ ही, वह देश के पूर्व वित्त मंत्री मोरारजी देसाई की ओर से स्थापित सर्वाधिक बजट पेश करने के रिकॉर्ड के बेहद करीब पहुंच जाएंगी। पूर्व पीएम मोरारजी देसाई ने वित्त मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कुल 10 बजट पेश किए थे, और निर्मला सीतारमण अब उस ऐतिहासिक आंकड़े से महज एक कदम दूर हैं।

**28 जनवरी से शुरू होगा बजट सत्र**

संसद के बजट सत्र का पूरा शेड्यूल भी स्पष्ट कर दिया गया है। सत्र की शुरुआत 28 जनवरी को होगी। राष्ट्रपति का अभिभाषण: सत्र का आगाज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन से होगा। वह लोकसभा कक्ष में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। आर्थिक सर्वेक्षण: राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद, वित्त मंत्री द्वारा संसद के दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। फिर, बजट आएगा।

हरिभूमि
# सहेली
जबलपुर, मंगलवार
13 जनवरी 2026






मकर संक्रांति पर्व असल में प्रकृति के बदलाव का उत्सव है। इन दिनों स्त्रियों का उल्लास-उमंग देखते ही बनता है। मकर संक्रांति से ही घर-परिवार में विवाह या दूसरे शुभ कार्य आरंभ हो जाते हैं। यह पर्व हमारे खान-पान और दिनचर्या में भी बदलाव लेकर आता है। गुड़, तिल से बने स्वादिष्ट व्यंजन और आकाश में उड़ती-लहराती पतंगें, हमारे मन और जीवन को नव ऊर्जा से भर देती हैं।

# मकर संक्रांति
## नव ऊर्जा और अपनेपन का उत्सव

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

घर-परिवार में त्योहारों के उत्सवीय रंगों की डोर स्त्रियां ही थामती हैं। महिलाएं पारंपरिक अनुष्ठानों और रीति-रिवाजों की धुरी कही जाती हैं। बहू-बेटियां उत्सवों के परंपरागत और आध्यात्मिक महत्व को मन से समझती हैं। त्योहारों पर घर-आंगन की सज-धज से जुड़ी रचनात्मकता हो या मेल-जोल की सामूहिकता, महिलाएं बहुत सहजता से जीवन के हर पहलू को संभाल लेती हैं। पूरे माहौल को ऊर्जा और सकारात्मकता से भर देती हैं।

### प्रकृति का उत्सव और स्त्रीमन

उमंगों और पतंगों का पर्व संक्रांति, असल में प्रकृति के बदलाव का भी उत्सव है। स्त्रियों का मन वैचारिक और व्यावहारिक दोनों मोर्चों पर कुदरत के करीब होता है। असल में संक्रांति का पर्व अकेला ऐसा हिंदू त्योहार है, जो चंद्र पंचांग के हिसाब से नहीं बल्कि सौर पंचांग के हिसाब से मनाया जाता है। प्राकृतिक घटनाओं के आधार पर देखें तो संक्रांति का अर्थ ही परिवर्तन या गति है। उत्तरायण का शुभ काल, शुरू होने के चलते साल भर में आने वाली 12 संक्रांतियों में मकर संक्रांति सबसे अहम होती है। उत्तरायण का समय देवी-देवताओं के पूजन का समय माना जाता है। यही वजह है कि इस पर्व के बाद कई त्योहार आते हैं। शुभ मुहूर्त और शुभ कार्य आरंभ होते हैं। ठिठुरती ठंड और घने कोहरे के बाद आने वाले देशभर के इस प्यारे त्योहार पर स्त्रियों का उल्लास भी देखते ही बनता है। घर-परिवार में विवाह हो या कोई दूसरा शुभ कार्य, महिलाओं को सबसे अधिक चाव होता है। साथ ही यह त्योहार हमारे रहन-सहन, खान-पान और दिनचर्या में बदलाव लेकर आता है। बदलते मौसम की इस रुत में भी महिलाओं के मन और जीवन में भी नई ऊष्मा का संचार होता है।

### जुड़ाव और एकता का उत्सव

परिवार हो या देश-परिवेश, सामाजिक सद्भाव और एकता की डोर से स्त्रियां सबके दिलों को जोड़ती हैं। सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े मान-मनुहार के भाव महिलाओं ने ही सहेज रखे हैं। मित्रों-रिश्तेदारों का मेलजोल मकर संक्रांति के त्योहार का अहम हिस्सा होता है। मान्यता है कि इस दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि के घर उनसे मिलने जाते हैं। असल में मकर राशि को शनि देव का घर माना जाता है। संक्रांति का त्योहार, सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का ही उत्सव है। आध्यात्मिक रूप से भी यह मान्यता रिश्तों को मजबूती देने और मेलजोल बनाए रखने का ही संदेश लिए है। यूं भी सूर्य अपना प्रकाश, ऊर्जा और रोशनी की सौगात पूरे संसार को बिना किसी भेदभाव के बांटता है। साथ ही सूर्य का उत्तर दिशा में होना भी आध्यात्मिक रूप से काफी महत्व रखता है। ऐसे में उत्तरायण का उत्सव एकता की सोच को भी सींचता है। सहज जीवन में इसे महिलाएं ही खाद-पानी देती हैं। मकर संक्रांति के पर्व पर स्नान और दान का भी बहुत महत्व है। इस दिन तिल, गुड़, खिचड़ी, फल या आर्थिक मदद देने की रीत है। महिलाएं किसी की सहायता करने वाली रीत निभाने में आगे रहती हैं। इस त्योहार पर जरूरतमंदों को अनाज, कपड़े या दूसरी चीजें दान करने की सोच स्त्रीमन में मौजूद सामाजिक जिम्मेदारी की भावना से ही मिलवाती है।

### पतंगों के संग उमंगों का उत्सव

बच्चे हों या बड़े, मकर संक्रांति का त्योहार सभी के लिए रंग-बिरंगी पतंगों का एक उत्सव होता है। हमारे देश के कई राज्यों की पतंगबाजी तो दुनिया भर में चर्चित है। वैसे यह त्योहार हर क्षेत्र में अलग रंग, अलग ढंग से मनाया जाता है। इस दिन आंध्र प्रदेश, केरल और कर्नाटक में संक्रांति और तमिलनाडु में पोंगल का त्योहार मनाया जाता है। पंजाब और हरियाणा में इस समय नई फसल घर लाने का उत्सव लोहड़ी के रूप में मनाते हैं। वहीं असम में इस दिन बिहू पर्व का उल्लास छाया रहता है। बिहू उत्सव में नृत्य करतीं स्त्रियां हों या लोहड़ी पर गिद्दा नृत्य का उल्लास बिखेरती महिलाएं। पतंगबाजी के पेच लड़ाती बेटियां हों या पोंगल के पारंपरिक अनुष्ठान में घर के द्वार पर सुंदर कोलम रंगोली सजाने वाली महिलाएं। हर रूप में यह पर्व महिलाओं के मन की उमंगों की झांकी-सा होता है। पोंगल पर्व पर तो थाई पोंगल यानी सूर्य पूजा और मट्टू पोंगल यानी पशु पूजा के समय महिलाएं ही पूजा अनुष्ठानों की नेतृत्व करती हैं। साथ ही पूरे परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हैं। वहीं उत्तर भारत की पतंग उड़ाने की परंपरा भी मनोरंजन भर नहीं है। डोर से बंधी आसमान में उड़ती पतंग, आपसी रिश्तों को भी जोड़ती है। मेल-मिलाप का यह रंग आंगन की बजाय छतों-चौबारों की साझी बैठकी में खिलता है। समरसता के इस भाव को भी स्त्रियां ही बल देती हैं।



### सामाजिक-पारिवारिक संबंधों को पोसती लोहड़ी

लोहड़ी का पर्व भी प्रकृति का आभार जताने का ही उत्सव है। हमारे कृषि प्रधान देश में लोहड़ी का त्योहार फसलें कटकर घर आने की खुशी में मनाया जाता है। साथ ही यह पर्व सामाजिक-पारिवारिक संबंधों को भी पोसता है। विशेषकर पंजाब और हरियाणा में धूमधाम से मनाए जाने वाले इस पर्व को तिलोड़ी भी कहते हैं। शादी के बाद की पहली लोहड़ी बहुत खास होती है। पारंपरिक रूप से बेटे के जन्म के बाद पहली लोहड़ी बहुत धूमधाम से मनाई जाती थी। बेटे के जन्म के बाद घर में ढोल-नगाड़ों से उसका स्वागत किया जाता था और पहली लोहड़ी पर



गांव भर में उसके आगमन की मिठाई बांटी जाती थी। सुखद है कि लाडलियों के प्रति परिवार-समाज में आई सहज स्वीकार्यता की सोच से घर-परिवार में एक बड़ा बदलाव दिखने लगा है। अब बिटिया की पहली लोहड़ी भी खूब हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। शादी के बाद भी बेटी की पहली लोहड़ी पर मायके वाले त्योहारी भिजवाते हैं। यह स्नेह भरा शगुन उन्हें अपने आंगन से जोड़े रखने की सोच लिए है। मूंगफली और रेवड़ी का प्रसाद और लोकगीतों का साथ इस पर्व को बहुत खास बना देता है। a

# खुश रहना भी एक आर्ट है

हर कोई चाहता है, वह खुश रहे। लेकिन खुश रहने का कोई बना-बनाया फॉर्मूला नहीं होता है। यह एक आर्ट ऑफ लाइफस्टाइल है। आप अपनी डेली रूटीन लाइफ में कुछ छोटे बदलाव करके भी खुश रह सकती हैं। यहां दी गई बातें अमल में लाएं और हमेशा खुश रहें।



जीवनशैली
अलका जैन

रविवार की सुबह आभा पार्क में टहल रही थी, तभी सामने से उसे राधा आती दिखी। हमेशा की तरह वह मुस्कुराते हुए मिली, बातें कीं। लेकिन उसकी आंखों में कहीं न कहीं एक मायूसी थी। आभा ने पूछा, 'सब ठीक है न?' राधा ने ठंडे स्वर में 'हां' तो कहा लेकिन उसकी मुस्कान बनावटी सी लगी। हम में से कई लोग अकसर अपनी थकान, उदासी या तनाव को मुस्कुराहट के पीछे छुपा लेते हैं, सिर्फ इसलिए कि दुनिया हमें खुश देखे। वास्तव में खुश रहना एक आर्ट है। इसके लिए आपको यहां बताई जा रही कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।



**इन लक्षणों को पहचानें:** मन से नाखुशी, हमेशा शब्दों में प्रकट नहीं होती, संकेतों के रूप में भी सामने आती है। इन्हें पहचानना जरूरी है। हर समय थकान महसूस होना। पहले पसंद आने वाले कामों में रुचि कम हो जाना। नींद या भूख में बदलाव। मित्रों और जानने वालों से दूरी बना लेना। इन संकेतों को नजरअंदाज करना आसान है, लेकिन यही वह पल है, जब आपको रुककर खुद से पूछना चाहिए- 'मैं सच में कैसा महसूस कर रही हूं?' अगर उत्तर पॉजिटिव न मिले तो लाइफस्टाल में बदलाव करें।

**सही नहीं तुलना करना:** हर बात में दूसरों से तुलना, धीरे-धीरे आत्मसम्मान को चोट पहुंचाती है। किसी की करियर की सफलता, किसी का खूबसूरत घर या सोशल स्टेटस देखकर इंफीरियर महसूस करने से आप बेवजह अपने को खुशी से दूर कर लेती हैं। सच यह है कि किसी की भी जिंदगी परफेक्ट नहीं होती। इसलिए दूसरों से तुलना करने से बचें।

**मानसिक स्वास्थ्य पर असर:** हालांकि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है। लेकिन खुले तौर पर अपनी परेशानियों को साझा करने में अब भी झिझक महसूस होती है। तनाव, चिंता, अकेलापन और अवसाद जैसे मनोभाव, किसी को भी प्रभावित कर सकते हैं, चाहे वह बाहरी रूप से कितनी भी खुश क्यों न दिखे। जब तक आप मेंटली हेल्दी नहीं होंगी, खुश नहीं रह सकती हैं।

**खुद के साथ समय बिताएं:** खुश रहना मन की एक अवस्था है। इस पाने की शुरुआत खुद को समय देने से होती है। इसके लिए सबसे पहले सुबह उठकर कुछ मिनट ध्यान या गहरी सांसें लें। हफ्ते में एक दिन सिर्फ अपने पसंदीदा काम के लिए रखें। नित्य प्रकृति के साथ समय बिताएं।

**सोशल मीडिया पॉजिटिव हैबिट्स:** सोशल मीडिया से पूरी तरह दूरी बनाना जरूरी नहीं, बल्कि इसे अपने लिए पॉजिटिव बनाने की आदत कारगर है। ऐसे पेज और अकाउंट फॉलो करें, जो प्रेरणा और सुकून देते हों, ऐसे लोगों को रोल मॉडल बनाएं, जिनकी कथनी और करनी में अंतर ना हो। सबसे जरूरी है कि सोशल मीडिया को यूज करने का समय सीमित करें।

**थोड़ा रिलैक्स होना भी है जरूरी:** मुस्कान सिर्फ होंठों पर नहीं, मन में भी होनी चाहिए। अगर आज आपको लगता है कि आप थक गई हैं, तो इसे स्वीकार करें और कुछ देर रिलैक्स जरूर करें। याद रखें, रुकना, सांस लेना और फिर से शुरू करना बिल्कुल ठीक है। इसलिए थकान महसूस होने पर रिलैक्स होना भी जरूरी है। इससे मन को ताजगी अहसास होता है। a

### बात करना और सुनना

**कभी-कभी** हमें लगता है कि हमारे पास कहने के लिए सही शब्द नहीं हैं या लोग हमें समझेंगे नहीं। लेकिन सच यह है कि सही लोगों से बातचीत आधी परेशानी हल कर देती है। दोस्त, परिवार या कोई भरोसेमंद सहकर्मी। किसी से भी अपनी बात कह देना, मन को हल्का कर सकता है। उतना ही जरूरी है, दूसरों को सुनना क्योंकि हो सकता है उनकी बातों में भी वही कहानी छुपी हो, जिससे आप खुद गुजर रही हों।





हेयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# अप्लाई करें हेयर परफ्यूम
## बालों से आएगी भीनी-भीनी खुशबू

हेयर परफ्यूम, बालों को सुगंधित करने के साथ फ्रेश लुक देने में भी मदद करते हैं। हेयर परफ्यूम रूखे, फ्रिजी और बेजान बालों पर असरदार साबित होता है। लेकिन इसे अप्लाई करने से पहले इसके बारे में जानना भी जरूरी है।

**हेयर परफ्यूम की खासियतें:** हेयर परफ्यूम का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। इसकी खुशबू आम परफ्यूम से हल्की होती है, इसका ज्यादा इस्तेमाल करना मुश्किल नहीं होता है। जिस तरह आप बॉडी परफ्यूम का इस्तेमाल करती हैं, ठीक उसी तरह बालों को खुशबूदार बनाने के लिए हेयर परफ्यूम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। ये बालों को अपनी खुशबू से महकाता और साथ-साथ बालों को मॉयश्चराइज भी करता है, जिससे बाल हेल्दी और तरोताजा नजर आते हैं। इनसे बाल और भी आकर्षक नजर आते हैं। हेयर परफ्यूम, बालों को सुंदर दिखाने के साथ ही लग्जरी टच जोड़ता है और आपको ताजगी महसूस करवाता है। कुछ लोग बॉडी परफ्यूम को ही बालों पर छिड़क लेते हैं, लेकिन उसमें अल्कोहल होता है, जो बालों को और ज्यादा रूखा और बेजान बना देता है। जबकि हेयर परफ्यूम में अल्कोहल की मात्रा बहुत कम होती है, इसलिए यह आपके बालों के लिए ज्यादा सुरक्षित है। यह आमतौर पर वाटर बेस्ड होता है, इसलिए यह आपके बालों को भारी नहीं बनाता है और न ही उन्हें रूखा या चिपचिपा बनाता है। हालांकि बाजार में ब्रांडेड हेयर स्प्रे भी मिलते हैं लेकिन आप चाहें तो घर पर हर्बल हेयर स्प्रे बना सकती हैं।



**रोज एसेंस हेयर परफ्यूम:** गुलाब की खुशबू का हेयर परफ्यूम बनाने के लिए 2 चम्मच गुलाब का तेल, 1 चम्मच जोजोबा ऑयल और 5 चम्मच गुलाब जल को एक स्प्रे बॉटल में डाल कर मिक्स करें। आपका होममेड गुलाब की खुशबू वाला हेयर परफ्यूम तैयार है। शादी समारोह या पार्टी में जाने से पहले इस हेयर परफ्यूम को बालों पर लगाएं।

**गुलाब जल और विच हेजल:** कांच के एक बर्तन में आधा चम्मच गुलाब जल और एक चम्मच विच हेजल (स्किन केयर में यूज किया जाने वाला एक पौधा) को अच्छी तरह मिला लें। अब इस मिश्रण में पांच बूंदें गुलाब के तेल की मिलाकर मिश्रण को स्प्रे बॉटल में डाल लें। यह हेयर परफ्यूम स्प्रे तैयार है।

**हेयर परफ्यूम ऐसे लगाएं:** सबसे पहले बॉटल को अपने बालों से लगभग छह से आठ इंच की दूरी पर रखें। इसके बाद, हल्का स्प्रे करें। ध्यान रहे कि यह बालों के बीचों-बीच और सिरों पर ज्यादा केंद्रित हो। जड़ों की बजाय बालों के बीच की लंबाई और सिरे पर ध्यान दें, ताकि परफ्यूम का समान वितरण हो सके। यह तरीका खुशबू को समान रूप से फैलाने में मदद करता है। a

हेल्थ सजेशन
डॉ. अश्वनी कानेटकर
होम्योपैथ कंसल्टेंट

कम तापमान, ठंडी हवाएं और प्रदूषण की वजह से कुछ लोग एलर्जी की समस्याओं से ग्रस्त हो जाते हैं। अगर ध्यान नहीं देंगी तो यह समस्या बढ़ भी सकती है। ऐसा आपके साथ ना हो, इसके लिए बचाव के उपाय अपनाना जरूरी है।

# सर्दी के मौसम में हो सकती है एलर्जी

बदलते मौसम में ही नहीं बहुत अधिक ठंड के दिनों में भी तरह-तरह की एलर्जी की समस्याएं हो सकती हैं। धूप ज्यादा न होने से हवा में नमी और रूखापन बढ़ने लगता है। ऐसे मौसम में कई बैक्टीरिया और फफूंदी पैदा होने लगते हैं, जो हमारी त्वचा, आंखों और सांस की नलियों में प्रवेश करके उन पर सीधा असर डालते हैं। परिणामस्वरूप कई तरह की एलर्जी के मामले सामने आने लगते हैं।

**एलर्जी के मुख्य कारण:** इन दिनों धूप की कमी की वजह से हवा में नमी बढ़ी हुई है। इसके अलावा कई शहरों, महानगरों में प्रदूषण का स्तर भी काफी बढ़ा हुआ है। कोहरा और प्रदूषण मिलकर शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित करते हैं। इस दौरान कई तरह के बैक्टीरिया, धूल के कण और प्रदूषक पदार्थ की वजह से एलर्जी की समस्या पैदा होती है।

**इन लक्षणों का रखें ध्यान:** एलर्जी के लक्षण सामान्य तौर पर सर्दी-जुकाम जैसे लग सकते हैं। लेकिन अगर ये लंबे समय तक बने रहें तो डॉक्टर से परामर्श करना जरूरी हो जाता है। किसी भी तरह की एलर्जी का सही ट्रीटमेंट न करने से शारीरिक समस्या और गंभीर हो सकती है। इसलिए यहां बताए जा रहे लक्षणों पर नजर रखें और डॉक्टर से कंसल्ट करने में देर ना करें।



**लगातार छींक आना:** हवा में मौजूद नमी, नाक और श्वास नलियों को प्रभावित करती है, जिससे कई लोगों को या तो लगातार छींके आने लगती हैं या फ्लू जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। बुखार भी आ सकता है। कुछ लोगों को ऐसे लक्षण केवल सुबह या शाम के समय दिखते हैं, जबकि दिन में तापमान बढ़ने पर ये लक्षण अपने आप रुक जाते हैं।

**आंखों में जलन:** इस मौसम में हवा में रूखापन बहुत बढ़ जाता है, जिससे कुछ लोगों में आंखों का लाल होना या आंखों में जलन और पानी निकलने जैसी समस्याएं दिखने लगती हैं।

**त्वचा पर रैशेज या ईचिंग:** कई बार इंड के मौसम में हवा में मौजूद फंगस त्वचा की समस्याओं को बढ़ा देते हैं, जिससे रैशेज और इचिंग की समस्या बढ़ती है। रूखी हवाओं की वजह से समस्या बढ़ती है। a

प्रस्तुतिः बुशरा फातिमा

### अपनाएं बचाव के उपाय

सर्दी के मौसम में होने वाली एलर्जी की समस्याओं से बचाव के लिए आप यहां बताए जा रहे उपाय आजमा सकती हैं।

- जब भी धूप निकले कुछ देर रोजाना धूप में जरूर बैठें। इससे कई तरह की एलर्जी से आपका बचाव होगा।
- पहनने वाले कपड़े और बिस्तर नम न हों इसका ध्यान रखें। जब भी धूप निकले इसे जरूर सुखाएं।
- अगर एलर्जी या इंफेक्शन की वजह से नाक और गले में दर्द हो रहा हो तो भाप लेना फायदेमंद होता है।
- अपनी इम्यूनिटी को बढ़ाने के लिए घर का बना काढ़ा जिसमें हल्दी, गिलोय, नीबू, तुलसी आदि शामिल हो, उसका नियमित सेवन करें। इससे आप कई तरह की एलर्जी से बची रहेंगी।
- विटामिन-सी युक्त फलों जैसे संतरा, नीबू, अमरूद आदि का अधिक सेवन करें।
- होम्योपैथी में कुछ दवाएं एलर्जी से बचाती हैं। आप इनका सेवन डॉक्टर के कंसल्टेशन से कर सकती हैं।



## ॥ कृष्ण की इच्छा के बिना तिनका भी नहीं हिलता। ॥

श्री चैतन्य चरितामृत – अंत्य-लीला



### भावपूर्ण स्मृति में

# अग्निवेश अग्रवाल

(3 जून 1976, पटना - 7 जनवरी 2026, न्यूयॉर्क)

अग्निवेश एक पावन आत्मा थे, जिन्हें **राधे-कृष्ण** ने **गोलोक वृंदावन धाम** में सेवा के लिए बुला लिया। वह निडर और साहसी थे, संगीत और खेल उन्हें बेहद प्रिय थे। वह प्रतिभाशाली व्यवसायी थे, और सबसे बढ़कर एक प्यारे बेटे, भाई और मित्र थे। वह हमेशा हमारे हृदय में जीवित रहेंगे।

"अग्निवेश, हम सारे वादे पूरे करेंगे।"

**आइए, हम एक साथ मिलकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करें :**

**दिनांक :** बुधवार, 14 जनवरी, 2026 | **समय :** शाम 5-7 बजे

**स्थान :** वाईबी चव्हाण सभागार, नरीमन पॉइंट, मुंबई

ऑनलाइन जुड़ें :

**प्रार्थना में :**

**अनिल एवं किरन अग्रवाल, प्रिया एवं आकर्ष हेब्बार, माही**

प्रवीण एवं ज्योति, नवीन एवं रुचिरा, सुमन एवं विमल,

प्रतीक एवं सोनाक्षी, अंकित एवं श्वेता, नैवेद्य एवं अनन्या, अनन्य एवं नितिका, विराज, साक्षी एवं वरुण,

सभी गुप्ता परिवारजन,

**उनके सभी मित्र और सहयोगी**

एवं संपूर्ण वेदांता परिवार।

vedanta
transforming for good

# आर्कटिक महासागर के 4 किमी नीचे मिली दूसरी दुनिया

वैज्ञानिकों ने आर्कटिक महासागर की जमा देने वाली गहराई में एक ऐसी दुनिया की खोज की है, जिसने सभी को हैरान कर दिया है। समुद्र से 4 किमी नीचे जीवन का एक अनोखी और भरपूर इकोसिस्टम मिला है।

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने आर्कटिक महासागर की गहराई में एक ऐसी छिपी दुनिया की खोजी है जो समुद्र के नीचे जीवन और जलवायु परिवर्तन को समझने का हमारा तरीका बदल सकता है। समुद्र की सतह से बहुत नीचे जहां सूरज की रोशनी नहीं पहुंचती और पानी जमा देने वाला ठंडा रहता है, वहां एक अनोखा इकोसिस्टम मिला है। यह खोज दुनिया भर के जलवायु विज्ञान को समझने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे पता चलेगा कि समुद्र के नीचे कार्बन और गैसें किस तरह काम करती हैं।

## वैज्ञानिकों ने गहराई में खोजा अनोखा इकोसिस्टम

### किसने की दूसरी दुनिया की खोज?

जूलियाना पैनीरी और जोनाथन टी. कॉपले के नेतृत्व में वैज्ञानिकों की एक टीम ने इस अनोखी दुनिया का पता लगाया है। वैज्ञानिकों ने समुद्र की गहराई में मीथेन हाइड्रेट की टीले मिले हैं, जिन्हें फ्रेया टीले नाम दिया गया है। ये टीले असल में मीथेन गैस, दूसरी गैसों के कच्चे तेल से बनी बर्फ जैसी जमी हुई संरचनाएं हैं। ये टीले आर्कटिक महासागर में ग्रीनलैंड महासागर में सतह से 4 किमी नीचे है।



### बिना सूरज के कैसा है जीवन?

समुद्र की इतनी गहराई में सूरज की रोशनी बिल्कुल नहीं पहुंचती। यहां रहने वाले पेड़-पौधों की तरह धूप से नहीं, बल्कि रसायनों से मिलने वाली ऊर्जा के सहारे जिंदा रहते हैं। वैज्ञानिकों ने गहराई में जाने के लिए ऑरोरा नाम की एक रोबोटिक मशीन का इस्तेमाल किया। समुद्र के तल पर मीथेन और तेल के जमे हुए टीले दिखे जो किसी शंकु की तरह दिखते थे। कुछ टीले तो 6 मीटर तक चौड़े थे और उनसे गैस निकल रही थी। वैज्ञानिकों ने पहली बार समुद्र की इतनी ज्यादा गहराई पर गैस का रिवास मिला है। इससे पहले ऐसी चीजें केवल 2,000 मीटर तक की गहराई पर देखी थीं लेकिन यह खोज उससे कहीं ज्यादा नीचे हुई है।

### वैज्ञानिकों को मिली हैरान करने वाली चीजें

वैज्ञानिकों को यहां जीवों की 20 से ज्यादा प्रजातियां मिली हैं। इनमें लंबी नली जैसे दिखने वाले कीड़े, घोंघे और झींगे जैसे कई जीव शामिल हैं। ये सभी जीव बिना किसी रोशनी और जमा देवे वाली ठंड से मजे से रह रहे हैं। जहां हम और आप खाने के लिए सूरज की रोशनी पर निर्भर पौधों का सहारा लेते हैं, जिसे कीमोसिंथेसिस कहते हैं। इन टीलों से निकलने वाली मुख्य गैस मीथेन है और इथेन और प्रोपेन जैसी गैसें भी मिली हैं। इसका मतलब है कि ये गैसें धरती की ऊपरी सतह से नहीं, बल्कि बहुत गहराई से निकल रही हैं।

## रोचक खबरें

### धरती का वो जन्नत, जहां मर्दों की एंट्री है बैन, सिर्फ महिलाओं का चलता है राज

**हेलसिंकी।** दुनिया में एक ऐसा आइलैंड भी है, जहां पुरुषों के कदम रखने की भी मनाही है। यहां केवल महिलाओं का राज चलता है। बाल्टिक सागर के बीचों-बीच स्थित और 8.4 एकड़ में फैला यह प्राइवेट आइलैंड किसी 'जन्नत' से कम नहीं है। आज की भागमभाग भरी जिंदगी में हर कोई सुकून के दो पल की तलाश में है, लेकिन क्या आपने किसी ऐसी जगह के बारे में सुना है, जहां पुरुषों का कदम रखना भी मना हो? फिनलैंड के तट पर स्थित सुपरशी नाम का एक आइलैंड इन दिनों इंटरनेट पर सनसनी बना हुआ है, जिसे दुनिया भर में 'महिलाओं का स्वर्ग' कहा जा रहा है। बाल्टिक सागर के बीचों-बीच स्थित 8.4 एकड़ में फैला यह प्राइवेट आइलैंड किसी जन्नत से कम नहीं है। इस आइलैंड पर महिलाओं को बिना किसी मेल अटेंशन या सामाजिक दबाव के खुद के साथ समय बिताने की आजादी मिलती थी। यहां घने जंगल, सुहावने चट्टानी तट, फिनिश सौना और बेहद आलीशान वुडन विला मौजूद हैं। वहीं, प्राइवेसी बनाए रखने के लिए यहां एक बार में केवल 8 महिलाओं को ही रुकने की इजाजत दी जाती थी। महिलाएं योग, मेडिटेशन, हेल्दी डाइट और समंदर किनारे वॉक के जरिए खुद को रीचार्ज करती थीं। सुपरशी आइलैंड की वेबसाइट के अनुसार, इस अनोखे आइलैंड को पूर्व अमेरिकी टेक सीईओ क्रिस्टीन रोथ ने 2018 में खरीदा था। वे एक ऐसी जगह चाहती थीं, जहां महिलाएं खुलकर हंस सकें, बिना मेकअप के रह सकें और अपनी क्षमताओं को पहचान सकें. उनका मानना था कि मेल अटेंशन की वजह से महिलाएं अपनी खूबसूरती या व्यवहार को लेकर सजग हो जाती हैं। हालांकि, साल 2023 में इस 'विमेन ओनली पैराडाइज' को एक पुरुष शिपिंग एक्जीक्यूटिव देयान मिहोव ने 1 मिलियन यूरो (यानी भारतीय मुद्रा में 10 करोड़ रुपए से अधिक) में खरीद लिया।



## खोज

# स्पेन में 40 हजार साल से बंद गुप्त कमरे का खुला दरवाजा

### अंदर का नजारा देख वैज्ञानिकों के छूटे पसीने

**मैड्रिड।** जिब्राल्टर की वैनगार्ड गुफा में वैज्ञानिकों को एक गुप्त कमरा मिला है। यह कमरा पिछले 40 हजार सालों से रेत के पीछे छिपा हुआ था इसलिए इसके अंदर सब कुछ वैसा ही सुरक्षित है जैसा पहले था। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस सीक्रेट कमरे में निएंडरथल रहते थे। पहले माना जाता था कि ये लोग बहुत पहले खत्म हो गए थे, लेकिन इस खोज से पता चलता है कि वे शायद उम्मीद से ज्यादा समय तक जिंदा रहे। यह गुफा उनकी रहने की जगह थी। जब दुनिया मुश्किल हालातों से गुजर रही थी, तब इन लोगों ने इस गुफा को अपना घर बनाया।



### गुफा के अंदर क्या-क्या मिला?

यह खोज केवल एक कमरे तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे पुराने इंसानों के रहन-सहन के कई बड़े राज खुले हैं। गुफा की खुदाई से पता चला है कि वे लोग बहुत दिमाग वाले थे और औजारों का इस्तेमाल करना जानते थे। गुफा के अंदर एक जंगली बिल्ली, लकड़बग्घे और गिद्धों जैसे जानवरों की हड्डियां मिली हैं। इतने सारे जानवरों की हड्डियां मिलना बहुत ही हैरान करने वाला है।

### गुफा के अंदर मिली चीजों से क्या पता चला?

वैज्ञानिकों को गुफा के अंदर एक समुद्री घोंघे का खोल मिला है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यह गुफा समुद्र से काफी दूर थी। इससे पता चलता है कि ये लोग समुद्र के किनारे से खाना ढूंढकर उसे गुफा तक लाना जानते थे। यह साबित करता है कि वे आज के ही इंसानों की तरह योजना बनाकर करते थे।

### इस खोज से क्या साबित होता है?

अभी तक वैज्ञानिकों का मानना था कि निएंडरथल इंसानों की प्रजाति लगभग 40,000 साल पहले ही खत्म हो गए थे और उनकी जगह हम जैसे आधुनिक इंसानों ने ले ली थी। लेकिन, गुफा में मिली चीजों से संकेत मिलता है कि ये लोग 40,000 साल के बाद भी यहां रह रहे थे। कुछ सबूत तो बताते हैं कि वे शायद 24,000 साल पहले तक भी जिंदा थे। इसका मतलब है कि वह हमारी सोच से बहुत ज्यादा समय तक धरती पर रहे।



# दुनिया का वो इकलौता गांव, जहां 60 साल से पैदा हो रहे हैं सिर्फ बौने



**बीजिंग।** दुनियाभर में कई ऐसी जगहें मौजूद हैं, जिनका रहस्य आज तक अनसुलझा है। इनमें से कोई जगह समुद्र के बीच है, जहां उड़ती हुई जहाज भी गायब हो जाती है, तो कोई जगह धरती पर है, जहां कई बार एलियंस के उड़न तश्तरी को देखे जाने का दावा किया जाता रहा है। इनमें से दुनिया के नक्शे पर कुछ ऐसी विचित्र जगहें भी मौजूद हैं, जहां का भूगोल और वहां रहने वाले लोगों का जीवन किसी काल्पनिक डरावनी फिल्म की पटकथा जैसा प्रतीत होता है। इन्ही में से एक है चीन के शिचुआन प्रांत का एक सुदूर और छोटा सा गांव 'यांग्सी', जिसे आज पूरी दुनिया 'सबसे शापित गांव या बौनों का गांव के नाम से जानती है। सुनकर हैरानी होगी, लेकिन बता दें कि यहां पिछले छह दशकों से कुदरत का एक ऐसा खौफनाक करिश्मा जारी है, जिसने शोधकर्ताओं की रातों की नींद उड़ा दी है।

इस गांव की सबसे अजीब बात यह है कि यहां रहने वाली 50 प्रतिशत से अधिक आबादी का कद मात्र 2 से 3 फीट के बीच सिमट कर रह गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, साल 1951 के बाद से इस गांव में बच्चों के शारीरिक विकास पर जैसे किसी ने रोक लगा दिया हो. जो बच्चे जन्म के समय पूरी तरह सामान्य, स्वस्थ और खिलखिलाते हुए पैदा होते हैं, वे जैसे ही 5 से 7 साल की उम्र के पड़ाव पर पहुंचते हैं, उनकी लंबाई बढ़ना अचानक बंद हो जाती है।

# प्राइड फैशन टूर 2025 का भव्य समापन



**गुरुग्राम।** भारत के तीन प्रमुख शहरों गुरुग्राम, जयपुर और कोलकाता में आयोजित प्राइड फैशन टूर 2025 का भव्य समापन हुआ। 'द वन एंड ओनली' थीम के तहत इस टूर ने इमर्सिव स्टोरीटेलिंग और अत्याधुनिक डिज़ाइन के ज़रिए फैशन को नया आयाम दिया। गुरुग्राम में फाल्गुनी और शेन पीकॉक के 'द फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन' शो में हाउट कुट्योर को ह्यूमनॉइड रोबोट्स और होलोग्राफिक तकनीक के साथ पेश किया गया, जिसमें शाहिद कपूर और तमन्ना भाटिया मौजूद रहे। जयपुर में नम्रता जोशीपुरा और अभिषेक पाटनी के 'हाई ऑक्टेन कुट्योर' शो ने मोटरस्पोर्ट से प्रेरित फैशन दिखाया, जहां हरनाज़ संधू और रफ्तार आकर्षण का केंद्र रहे। कोलकाता के ग्रैंड फिनाले में 'फ्यूचर इज़ क्राफ्टेड' थीम के तहत एके । ओके अनामिका खन्ना ने पारंपरिक क्राफ्ट को फ्यूचरिस्टिक टेलरिंग में ढाला, शोस्टॉपर रहे ईशान खट्टर। पर्नोड रिकार्ड इंडिया की सीएमओ देबश्री दासगुप्ता और एफडीसीआई चेयरमैन सुनील सेठी ने इस सहयोग को भारतीय फैशन के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। तीन शहरों में 2100 से अधिक विशिष्ट मेहमानों की मौजूदगी के साथ यह टूर फैशन, संस्कृति और नवाचार का प्रभावशाली मंच बनकर उभरा।

# मुंबई में 10 लाख महीना किराया! ट्रंप टावर्स का ये फ्लैट अंदर से दिखता है भव्य



**मुंबई।** मुंबई के वर्ली स्थित ट्रंप टावर्स का एक अल्ट्रा-लग्ज़री अपार्टमेंट इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। वजह है इस फ्लैट का 10 लाख रुपए महीना किराया, जिसे सुनते ही इंटरनेट पर लोगों की प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। कोई हैरान है, तो कोई मज़ाक उड़ाता नजर आ रहा है।

### 4.5 बीएचके फ्लैट ने खींचा ध्यान

यह वीडियो रियल एस्टेट कंटेंट क्रिएटर रवि केवालरामानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो में दिखाया गया फ्लैट ट्रंप टावर्स की ऊपरी मंज़िल पर स्थित है और इसका कार्पेट एरिया करीब 2,900 स्क्वायर फीट बताया जा रहा है।

### साइबेरिया की बर्फ में मिली 300 साल पुरानी डेड बॉडी

**नोवोसिबिर्स्क।** वैज्ञानिकों ने साइबेरिया में मिली एक बहुत ही पुरानी ममी की जांच की है। शरीर की बारीकी से जांच करने पर याकूत जनजाति के लोंगों के बारे में नई और गुप्त बातें पता चली हैं। इस खोज से यह समझ आया है कि ये लोग पुराने समय में कैसे रहते थे और उनका परिवार कैसा था। साइबेरिया के कड़ाके की ठंड वाले इलाकों में वैज्ञानिकों को कुछ पुरानी ममियां मिली हैं। ये शव याकूत नाम के लोगों के हैं और इनसे उनके पुराने जीवन के बारे में कई बड़ी बातें पता चली हैं। वैज्ञानिकों को 18वीं सदी की एक महिला का शव मिला है, जिसका शरीर बहुत ही अच्छी हालत में है। रूस के कब्दे और ईसाई धर्म के फैलाव के बाद भी इन लोगों ने अपनी पुरानी परंपराओं को नहीं छोड़ा। डीएनए टेस्ट से पता चला है कि इन लोगों का समाज बहुत ही मजबूत था और उन्होंने अपनी पुरानी संस्कृति को बचाए रखा।



## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते

**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

# लगातार हुई सूरज में उठ रही भयंकर लपटों की निगरानी: बनाया रिकॉर्ड

## पहली बार कैमरे में कैद हुआ कुछ ऐसा, जिसे देख कांप गए वैज्ञानिक

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने सूरज के एक खास हिस्से पर 94 दिनों तक नजर रखी और उसकी हर हलचल को रिकॉर्ड किया। इससे पहले कभी भी सूरज के किसे एक हिस्से को इतने लंबे समय तक लगातार नहीं देखा गया था। वैज्ञानिकों ने सूरज के जिस हिस्से को चुना वह बहुत ज्यादा एक्टिव था और वहां से लगातार सौर लहरें निकल रही थीं। इस खोज में अमेरिका की नासा और यूरोप की ईएसए ने अपने खास कैमरों और मशीनों का इस्तेमाल किया। इन 94 दिनों के दौरान वैज्ञानिकों ने देखा कि सूरज के तीन बार घूमने के बाद भी उस हिस्से में क्या-क्या बदलाव आए।

**वैज्ञानिकों ने जांच के दौरान क्या देखा :** आमतौर पर वैज्ञानिक सूरज के किसे एक हिस्से को केवल 2 हफ्तों तक ही देख पाते हैं क्योंकि सूरज के घूमने की वजह से वह हिस्सा हमारी नजरों से ओझल हो जाता है। लेकिन इस बार वैज्ञानिकों ने कमाल कर दिया और उन्होंने इस हिस्से नोओ 13664 को 16 अप्रैल को तब देखा जब वह पैदा हो रहा था। धरती से हम सिर्फ आधा हिस्सा ही देख पाते हैं, लेकिन इस बार मशीनों की मदद से सूरज के 3 बार घूमने तक नजर रखी गई।



### इस रिसर्च का क्या फायदा होगा?

एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स पत्रिका में छपी इस रिसर्च से वैज्ञानिकों को काफी जानकारी मिली है। वैज्ञानिकों को अब पता चल गया है कि सूरज के अंदर चुंबकीय शक्तियां कैसे बनती खत्म होती हैं। सूरज का मौजूदा चक्र 2026 के अंतर में अपने सबसे खतरनाक स्तर पर होगा और उस समय सूरज पर बहुत ज्यादा धमाके हो सकते हैं।

**रज का वह हिस्सा जिसने पृथ्वी पर मचाई थी खलबली:** इस हिस्से ने अपनी ताकत से धरती पर काफी हलचल पैदा की और फिर 18 जुलाई 2024 को यह धीरे-धीरे शांत होकर गायब हो गया। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इस हिस्से से जो जानकारी मिली है, उससे भविष्य में अंतरिक्ष के मौसम और धरती पर पड़ने वाले इसके असर को समझने में काफी मदद मिलेगी।

ज्योतिष

ज्योतिष - बाबा गुलशन बंगाली, प्रेम विवाह, वशीकरण, प्यार में धोखा, सौतन दुश्मन छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, गृहक्लेश, रूठो को मनाना, संतान प्राप्ति, गड़ायन, सभी समस्याओं का समाधान- 8535014597 (रायपुर/16/जन. 25)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सेक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

## शब्द पहेली - 6107



**बाएँ से दाएँ**

1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**

2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली- 6106 का हल



## सूडोकु नवताल- 6117

* ☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENGUPTA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## खबर संक्षेप



### कोहली पर अंकुश लगाना किसी भी गेंदबाज के लिए टेढ़ी खीर: जैमीसन

**वडोदरा।** विराट कोहली के प्रतिद्वंद्वी और साथी खिलाड़ी रह चुके न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर काइल जैमीसन इस भारतीय बल्लेबाज के कौशल को देख कर हैरान रह जाते हैं और उनका मानना है कि इस दिग्गज खिलाड़ी पर अंकुश लगाना किसी भी गेंदबाज के लिए टेढ़ी खीर होती है। कोहली रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में इस प्रारुप में रिकॉर्ड 54वां वनडे शतक बनाने के करीब थे, लेकिन जैमीसन ने उन्हें 93 रन पर आउट कर दिया। भारत ने यह मैच चार विकेट से जीता। जैमीसन ने कहा कि यह निर्धारित करना मुश्किल है कि यह भारतीय बल्लेबाज इस समय अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में है या नहीं। जैमीसन ने कहा, ' यह कहना मुश्किल है कि यह उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है या नहीं। वह लंबे समय से काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

### कोहली देते हैं अपने बल्ले से जवाब : अय्यर



**वडोदरा।** श्रेयस अय्यर ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि यह चैंपियन क्रिकेटर बरसों से अपने बल्ले से जवाब दे रहा है, जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के पहले मैच में खेली गई शानदार पारी शामिल है। अय्यर ने कहा ,'उनकी पारी के बारे में जितना भी बोलें, कम होगा। हम इतने सालों से देख रहे हैं और वह लगातार कर रहे हैं। जिस तरह से वह स्ट्राइक रोटेट करते हैं और गेंदबाजों की धुनाई करते हैं, वह अपने बल्ले से ही जवाब देते हैं।' अय्यर ने कहा,' श्रृंखला की शुरुआत जीत के साथ करके अच्छा लगा। टीम में काफी समय बाद लौटा हूं और बहुत अच्छा लग रहा है। सभी के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना शानदार अनुभव है।

### राष्ट्रीय ओलंपिक अकादमी अहमदाबाद में फिर शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने अहमदाबाद में राष्ट्रीय ओलंपिक अकादमी (एनओए) को 'औपचारिक रूप से फिर से शुरू करने' की घोषणा की, जिसकी कमान आईओए अध्यक्ष और पूर्व दिग्गज धाविका पीटी उषा संभालेंगी।

## विजय हजारे ट्रॉफी : मुंबई को 54 रन से करना पड़ा हार का सामना

# कर्नाटक लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में पड़िक्कल और नायर ने खेली तूफानी पारी

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

गत चैंपियन कर्नाटक ने वर्षाबाधित मैच में वीजेडी पद्धति के जरिए मुंबई को 54 रन से हराकर लगातार चौथी बार विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बना चुके देवदत्त पडिक्कल ने 95 गेंद में 11 चौकों की मदद से नाबाद 81 रन बनाए जबकि भारत के अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर ने 80 गेंद में नाबाद 74 रन बनाए, जिसमें 11 चौके शामिल थे। कर्नाटक ने जीत के लिए 255 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बारिश होने तक 33 ओवर में एक विकेट पर 187 रन बना लिए थे। उस समय वीजेडी प्रणाली से लक्ष्य 132 रन था और कर्नाटक 55 रन आगे था, जिससे उसे विजेता घोषित किया गया।



### सरफराज टूर्नामेंट से बाहर

इससे पहले मुंबई को करारा झटका लगा जब अभ्यास के दौरान ऊंगली में चोट के कारण उसके शीर्ष बल्लेबाज सरफराज खान (303 रन) टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उनकी गैर मौजूदगी में मुंबई आठ विकेट पर 254 रन ही बना सके। शम्स मुलानी ने 86 रन बनाए जबकि सिद्धेश लाड ने 38 रन का योगदान दिया। कर्नाटक के लिए विद्याधर पाटिल ने 42 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि अभिलाष शेट्टी और विद्वत कावेरप्पा ने दो-दो विकेट चटकाए।

## सौराष्ट्र सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश को हराया

**बेंगलुरु।** कप्तान हार्विक देसाई के नाबाद शतक से सौराष्ट्र ने उत्तर प्रदेश को वर्षा से बाधित मैच में वीजेडी पद्धति के तहत 17 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। उत्तर प्रदेश ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर आठ विकेट पर 310 रन बनाए। इसके जवाब में जब सौराष्ट्र ने 40.1 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बनाए थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा, जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया और सौराष्ट्र को वी जयदेवन (वीजेडी) पद्धति के तहत विजेता घोषित किया गया। सौराष्ट्र की ओर से कप्तान देसाई ने 116 गेंद में नाबाद 100 रन बनाए। उन्होंने प्रेरक मांकड़ (66 गेंद में 67 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 133 रन की पारी खेली। देसाई ने इसके बाद चिराग जानी (नाबाद 40, 31 गेंद) के साथ चौथे विकेट के लिए 76 रन की अटूट साझेदारी की। देसाई ने अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के मारे।

### अभिषेक और रिज्वी ने जड़े अर्धशतक

उत्तर प्रदेश के लिए अभिषेक गोस्वामी (88) और समीर रिज्वी (88) ने अर्धशतक जड़े। गोस्वामी ने अपनी पारी में 12 चौके मारे जबकि समीर ने 10 चौके और दो छक्के जड़े। समीर ने प्रशांत वीर (30) के साथ 50 जबकि गोस्वामी के साथ 45 रन की साझेदारी की। कप्तान रिंकू सिंह (13) ने हालांकि निराश किया। प्रियम गर्ग ने भी 35 रन का योगदान दिया। सौराष्ट्र की ओर से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज चेतन सकारिया ने 54 रन पर तीन विकेट चटकाए। अंकुर पंवार और प्रेरक मांकड़ ने दो-दो विकेट चटकाए।

## क्रिकेट

# न्यूजीलैंड वनडे सीरीज से बाहर वाशिंगटन, बडोनी की टीम में एंट्री



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर वडोदरा में खेले गए पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पसली में चोट लगने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने पांच ओवर में 27 रन दिए और न्यूजीलैंड की पारी के बीच में ही मैदान से बाहर चले गए।

इसके बाद वह क्षेत्ररक्षण के लिए मैदान पर नहीं उतरे। वह बाद में आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। भारत ने यह मैच चार विकेट से जीता। वाशिंगटन की जगह टीम में आयुष बदोनी को शामिल किया गया है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया, 'वाशिंगटन अपनी बायीं पसली के निचले हिस्से में तकलीफ होने के कारण श्रृंखला में आगे नहीं खेल पाएंगे।' वाशिंगटन चोटिल होने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पिछले हफ्ते साइड स्ट्रेन के कारण मौजूदा श्रृंखला से बाहर हो गए थे, जबकि तिलक वर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि उन्हें ग्रोइन की चोट के लिए सर्जरी करवानी पड़ी थी।

### बडोनी को किया वनडे टीम में शामिल

वाशिंगटन सुंदर को वनडे सीरीज के बाकी दो मैचों से बाहर कर दिया गया है और उनकी जगह टीम में आयुष बदोनी को शामिल किया गया है। आयुष बदोनी को पहली बार भारतीय वनडे टीम में शामिल किया गया है। आयुष बदोनी घरेलू स्तर पर दिल्ली के लिए खेलते हैं, जो दाहिने हाथ के बल्लेबाज हैं साथ ही वो दाहिने हाथ से ही स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं। आयुष ने अब तक 21 फर्स्ट क्लास मैचों में 1681 रन बनाए हैं, जिसमें 4 शतक शामिल हैं और इन मैचों में उन्होंने 22 विकेट भी लिए हैं। आयुष ने अब तक खेले 27 लिस्ट ए मैचों में 693 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक शामिल हैं और उनके नाम पर कुल 18 विकेट दर्ज हैं।

# श्रीलंका ने घरेलू मैदान में 14 साल बाद चखा जीत का स्वाद, पाक को दी मात

एजेंसी ▸▸| दांबुला

कप्तान दासुन शनाका की आतिशी पारी और स्पिनर वानिंदु हसरंगा की शानदार गेंदबाजी की मदद से श्रीलंका ने तीसरे औरअंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 14 रन से हराकर घरेलू मैदान पर जीत के 14 साल के सूखे को समाप्त करते हुए तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली।



बारिश से प्रभावित मैच में शनाका ने नौ गेंदों में 34 रन बनाने में पांच छक्के जड़े, जिससे श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद निर्धारित 12 ओवरों में छह विकेट पर 160 रन का मजबूत स्कोर खड़ा कर दिया। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने केवल 12 गेंदों में 45 रन की तूफानी पारी खेली, जिसके बाद श्रीलंका के तेज गेंदबाजों मथीशा पथिराना (34 रन देकर दो विकेट) और ईशान मलिंगा (27 रन देकर एक विकेट) ने आखिर में दो किफायती ओवर फेंके जबकि हसरंगा ने 35 रन देकर चार विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान की टीम आठ विकेट पर 146 रन ही बना पाई। श्रीलंका की पाकिस्तान के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 2012 के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह पहली जीत है। पाकिस्तान ने पहला टी20 मैच छह विकेट से जीता था, जिसके बाद दांबुला में दूसरा मैच बारिश के कारण बिना एक भी गेंद फेंके रद्द कर दिया गया था।

# बार्सिलोना ने फिर जीता स्पेनिश सुपर कप का खिताब

एजेंसी ▸▸| जेद्दा

राफिन्हा के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने सऊदी अरब में खेले गए स्पेनिश सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में रियल मैड्रिड को 3-2 से हराया। राफिन्हा का 73वें मिनट में किया गया विजयी गोल संयोगवश आया, जब शॉट मारते समय वह फिसल गए और गेंद मैड्रिड के डिफेंडर राउल असेंसियो से टकराकर गोलकीपर थिबाउट कर्टोइस को चकमा दे गई। फाइनल के पहले हाफ का अंत बेहद रोमांचक रहा, जब ब्रेक से पहले स्टॉपेज टाइम में तीन गोल हुए, जिनमें से दो रियल मैड्रिड ने और एक बार्सिलोना ने किया।




पिछले साल के फाइनल में भी बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 5-2 से हराया था, जिसमें राफिन्हा ने दो गोल किए थे। बार्सिलोना ने 16वां सुपर कप खिताब जीता, जो किसी भी अन्य क्लब से अधिक है। रियाल मैड्रिड 13 खिताब के साथ दूसरे स्थान पर है। घुटने की चोट के कारण मिनी-सुपर कप टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में नहीं खेल पाए काइलियन एमबाप्पे 76वें मिनट में मैदान पर उतरे, लेकिन रियल मैड्रिड को बराबरी दिलाने में नाकाम रहे। बार्सिलोना ने 36वें मिनट में राफिन्हा के शानदार गोल से बढ़त बनाई। उसके लिए रॉबर्ट लेवांडोस्की ने भी गोल किया। रियल मैड्रिड के लिए विनीसियस जूनियर और गोंजालो गार्सिया ने गोल किए।

## एएसबी क्लासिक

# भांबरी-गोरानसन की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची





एजेंसी ▸▸| ऑकलैंड

भारत के युकी भांबरी और स्वीडन के आंद्रे गोरानसन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एएसबी क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में सीधे सेटों में जीत हासिल करके पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भांबरी और गोरानसन ने पहले दौर के मैच में अजीत राय और जीन जूलियन रोजर की वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली जोड़ी को 6-3 6-2 से हराया। भांबरी और गोरानसन ने पूरे मुकाबले के दौरान शानदार तालमेल और नियंत्रण का प्रदर्शन किया।

### भांबरी-गोरानसन ने बनाया दबदबा

भांबरी और गोरानसन की जोड़ी ने अपनी सर्विस पर दबदबा बनाए रखा और महत्वपूर्ण ब्रेक प्वाइंट लेकर मैच को एक घंटे से कुछ अधिक समय में ही समाप्त कर दिया। इस तरह से उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले अपनी शानदार फॉर्म का भी सबूत पेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने मुकाबले में चार ब्रेक प्वाइंट में से तीन को बचाया और अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस को चार बार तोड़ा। यह टूर्नामेंट 18 जनवरी से शुरू होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण है।

# मुंबई इंडियंस को गुजरात जायंट्स से मिलेगी कड़ी टक्कर

एजेंसी ▸▸| नवी मुंबई

अभी तक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली गुजरात जायंट्स की टीम अपने बल्लेबाजों के अच्छे खेल के दम पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ मंगलवार 13 जून को होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मुकाबले में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। जायंट्स का बल्लेबाजी क्रम काफी मजबूत है, जिसकी बानगी उसके पहले दो मैच में देखने को मिली। इन दोनों मैच में उसने 200 से अधिक रन का स्कोर खड़ा करके जीत हासिल की। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रविवार को मिली जीत से उसका आत्मविश्वास बढ़ना तय है क्योंकि सोफी डिवाइन ने शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों में 95 रन की शानदार पारी खेली और इसके बाद उसके गेंदबाजों ने अपने बड़े स्कोर का अच्छी तरह से बचाव किया। कप्तान एशले गार्डनर ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और खुद उनके अनुसार वह डब्ल्यूपीएल के चौथे सत्र की इससे बेहतर शुरुआत की कल्पना नहीं कर सकती थीं।

### मुंबई इंडियंस बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध

मुंबई इंडियंस ने भी पहले मैच में हार के बाद अपने दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराया था और वह उसी तरह के प्रदर्शन को बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी। उसकी सबसे बड़ी मैच विजेता नैट साइवर ब्रंट शानदार फॉर्म में हैं, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 42 गेंदों में 74 रन बनाकर अच्छा प्रदर्शन किया। हरमनप्रीत ने कहा, 'मुझे बल्लेबाजी करने में बहुत मजा आ रहा है और इसका श्रेय मैं भारतीय टीम को देती हूं।

**पश्चिम मध्य रेल**

शुद्धिपत्र संख्या 50/2025

निविदा सं 20254515B जिसके खुलने की तिथि 29/01/2026 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/115/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए हैं

| Tender No. & short Description | Description | |
| --- | --- | --- |
| 20254515B Description- ब्रेक शू कम्पलीट | Delivery/ Competion | Rate of Supply |
| Description For all items | On or Before 30/09/2026 | 50% Qty. supply within 3 months and balance Qty. will be supply after 01/07/2026 to 30/09/2026 please. |

अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखें

हस्ता.
कृते प्रमुख मंख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर






## पुलिस अधिकारियों के मामले में कैट का महत्वपूर्ण आदेश

**मध्य प्रदेश पुलिस एसोसिएशन की याचिका**

# कैडर रिव्यू कोई औपचारिक या विवेकाधीन नहीं, अनिवार्य दायित्व है

हरिभूमि जबलपुर।



केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, कैट की सदस्य मालिनी अय्यर व सदस्य अखिल कुमार श्रीवास्तव की बेंच ने अपने महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि कैडर रिव्यू कोई औपचारिक या विवेकाधीन नहीं है। केंद्र और राज्य सरकार का अनिवार्य दायित्व है। इस दायित्व के निर्वहन में हुई देरी को प्रशासनिक उदासीनता व निषक्रियता के आधार पर उचित नहीं ठहराया जा सकता। ट्रिब्यूनल ने अपने आदेश में केंद्र सरकार और राज्य सरकार को अतिरिक्त कैडर रिव्यू की प्रक्रिया 120 दिन में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

याचिकाकर्ता मध्य प्रदेश पुलिस एसोसिएशन की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि भारतीय पुलिस सेवा (कैडर) नियमए 1954 के तहत प्रत्येक पाँच वर्ष में कैडर रिव्यू किया जाना अनिवार्य है। पिछले लगभग दो दशकों से उक्त प्रक्रिया में लगातार विलंब किया जा रहा है। इस देरी के कारण राज्य पुलिस सेवा के अनेक पात्र अधिकारी पदोन्नति व इंडक्शन के अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित हो रहे हैं। याचिका में कहा गया था कि यदि इसी प्रकार की देरी जारी रही तो कई अधिकारी 56 वर्ष की आयु सीमा पार कर जाएंगे और इंडक्शन का अवसर हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगा। आवेदन में रेखांकित किया गया था कि अन्य राज्यों की तुलना में मध्यप्रदेश के अधिकारी अत्यधिक पिछड़े हुए हैं, जिससे गंभीर असमानता उत्पन्न हुई है। कैट ने अपने आदेश में कहा है कि इस प्रकार की देरी से अधिकारियों के अनुच्छेद 14 एवं 16 के अंतर्गत प्राप्त समानता और पदोन्नति के मौलिक अधिकार प्रभावित होते है। ट्रिब्यूनल ने सरकारों की निषक्रियता को अधिकारियों के भविष्य से खिलवाड़ करार देते हुए राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के पक्ष में राहतकारी आदेश जारी किए।

## बंदी पर ब्लेड से हमला करने वाले को कारावास

जबलपुर। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ऋचा बठेजा की अदालत ने जेल बंदी पर ब्लेड से हमला करने के आरोपी अमन बिरहा का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ दो वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही एक हजार रुपये भी जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से एडीपीओ अजिता सिंह बैस ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस केंद्रीय कारागार जबलपुर के पश्चिमी खंड में 24 अगस्त 2018 को वार्ड क्रमांक-15 के बंदी राजा उर्फ आशीष सोनी को नहाते समय पीछे से पहुंचे बंदी अमन बिरहा ने ब्लेड के टुकड़े से हमला कर दिया था। जिससे बंदी राजा के चेहरे व हाथ में चोटें आई थीं। आरोपी बंदी को तत्काल ही जेल प्रहरियों ने धर दबोचा था और उसके पास से ब्लेड के टुकड़े जब्त किए थे। जेल प्रशासन की शिकायत पर सिविल लाईन थाने में आरोपी अमन बिरहा के विरुद्ध प्रकरण दर्ज हुआ था।

### हत्या के प्रयास का मामला : 5 माह से था फरार

## 5 हजार का ईनामी भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गिरफ्तार

**जबलपुर।** बरगी थाना अतंर्गत हत्या के एक प्रयास के मामलें में पिछले 5 माह से फरार ईनामी भारतीय जनता पार्टी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राकेश आर्मो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस मामलें में मंडल अध्यक्ष के साथियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

बरगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार घमापुर क्षेत्र निवासी शरद यादव का गत 17 अगस्त 2015 को जन्मदिन था, वह अपने साथी आशुतोष नाथ, अभिलाष चौधरी, विष्णु रजक, राहुल पाठक के साथ एसएसबी रिसोर्ट पहुंचकर पार्टी कर रहे थे। इस दौरान अभिलाष के घर से कॉल आया तो वह रिसोर्ट से बाहर आकर बात करने लगता है। थोड़ी देर बाद अभिलाष ने सिगरेट जलाई और पीने लगा। इस दौरान बरगी नगर निवासी अंकित पटेल साथी राजेंद्र पटेल ने सिगरेट मांगी, जिसपर अभिलाष ने मना कर दिया, इस बात को लेकर विवाद हो गया। अंकित पटेल, राजेंद्र पटेल, बाबू, संगम के साथ आए और सबने मिलकर चाकू व फरसा से हमला किया। पुलिस धारा 109 के तहत





राजेंद्र पटेल ने भाजयुमो के बरगी मंडल अध्यक्ष राकेश उर्फ गोलू आर्मो को कॉल कर मौके पर बुलाया। कुछ ही देर बाद भाजयुमो नेता अपने कुछ साथियों के साथ आया और राजेंद्र के इशारा करते ही फरसा से हमला करना शुरू कर दिया। इस दौरान भाजयुमो नेता राकेश उर्फ गोलू आर्मो और उसके साथी हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। राकेश उर्फ गोलू आर्मो को छोड़कर बाकी सब गिरफ्तार कर लिए गए थे। पिछले 5 महीनों से राकेश आर्मो फरार चल रहा था। उसकी गिरफतारी पर एसपी द्वारा पांच हजार रुपए का ईनाम भी घोषित किया था। जिसे सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।




## महर्षि महेश योगी पत्रकारिता सम्मान से नवाजे गए हरिभूमि जबलपुर के संपादकीय प्रभारी योगेश गुप्ता

हरिभूमि, जबलपुर।

नर्मदा की माटी के गौरव पुत्र महर्षि महेश योगी ने दुनिया के 200 देशों में भारतीय वैदिक संस्कृति और भावातीत ध्यान को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया। उपरोक्त विचार महर्षि महेश योगी की 109वीं जयंती पर 24वे महर्षि पत्रकारिता सम्मान समारोह में अतिथियों ने व्यक्त किये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अभिलाष पाण्डे ने पत्रकार अधिमान्यता प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। प्रारंभ में महर्षि संस्थान के संस्थापक जादूगर एस. के. निगम ने बताया कि अयोध्या में रामायण विश्वविद्यालय सहित 18 वैदिक विश्वविद्यालय पूरी दुनिया में चल रहे हैं। भारत रत्न संगीतकार पं. रविशंकर एवं पश्चिमी संगीत के युगपुरूष जार्ज हेरिसन द्वारा महर्षि जी की वाणी में 'ओम नमः शिवाय' नासा के माध्यम से अंतरिक्ष में प्रेषित किया गया जो 2000 वर्ष तक अंतरिक्ष में गुंजायमान रहेगा। अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति के प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, राजीव गुप्ता, मुन्ना गूजर ने किया। वहीं दुलदुल घोड़ी और कठपुतली नृत्य ने उपस्थित सभीजनों को आकर्षित किया। साथ ही राखी मजूमदार, सुनीता जायसवाल, विजय श्रीवास्तव, अमरजीत के भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र बाजपेई ने पत्रकारों के दायित्वों को रेखांकित किया। सभी सम्मानित पत्रकारों को आकर्षक आवार्ड, श्रीफल और शॉल से सम्मानित किया गया। 24 वे पत्रकारिता सम्मान समारोह में विप्लव अग्रवाल, उज्जवल शुक्ला, रमेश पाठक, नीरज मिश्रा, हरिभूमि से संपादकीय प्रभारी योगेश गुप्ता, शंकर विश्वकर्मा, फोटोग्राफर अमित सोनी, अविशंकर नगाईच, देवेन्द्र केशरवानी, अभिनाष चौरसिया, विकास तिवारी, विवेक दुबे, मनीष दुबे व इलेक्ट्रानिक मीडिया से डेविड, सुश्री आदर्श भाटिया को सम्मानित किया गया।

## बिना अनुमति प्लाट बेचने वाले चार कालोनाईजर पर मामला दर्ज

**जबलपुर।** शहर में अवैध कालोनियां तानकर प्लाटों का फर्जीवाड़ा कर आमजनों को चपत लगाने वाले कालोनाईजरों के खिलाफ प्रशासन लगातार सख्ती बरत रहा है। आधारताल थानान्तर्गत पनागर तहसीलदार के अलग-अलग प्रतिवेदनों के आधार पर चार अवैध कालोनाईजरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आधारताल पुलिस ने बताया कि पनागर तहसीलदार गौरव पाण्डे ने चार लिखित प्रतिवेदन प्रस्तुत किये थे जिसके आधार पर अवैध कालोनाईजरों कुंवर लाल पटेल, फूलसिंह, आशीष पटेल व मोहम्मद जिया उल हक के खिलाफ मध्यप्रदेश पंचायत राज्य एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 61 (घ ) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। बाईपास रोड खिरियाकला निवासी कुंवरलाल पटेल ने पनागर तहसील की पिपरिया बनियाखेड़ा ग्राम में 0.350 हेक्टेयर एवं 0.60 हेक्टेयर जमीन पर बिना प्रशासकीय स्वीकृति के 82 भूखंड तैयार कर उन्हें बेच दिया । इसी तरह फूलसिंह ने पनागर तहसील के पिपरिया बनियाखेड़ा ग्राम में बिना सक्षम स्वीकृति के 80 भूखंडों का विक्रय किया। कालोनाईजर आशीष पटेल ने भी बिना अनुमति अलग-अलग खसरों में दर्ज जमीन पर 40 भूखंडों की अवैध बिक्री की। एक अन्य कालोनाईजर जिया उल हक ने ग्राम खजरी में 0.43 हेक्टेयर जमीन पर 30 भूखंडों का बिना स्वीकृति विक्रय किया।

## जानवर को बचाने के चक्कर में पिकअप वाहन ने 3 को टक्कर मारी

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अतंर्गत बुढ़ागर चौराहा में जानवर बचाने के चक्कर में एक लोडिंग पिकअप वाहन ने तीन युवकों को टक्कर मार दी, जिससे तीनों घायल हो गए। तीनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ठक्करग्राम किलकारी गार्डन हनुमानताल निवासी 33 वर्षीय मोह.शकील गत शाम लगभग 7.30 बजे खलील चाचा, अजय कुशवाहा, जफर, शब्बीर के साथ बुढ़ागर चौराहा के पास आपस में बात कर रहे थे रात लगभग 8.30 बजे जबलपुर तरफ से आ रही लोडिंग पिकअप क्रमांक एमपी 20 जीबी 4924 के चालक ने तेज गति से चलाते हुये आया और रोड़ पर जानवर सामने आने व जानवर को बचाने के चक्कर में रोड पर चल रहे जफर, शब्बीर, अजय को टक्कर मार दी, जिससे तीनों को हाथ पैर, सिर एवं शरीर में चोटें आ गयीं। मोह.शकील और चाचा खलील ने तीनों घायलों को उपचार हेतु हेल्थ सिटी कटंगी वायपास अस्पताल में भर्ती कराया है।







### झड़प : छात्रावासी युवक और वकील भिड़े, तोड़फोड़

# साई यूथ हॉस्टल परिसर में देर रात बवाल

हरिभूमि जबलपुर।

बीती देर रात जबलपुर शहर के रानीताल स्टेडियम परिसर स्थित स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) यूथ हॉस्टल परिसर में हॉस्टल में रहने वाले छात्रों और क्रिकेट खेलने आए वकीलों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसने थोड़ी ही देर में बडा रूप ले लिया। आरोपित है कि विवाद के बीच बड़ी संख्या में कुछ युवक हॉकी और बेसबॉल जैसे हथियार लेकर हॉस्टल परिसर में घुस आए और जमकर तोड़फोड़ व मारपीट की। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस बल के साथ ही साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता मौके पर पहुंच गए थे। बाद में पुलिस ने मामलें में मारपीट और तोड़फोड़ की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

इस संबंध में यूथ हॉस्टल के मैनेजर परिहार से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार रात लगभग 10 से 11 बजे के बीच अचानक एक सौ से अधिक युवक हॉकी और बेसबॉल लेकर हॉस्टल में घुस आए। इस दौरान सबसे पहले उन्होंने मेन गेट का ताला तोड़ा, इसके बाद हॉस्टल के अंदर हर कमरे में घुसकर मारपीट की गई। मैनेजर के अनुसार करीब दो घंटे तक उत्पात मचाया गया, जिसमें वाटर कूलर, खिड़कियां, फर्नीचर और अन्य सामान क्षतिग्रस्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि





जो भी सामने आया, उसके साथ मारपीट की गई। मैनेजर ने यह भी आरोप लगाया कि युवकों के साथ कुछ वकीलों का समूह भी था, जिन्होंने तोड़फोड़ में भाग लिया।

वहीं, अधिवक्ताओं की ओर से बताया गया कि जिला अधिवक्ता संघ एवं हाईकोर्ट के संयुक्त तत्वावधान में रानीताल मैदान में क्रिकेट लीग मैच आयोजित किए जा रहे थे। रविवार रात मैच समाप्त होने के बाद जब वकील अंशुल पटेल स्टेडियम से बाहर निकल रहे थे, तभी शराब के नशे में धुत कुछ साई हॉस्टल छात्रों ने उनसे विवाद करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में दो वकीलों को चोटें आई हैं। यह भी आरोपित है कि अंशुल पटेल से 2 हजार रुपये छीने गए है। वकीलों का कहना है कि उनका सिर कार पर पटक कर मारा गया। सम्पूर्ण तिवारी ने कहा कि बाहर के युवकों को बुलाकर इस तरह की घटना होना हॉस्टल प्रबंधन की लापरवाही को दर्शाता है। हालांकि वकीलों पर लगे मारपीट के आरोपों को लेकर उन्होंने कहा कि उस समय स्थिति अत्यंत अव्यवस्थित थी और भीड़ में कौन शामिल था, इसकी स्पष्ट पहचान करना कठिन है, क्योंकि अधिकांश वकील उस दौरान लार्डगंज थाने में मौजूद थे।

खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता से मिला जानकारी के मुताबिक साई हॉस्टल के कुछ छात्रों और अधिवक्ताओं के बीच विवाद की पुष्टि हुई है। आरोपियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। कुछ लोगों की पहचान कर ली गई है जिनकी तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

युवा दिवस पर मॉडल हाई स्कूल में आयोजित किया गया सामूहिक सूर्य नमस्कार का जिला स्तरीय कार्यक्रम

## स्वामी विवेकानंद के सिद्धान्तों को अपनाकर सशक्त राष्ट्र के निर्माण में सहभागी बनें युवा: उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा





**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती "युवा दिवस" पर पंडित लज्जा शंकर झा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल में आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार के जिला स्तरीय कार्यक्रम में डेढ़ हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, डॉ अभिलाष पांडे एवं संतोष वरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोंटिया, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत भी शामिल हुये और विद्यार्थियों के साथ सूर्य नमस्कार और प्राणायाम किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने अपने संबोधन में युवाओं और विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद जी जयंती पर बधाई और शुभकामनाएं दी तथा उनके आदर्श एवं सिद्धांतों को अपनाकर शक्तिशाली राष्ट्र के निर्माण और भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल एक संत नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के चेतना पुरुष थे। स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और आने वाली पीढियों को हमेशा मार्गदर्शन देते रहेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने योग और सूर्य नमस्कार को व्यावहारिक जीवन में उतारने और दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की आवश्यकता बताये हुये कहा योग एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है जो मन को नियंत्रित कर सत्य तक पहुँचने में मदद करती है। इससे मन और शरीर स्वस्थ्य रहता है। योग के माध्यम से व्यक्ति अपने उच्चस्तर स्वरूप को पहचानता है और अपनी क्षमताओं का विकास करता है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने भारत और अमेरिका (शिकागो विश्व धर्म संसद) में योग का प्रचार किया और विश्व व्यापी बनाया। स्वामी विवेकानंद ने योग को शारीरिक व्यायाम ही नहीं बल्कि इसे सम्पूर्ण आध्यात्मिक विज्ञान माना है।

सामूहिक सूर्य नमस्कार के जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का सन्देश आकाशवाणी के माध्यम से प्रसारित किया गया। स्वामी विवेकानंद जी द्वारा शिकागो धर्म सम्मेलन में दिए गए भाषण का हिंदी अनुवाद भी कार्यक्रम में प्रसारित किया गया। सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम के प्रारम्भ में राष्ट्रगीत वन्देमातरम का रेडियो से प्रसारण किया गया। आकाशवाणी भोपाल से प्रसारित सन्देश के अनुरूप स्कूली बच्चों ने सूर्य नमस्कार के आसन किये साथ ही प्राणायाम भी किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान की प्रस्तुति से हुआ।




जबलपुर पहुंचे उपमुख्यमंत्री ने पत्रकारों को किया संबोधित

## दिग्विजय सिंह को नहीं लेता कोई गंभीरता से: जगदीश देवड़ा

**हरिभूमि, जबलपुर।**

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह ने प्रदेश में होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर दिए बयान पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि उनको कोई गंभीरता से नहीं लेता है, अब उनके बारे में क्या कहा जाए। दरअसल दिग्वजिय सिंह ने कहा था कि आरएसएस अपने शताब्दी वर्ष में हिंदू सम्मेलन करवा रही है। राज्य सरकार और मुख्यमंत्री की नाकामी से जिन 21 लोगों की मौत हुई वे भी हिंदू थे। उनकी मृत्यु पर संवेदनशीलता दिखाने के बजाय हिंदू सम्मेलन आयोजित कर कुछ लोग देश में फिर आग लगाना चाहते हैं। जबलपुर पहुंचे डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने भाजपा के संभागीय कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि मप्र में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट की तैयारी शुरू हो गई है। हाल ही में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में दिल्ली में सभी राज्यों के वित्त मंत्रियों की प्री-बजट बैठक हुई थी।पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि साल 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ के लिए केंद्र सरकार से बजट में 20,000 करोड़ रुपए के विशेष पैकेज की मांग की गई है। डिप्टी सीएम ने कहा कि सिंहस्थ पर्व पर देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु शिप्रा में स्नान कर भगवान महाकाल के दर्शन करते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से राज्य सरकार द्वारा उज्जैन एवं आसपास के क्षेत्रों में सड़क, घाट, पुल-पुलिया, यात्रियों के ठहरने के स्थल और चिकित्सालयों का निर्माण और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश के विकास के लिए बजट पर भी चर्चा की गई है। प्रदेश की जनता से मध्य प्रदेश के बजट को लेकर सुझाव मांगे गए हैं। बजट को लेकर सभी क्षेत्रों के लोगों को आमंत्रित कर संवाद भी किया गया। जिसमें प्रदेश के राजस्व को बढ़ाने, उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने और बजट में नए प्रावधान शामिल करने के लिए सुझाव लिए गए। जनता की ओर से अच्छे सुझाव प्राप्त हुए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि इन सुझावों का अध्ययन कर उन्हें आगामी बजट में शामिल किया जाएगा।

### पीड़ित किसानों पर होगी चर्चा

इस दौरान जिले के प्रभारी मंत्री देवड़ा ने कहा कि मुझे आपके माध्यम से पता चला है कि मूंग और उड़द के घोटाला में किसानों को संदिग्ध बताया गया है, मैं आज ही इस मामले की समीक्षा करूंगा। दरअसल ग्रीष्मकालीन मूंग उड़द उपार्जन में लगभग एमएलटी वेयर हाउस में हुई खरीदी में लगभग 18 सौ क्विंटल मूंग और उड़द का घोटाला हुआ है, जिसमें लगभग 67 किसानों का दो करोड़ रूपये के करीब फस गया है, हालांकि इस मामले में प्रशासन द्वारा एफआईआर कराई गई है, परंतु किसानों का पैसा नहीं निकला है।

### पेयजल के लिए सरकार गंभीर है

इंदौर में दूषित पानी पीने से लगातार हो रही मौतों पर वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि पेयजल को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सरकार को जो भी आवश्यक कदम उठाने होंगे, वह किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल का मामला अत्यंत गंभीर है और सरकार इसे पूरी गंभीरता से ले रही है। चाहे इंदौर हो, भोपाल हो या फिर जबलपुर। हम चाहते हैं कि प्रदेशभर में सभी लोगों को शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जाए। इंदौर में हुई घटना को वित्त मंत्री ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता ने जाम से स्थायी राहत की अपील की

## हाईकोर्ट के सामने फ्लाईओवर निर्माण की मांग तेज

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर के समक्ष प्रतिदिन लगने वाले भीषण यातायात जाम से निजात दिलाने हेतु फ्लाईओवर निर्माण की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष श्री राधेलाल गुप्ता द्वारा माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर, माननीय कलेक्टर महोदय, जिला जबलपुर, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल, माननीय श्री राकेश सिंह जी, लोक निर्माण मंत्री, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल एवं नगर निगम जबलपुर के माननीय आयुक्त को इस संबंध में औपचारिक पत्र सौंपा गया ।

पत्र में उल्लेख किया गया कि उच्च न्यायालय के सामने स्थित मुख्य मार्ग पर प्रातः लगभग 10 बजे से सायं 5 बजे तक घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। इस कारण आम नागरिकों, अधिवक्ताओं, वादकारियों, न्यायालयीन अधिकारियों, शासकीय कर्मचारियों एवं आपातकालीन सेवाओं को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि इस मार्ग से आवागमन लगभग असंभव हो जाता है।

पत्र में यह भी बताया गया कि हाईकोर्ट चौराहे से अंबेडकर चौराहे की ओर शहर की दिशा में जाने वाले यातायात के कारण जाम की समस्या और अधिक विकराल हो जाती है। वर्तमान सड़क संरचना बढ़ते यातायात भार को वहन करने में सक्षम नहीं है। यदि हाईकोर्ट चौराहे से अंबेडकर चौराहे के आगे तक फ्लाईओवर के माध्यम से निर्बाध यातायात की व्यवस्था की जाए, तो यातायात समस्या का स्थायी समाधान संभव है।

राज्य अधिवक्ता परिषद ने यह भी रेखांकित किया कि प्रदेश के कई प्रमुख शहरों में फ्लाईओवर निर्माण से यातायात व्यवस्था सुगम हुई है। ऐसे में प्रदेश की सर्वोच्च न्यायिक संस्था के समक्ष फ्लाईओवर एवं समुचित पार्किंग व्यवस्था का निर्माण जनहित एवं न्यायालय की गरिमा दोनों के लिए आवश्यक है।

परिषद द्वारा मांग की गई है कि संबंधित विभागों को शीघ्र आवश्यक निर्देश देकर फ्लाईओवर एवं पार्किंग व्यवस्था का निर्माण कराया जाए, ताकि जबलपुर शहर को जाम की समस्या से स्थायी राहत मिल सके ।



## रोटरी क्लब ने नव वर्ष समारोह और सेवा योजनाओं पर चर्चा की

**जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर एक्सीलेंस का कार्यक्रम अध्यक्ष अशोक साहू की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। सदस्यों ने नव वर्ष मनाया, स्वास्थ्य एवं जरूरतमंदों की सेवा योजनाओं पर चर्चा की और आगामी बजट तय किया। क्लब के 2026-27 प्रेसिडेंट शैलेंद्र जेठा का नाम अनुमोदित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक और अनुभूति बादशाह ने किया, बच्चों ने डांस प्रस्तुत किया।

मूंग, उड़द का भुगतान अटका

## नाराजगी : किसान अपनी उपज वापस उठायेंगे



**जबलपुर।** म.प्र. सरकार द्वारा ग्रीष्मकालीन फसल मूंग उड़द का उपार्जन सहकारी समिति बसेड़ी के माध्यम से एम एल टी वेयर हाउस मजीठा में किया गया था। जिसमें किसानों का करोड़ो रुपये का भुगतान प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अटकाया गया और किसानों को फर्जी बताने की चाल चली गई अधिकारियों समिति प्रभारी एवं वेयर हाउस संचालक द्वारा किस प्रकार किसानों के साथ धोखा किया। किसानों की ओर से अभयप्रताप सिंह, चंदन पटेल, मोनू सिंह, देवेंद्र ठाकुर, रामसिंह, बबलू ठाकुर, भगवान सिंह ने पत्रकारवार्ता में आरोप लगाया है कि मूंग उड़द की खरीदी बंद होने उपरांत वेयर हाउस की जांच में अतियमित्ता एवं कम माल पाये जाने के बाद कार्यवाई की गई जिसमें सैकड़ो किसानों का भुगतान रोक दिया गया जांच के उपरांत भी कुछ किसानों का भुगतान किया गया। कर्मचारियों पर किसानों के साथ धोखधड़ी एवं खरीदी में घोटाले पर एफआईआर दर्ज की गई और अधिकारियों को जांच सौपी गई जिन अधिकारियों को जांच सौपी उन्होने समिति प्रभारी वेयर हाउस संचालक एवं उपार्जन में शामिल उन्ही कर्मचारियों से मिलकर संदिग्ध किसानों की कथाकथित सूची बनाई गई। मांग की गई कि किसानों का लंबित भुगतान विना किसी हीला हवाली के सात दिवस के भीतर किया जाए अगर उक्त समय में नहीं किया गया तो हम सभी किसान जिस प्रकार अपनी फसल उपार्जन केन्द्र तक लेकर गए थे उसी प्रकार नियत तिथि को अपनी उपज वापिस उठाने आऐगे जिसकी जबाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

हाईकोर्ट ने अजा, अजजा व ओबीसी के लिए की पहल

## सिविल जज अभ्यर्थियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम की घोषणा

**हरिभूमि जबलपुर।**

मध्य प्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी ने सिविल जज, जूनियर डिवीजन (प्रवेश स्तर) परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों एवं अधिवक्ताओं (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य वर्ग) के लिए एक विशेष क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है।मप्र हाईकोर्ट के निर्देश व मार्गदर्शन में कार्यक्रम होगा।

### कार्यक्रम का उद्देश्य

कई अभ्यर्थियों के लिए उच्च गुणवत्ता की कोचिंग और विशेष संसाधनों तक पहुंच में आने वाली बाधाओं को ध्यान में रखते हुए, इस पहल का उद्देश्य लक्षित, गहन और व्यापक तैयारी प्रशिक्षण प्रदान करना है। यह कार्यक्रम चयन प्रक्रिया में



समावेशिता और समानता को बढ़ावा देकर एक वास्तविक प्रतिनिधित्वकारी न्यायपालिका सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण मार्ग है।

### मुख्य विशेषताएं

पाठ्यक्रम प्रशिक्षण में सिविल जज परीक्षा का पूरा पाठ्यक्रम शामिल है, जिसमें भारत का संविधान, सिविल प्रक्रिया संहिता, और नए आपराधिक कानून (भारतीय साक्ष्य अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता, और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता), साथ ही सामान्य अंग्रेजी और कंप्यूटर ज्ञान शामिल हैं।

### अवधि एवं समय-सारणी

कार्यक्रम लगभग दो माह (लगभग 110 सत्र) तक चलेगा, जिसकी शुरुआत जनवरी 2026 के तीसरे सप्ताह में होगी।

### शिक्षण का तरीका

सत्र आनलाइन (वर्चुअल) माध्यम से सप्ताह के कार्यदिवसों में शाम 4:00 बजे से 6:30 बजे तक आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिवक्ता अपनी सुविधा के अनुसार जुड़ सकते हैं।



## जबलपुर - रायपुर एक्सप्रेस का नाम "मूकमाटी एक्सप्रेस" हुआ

**जबलपुर।** सांसद आशीष दुबे ने बताया कि रेल मंत्रालय ने 12 जनवरी को जबलपुर - रायपुर एक्सप्रेस का नाम परमपूज्य आचार्य विद्यासागर की कृति "मूकमाटी" के नाम पर बदलने की अधिसूचना जारी की। सांसद दुबे ने कहा कि इस कदम से आचार्य विद्यासागर की पावन स्मृति हमेशा जीवित रहेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया और जबलपुर के नागरिकों को बधाई दी। रेल मंत्रालय ने निर्देश दिए हैं कि ट्रेन के समय या संरचना में कोई बदलाव नहीं होगा। संबंधित विभाग यात्रियों को नाम परिवर्तन की जानकारी एसएमएस और अन्य माध्यमों से देंगे। ट्रेन बुकिंग और फीडिंग सिस्टम में भी नया नाम दर्ज किया जाएगा।

## *राष्ट्रीय युवा दिवस पर यश स्कूल में हुआ सूर्य नमस्कार कार्यक्रम*

**जबलपुर।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल, आधारताल में विद्यार्थियों के लिए सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मिशन लाइफ, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में प्रोजेक्ट क्लैप के अंतर्गत संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में स्वस्थ



जीवनशैली, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। ललित कुमार मिश्रा, घनश्याम सोनी, डॉ. विजयकांत तिवारी और राहुल राजपूत के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार कर योग के महत्व को समझा। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है" संदेश को सार्थक किया। इस अवसर पर 30 स्काउट्स एवं गाइड्स ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

## *उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने रमनगरा 120 एम.एल.डी. वॉटर फिल्टर प्लांट की सराहना की*

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने जबलपुर प्रवास के दौरान रमनगरा स्थित 120 एम.एल.डी. वॉटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। उपमुख्यमंत्री ने प्लांट की स्वच्छता और प्रबंधन की तुलना घर जैसी स्वच्छता से की और इसे आदर्श मॉडल बताया। उन्होंने बताया कि जबलपुर की जल व्यवस्था और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्थाओं पर मुख्यमंत्री से चर्चा की जाएगी। महापौर जगत बहादुर 'अन्नू' ने जानकारी दी कि प्लांट में 500 किलोवाट के 5 पंप हैं,



जिनमें से 3 लगातार काम करते हैं और 2 आपातकालीन स्थिति के लिए रिजर्व में हैं। रमनगरा प्लांट से 28 उच्चस्तरीय टंकियों में पानी की आपूर्ति होती है, जिससे 36 वार्डों को शुद्ध जल मिल रहा है। उपमुख्यमंत्री ने प्लांट की प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया, जहां पानी की शुद्धता की लगातार जांच होती है। उन्होंने परीक्षण रिपोर्ट्स को संतोषजनक बताया। निरीक्षण के दौरान विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

हाईकोर्ट का निर्देश

## यूट्यूब और इंस्टाग्राम 48 घंटों के भीतर हटाएं कोर्ट की प्रोसिडिंग के आपत्तिजनक यूआरएल

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने रील, क्लिप और मीम्स के माध्यम से लाइव-स्ट्रीम की गई अदालती कार्यवाही के दुरुपयोग का आरोप लगाने वाली एक जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने संबंधित प्लेटफार्मों, यूट्यूब और इंस्टाग्राम को 48 घंटों के भीतर आपत्तिजनक यूआरएल को हटाने का निर्देश दिया।मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च को होगी। याचिकाकर्ता दमोह जिले के निवासी विजय बजाज ने याचिका में कहा कि इस तरह की सामग्री कानूनी बिरादरी को अपमानजनक और गलत तरीके से चित्रित करती है। तर्क दिया गया कि अदालती कार्यवाही की चयनात्मक



क्लिपिंग और सनसनीखेज प्रस्तुति न्यायिक प्रक्रिया की गरिमा कमजोर करती है। न्यायिक टिप्पणियों के संदर्भ को गलत तरीके से प्रस्तुत करती है। उन्होंने हाईकोर्ट के पूर्व फैसले का हवाला दिया, जिसमें अदालत ने पहले व्यक्तियों और संस्थाओं को अदालत की कार्यवाही, 2021 के लिए मध्य प्रदेश लाइव स्ट्रीमिंग और रिकॉर्डिंग नियमों के नियम 11 (बी) के अनुरूप, किसी भी रूप में अदालत की लाइव-स्ट्रीम सामग्री को संपादित करने, छेड़छाड़ करने या अवैध रूप से उपयोग करने से रोक दिया था। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि इन सुरक्षा उपायों के बावजूद, आपराधिक कार्यवाही के शॉर्ट वीडियो, क्लिपिंग और अन्य रिकॉर्डिंग पोस्ट किया जाना जारी है।नियमों का उल्लंघन करते हुए यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर इन्हें अपलोड किया जा रहा है। सुनवाई में, याचिकाकर्ता ने इंस्टाग्राम और यूट्यूब द्वारा होस्ट किए गए आपत्तिजनक यूआरएल की एक सूची प्रस्तुत की। इस पर ध्यान देते हुए, अदालत ने उक्त प्लेटफार्मों को आदेश के 48 घंटों के भीतर उक्त यूआरएल तक पहुंच को अवरुद्ध करने का निर्देश जारी किया।



## समयपूर्व जन्म नवजात मृत्यु का प्रमुख कारण: डॉ. जयदीप टैंक

**जबलपुर।** फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के प्रोजेक्ट अडहुना के तहत आयोजित कंटीन्यूइंग प्रोफेशनल डेवलपमेंट कार्यक्रम का सफल आयोजन जबलपुर स्थित होटल गुलजार टॉवर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा ने किया।

डॉ. जयदीप टैंक, प्रोजेक्ट डायरेक्टर अडहुना ने कहा कि समयपूर्व जन्म नवजात मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। इसे रोकने के लिए निरंतर प्रशिक्षण और प्रमाण-आधारित चिकित्सा पद्धतियों को जमीनी स्तर पर लागू करना आवश्यक है। कार्यक्रम में स्त्रीरोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों के नर्सिंग स्टाफ तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। इसमें प्रारंभिक पहचान, रोकथाम रणनीतियाँ, प्रभावी चिकित्सकीय हस्तक्षेप, प्रीटर्म लेबर प्रबंधन, प्रसवोत्तर देखभाल, नवजात पुनर्जीवन, थर्मल केयर, पोषण और रेफरल प्लानिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

# प्रभु नाम जप की नौका से ही पार होगा कलयुग का भवसागर

## श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज के प्रवचन

हरिभूमि, जबलपुर।

कलयुग रूपी अथाह भवसागर को पार करने के लिए यदि कोई एकमात्र सरल, सुलभ और प्रभावी साधन है, तो वह भगवान के नाम का जप और कीर्तन है। नाम-स्मरण की नौका पर सवार होकर ही जीव संसार के दुख, मोह, माया और विकारों से मुक्त होकर प्रभु चरणों तक पहुंच सकता है। यह विचार अनमोल आशियाना रोड, विजय नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान भागवत कथा प्रवक्ता, शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) विजय नगर के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने व्यासपीठ से व्यक्त किए।

शास्त्री जी महाराज ने कहा कि कलयुग में मनुष्य की आयु अल्प है, साधन सीमित हैं और मन चंचल है। ऐसे में कठिन तप, यज्ञ या दीर्घ साधनाओं के स्थान पर भगवान ने अपने नाम को ही सबसे बड़ा साधन बना दिया है।



### नाम से जीव का उद्धार

शास्त्री जी महाराज ने बताया कि वेद, पुराण, उपनिषद् और समस्त शास्त्रों में नाम जप और कीर्तन की महिमा का विस्तार से वर्णन मिलता है। श्रीमद् भागवत महापुराण, हरिवंश पुराण से लेकर श्रीरामचरितमानस तक सभी ग्रंथ इस बात की साक्षी हैं कि कलयुग में जीव का उद्धार केवल भगवान के नाम से ही संभव है।

### दैनिक जीवन में दे प्रमुख स्थान

कथावाचक ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपने दैनिक जीवन में प्रभु का नाम जप, कीर्तन और स्मरण को स्थान दें। उन्होंने कहा कि नाम जप न केवल मन को शुद्ध करता है, बल्कि अंतःकरण में वैराग्य, सद्भाव और भक्ति का संचार करता है। जब व्यक्ति भगवान के नाम में रम जाता है, तब उसके जीवन से कलह, तनाव और नकारात्मकता स्वतः दूर हो जाती है। नाम-स्मरण से ही कलयुग के दोषों का नाश होता है और जीव भगवत प्राप्ति तथा मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर होता है।

### भजनों और संकीर्तन में झूमे श्रद्धालु

कथा प्रारंभ होने से पूर्व देवी-देवताओं का विधिवत पूजन-अर्चन आचार्य अमित उपाध्याय एवं संजय उपाध्याय द्वारा संपन्न कराया गया। व्यासपीठ का पूजन श्रद्धालु अमित पटेल एवं अर्चना पटेल ने श्रद्धा भाव से किया। कथा के दौरान प्रस्तुत भजनों और संकीर्तन ने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। भजनों की सुमधुर प्रस्तुति शिवा विश्वकर्मा ने दी, जिस पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर ममता दुबे, उमाशंकर दुबे, ऊषा पटेल, जमना प्रसाद पटेल, नितिन, शिवम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने कथा श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया और भगवान के नाम जप को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# स्वामी विवेकानंद एवं महर्षि महेश योगी जयंती पर भाषण स्पर्धा



जबलपुर। स्वामी विवेकानंद एवं महर्षि महेश योगी की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा जिला स्तरीय भाषण स्पर्धा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शासकीय विज्ञान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शिखा सक्सेना रहीं तथा अध्यक्षता महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने की। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने महापुरुषों के जीवन, विचार, युवा शक्ति, आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर भाषण प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में गोल्डी सेवानी ने प्रथम, आरोही ने द्वितीय एवं श्री चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार कोमल कक्कड़ एवं युग को प्रदान किया गया। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन नवनीत श्रीवास्तव एवं डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव ने किया व आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक डॉ. संदीप माथुर ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, सुधीर खरे, विवेक खरे, गौरव श्रीवास्तव, सौरभ खरे, डॉ. सोनल खरे, शिखा श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

### 28वीं अंतर्राष्ट्रीय मेक्सिलोफेशियल सर्जरी कार्यशाला 5 से 8 फरवरी तक

जबलपुर।इंडियन एकेडमी ऑफ मेक्सिलोफेशियल सर्जरी के तत्वावधान में हितकारिणी डेंटल कॉलेज एवं जबलपुर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर द्वारा संयुक्त रूप से 28वीं अंतर्राष्ट्रीय मेक्सिलोफेशियल सर्जरी कार्यशाला का आयोजन आगामी 05 से 08 फरवरी तक किया जा रहा है। इस चार दिवसीय कार्यशाला में महाकोशल एवं आसपास के जिलों से आने वाले ऐसे मरीज जिनको चेहरे एवं जबड़ों से संबंधित जो व्याधियां हैं, उनका निदान एवं निःशुल्क उपचार हितकारिणी डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल और जबलपुर हॉस्पिटल के मेक्सिलोफेशियल सर्जरी डिपार्टमेंट द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ. राजेश धीरावाणी, डॉ. गुंजन दुबे, डॉ. संयोग पाठक, डॉ. अंकित शर्मा व डॉ. सुमित असरानी ने जानकारी दी कि इस सर्जरी कार्यशाला के अंतर्गत ऐसे मरीज जो मुख एवं जबड़ों की विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हैं उनका ऑपरेशन अमेरिका एवं देश के विभिन्न बड़े शहरों से पधारे सर्जन्स द्वारा आगामी 05 से 08 फरवरी तक किया जा सकेगा। इस अवसर पर हितकारिणी सभा की सभापति सुनयना पटेरिया, महामंत्री विश्वमोहन एवं जबलपुर हॉस्पिटल के डायरेक्टर प्रकाश धीरावाणी ने समस्त नागरिकों से अनुरोध किया है कि आपके घर, आसपास पड़ोस में या किसी के मुख विकृति के बारे में जानकारी मिलने पर उन्हें जबलपुर हॉस्पिटल के मेक्सिलोफेशियल सर्जरी एवं दंत विभाग में रजिस्ट्रेशन के लिए तुरंत भेजें ताकि मरीजों की जांच इत्यादि कर आगामी शिविर में उनकी सर्जरी हो सके। देश, विदेश से पधारने वाले विश्व विख्यात मेक्सिलोफेशियल सर्जन्स अपनी सेवाएं निःशुल्क देने तत्पर हैं।

# राष्ट्रमाता फातिमा शेख की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

जबलपुर। भारत की प्रथम मुस्लिम महिला शिक्षिका राष्ट्रमाता फातिमा शेख की जयंती 9 जनवरी 2026, शुक्रवार को मूलनिवासी जागृति अभियान के अंतर्गत हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन अमर शहीद राजा शंकर शाह–कुंवर रघुनाथ शाह प्रतिमा स्थल, रेलवे स्टेशन के पास किया गया, जहां वक्ताओं ने फातिमा शेख के शिक्षा एवं सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बैजनाथ कुशवाहा (प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा) तथा विशिष्ट अतिथि मनोज वाघमारे (प्रदेश उपाध्यक्ष, भारतीय बौद्ध महासभा) रहे। इस अवसर पर इंजी. एल.एन. डोंगरे, भरत कोरी, बंडू लांजेवार, आर.के. पात्रे, कैलाश आठनेरे, गया प्रसाद धुर्वे, पंकज पाटिल, रवि सावनकर, अरविंद कुशवाहा, बाल सिंह, सोनू समद, सीमा मलिक एवं बौद्धाचार्य संतोष मराठा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर शैल्बी अस्पताल में संवाद कार्यक्रम और निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

जबलपुर।

स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी एवं शैल्बी अस्पताल द्वारा संवाद कार्यक्रम और विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के विचारों को आम जनता तक पहुँचाना और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं मंगल श्लोक से हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. वाई.एम. दुबे (निदेशक, श्रीराम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स) और विशिष्ट अतिथि वेदप्रकाश शर्मा (पूर्व आयुक्त, नगर निगम) ने स्वामी विवेकानंद के साहस और निडरता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता प्रो. इंद्रजीत चव्हाण ने उनके जीवन और एकात्म विचारों को घर-घर तक पहुँचाने पर जोर दिया। डॉ. अखिलेश गुमास्ता की गरिमामयी उपस्थिति भी रही।



कार्यक्रम का संचालन सुश्री मानसी दुबे ने किया और क्रियान्वयन मोहन चक्रवैश्य ने संभाला। शैल्बी अस्पताल की टीम, डॉ. संदीप श्रीवास्तव एवं अंकित जैन की देखरेख में, कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी रही।

### विशाल हिन्दू सम्मेलन 18 को

जबलपुर। सनातन धर्म की गरिमा और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने हेतु विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 18 जनवरी की शाम 04 बजे कमला भवन तुलसी नगर जबलपुर में किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक सम्मेलन में सपरिवार उपस्थिति का अनुरोध आयोजन समिति ने किया है।

# ए.पी.एन. ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस में सूर्य नमस्कार का आयोजन




जबलपुर। ए.पी.एन. ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस के रूप में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समूह के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने कहा कि महापुरुषों का जीवन हमें जीवन जीने की सही दिशा दिखाता है। स्वामी विवेकानंद जी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है, जिन्होंने नागरिकों को अपने कर्तव्यों एवं अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधक तुलसी दास द्रविड, रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सोनल खरें, स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय कुमार वर्मा, करन खुराना एवं मनु श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में खेल शिक्षिका सिद्दिका उस्मानी, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट दिव्या पाराशर तथा योग शिक्षक रणविजय का सराहनीय योगदान रहा। मंच संचालन प्रेरणा पाण्डे एवं एनसीसी अंडर ऑफिसर अंशिका शिवहरे द्वारा किया गया।

# मेगा ट्रेड फेयर 2.0 का आज अंतिम दिन, व्यापारियों में भारी उत्साह



जबलपुर। होटल रॉयल ऑर्बिट में होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित मेगा ट्रेड फेयर 2.0 का आज मंगलवार, 13 जनवरी को अंतिम दिन है। यह ट्रेड फेयर सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक आम जनता एवं व्यापारियों के लिए खुला रहेगा। मेगा ट्रेड फेयर 2.0 में जबलपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए उद्योगपतियों, व्यापारियों, स्टार्ट-अप्स एवं सेवा प्रदाताओं द्वारा विभिन्न उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन किया गया है। इस फेयर में होटल, रेस्टोरेंट, फूड इंडस्ट्री, टेक्नोलॉजी, अकाउंटिंग सॉल्यूशंस, मशीनरी, डिजिटल सॉल्यूशंस एवं उपभोक्ता उत्पादों से जुड़े स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष बसंत घोड़ावत, सचिव तनप्रीत छाबड़ा, कोषाध्यक्ष विनीत गोकलानी एवं सभी पदाधिकारियों ने जबलपुर और आसपास के सभी उद्योगपतियों, व्यवसायियों एवं युवाओं से इस अंतिम दिन का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह ट्रेड फेयर व्यापार विस्तार, नए व्यावसायिक संपर्क और नवीन तकनीकों को समझने का एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है।आयोजकों के अनुसार, मेगा ट्रेड फेयर 2.0 को व्यापारिक समुदाय से अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और पहले ही दिनों में बड़ी संख्या में आगंतुकों की उपस्थिति दर्ज की गई। आयोजन से संबंधित जानकारी नितिन जैन द्वारा साझा की गई। मेगा ट्रेड फेयर 2.0 न केवल व्यापार को बढ़ावा देने का माध्यम बना है, बल्कि स्थानीय उद्यमिता और आर्थिक गतिविधियों को भी नई दिशा प्रदान कर रहा है। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष बसंत घोड़ावत, सचिव तनप्रीत छाबड़ा, कोषाध्यक्ष विनीत गोकलानी सहित एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने मेगा ट्रेड फेयर 2.0 में जबलपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के समस्त उद्योगपतियों, व्यवसायियों एवं व्यापारिक संस्थानों के प्रतिनिधियों से ट्रेड फेयर का लाभ लेने की अपील की है।

# पेयजल सप्लाई में सतर्कता एवं गुणवत्ता जांच अभियान प्रारंभ किया जाए, मांग



जबलपुर। बीते दिनों इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में नगर निगम इंदौर द्वारा दूषित पेयजल सप्लाई किये जाने के कारण फैले संक्रमण से करीब 20 लोगों की मौत एवं करीब एक हजार से अधिक लोगों के गंभीर रूप से बीमार होकर अस्पतालों में भर्ती होने का हृदय विदारक व दुःखद मामला खबरों की सुर्खियां बना हुआ है। इस सिलसिले में हम सभी आपको पहले से सतर्क करते हुए मांग करते हैं कि दूषित पेयजल के कारण इंदौर जैसी दुःखद घटना जबलपुर में भी ना हो इस हेतु नगर निगम द्वारा तत्काल पेयजल गुणवत्ता निरीक्षण एवं पानी की टंकियों की जांच, सफाई और पाइप लाइनों के दुरुस्तीकरण के साथ ही सतत व्यापक और बारीकी से निगरानी अभियान शुरु किया जाए। साथ ही किए गए सुधार कार्यों और पेयजल गुणवत्ता, शुद्धता आदि की स्पष्ट जानकारी मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक की जाए ताकि आम नागरिकों के मन में उत्पन्न हुई आशंका और भय का समाधान हो सके। इंदौर की घटना से सबक लेकर अब तक नगर निगम की सत्ता और प्रशासन द्वारा स्वयं संज्ञान लेते हुए जनहित में ये कदम उठा लेने थे? हम तत्काल कार्रवाई हेतु जनहित में एक्शन प्लान की मांग करते हैं। विषय की गंभीरता को देखते हुए पानी की गुणवत्ता रिपोर्ट जनहित में सार्वजनिक की जाए।

# वार्ड नंबर 4 में गंदगी का अंबार, बीमारी का खतरा



भेड़ाघाट। नगर परिषद भेड़ाघाट के वार्ड नंबर 4 में गंदगी फैली हुई है, जिससे वार्डवासियों में बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमित सफाई नहीं होने के कारण जगह-जगह कचरा जमा है। वार्ड पार्षद सजल तिवारी ने आरोप लगाया कि नगर परिषद अधिकारियों द्वारा वार्ड की सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समय रहते सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो वार्ड में गंभीर बीमारियां फैल सकती हैं। वार्डवासियों ने नगर परिषद से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित



मझौली। स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस के अवसर पर आज 12 जनवरी 2026 को शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझौली में शासन के निर्देशानुसार सुबह 9:00 से 10:30 बजे तक रेडियो के माध्यम से विधिवत कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 205 छात्र, 45 शिक्षक, जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह ठाकुर, योग शिक्षक ओम प्रकाश शर्मा, 4 अभिभावक एवं 12 पालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत सभी के लिए स्वल्पाहार व चाय की व्यवस्था की गई तथा बच्चों को बिस्किट वितरित किए गए। अतिथियों ने सूर्य नमस्कार के लाभ बताते हुए इसे प्रतिदिन करने की सलाह दी और स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य संगीता राय, प्रधानाध्यापक अजय कुमार रैकवार, राकेश कनौजिया, महेंद्र तिवारी, नितेश कुमार जैन सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# सांदीपनि विद्यालय में सृजन कार्यक्रम आयोजित



मझौली। सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझौली में सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न विषयों पर आधारित प्रोजेक्ट तैयार किए। विद्यार्थियों द्वारा 150 से अधिक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने सराहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह ठाकुर द्वारा सरस्वती पूजन के साथ किया गया। छात्राओं ने वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में एसबीआई लाइफ सिहोरा शाखा के ब्रांच मैनेजर विपिन गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में पालक एवं अभिभावक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सृजन कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में से 10 टॉप बच्चों को एसबीआई लाइफ द्वारा पुरस्कार देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य संगीता राय, प्रधानाध्यापक अजय कुमार रैकवार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर स्तरीय बैठक संपन्न

पनागर।

विकासखंड सिहोरा अंतर्गत ग्राम पंचायत भाटादोन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक घनश्याम रायपुरिया के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, बरेली सेक्टर क्रमांक–3 के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सेक्टर की समस्त ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की सहभागिता रही। बैठक के दौरान समिति रजिस्टर के संधारण, सूचना बैनर, कार्यप्रणाली तथा परिषद द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की गई। परिषद के निर्देशानुसार आदर्श ग्राम, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जन सूचना केंद्र, नर्सरी, नवांकुर सखी योजना, संस्कार केंद्र, गौशाला, जैविक कृषि एवं युवा दिवस के उपलक्ष्य में ज्ञानवर्धन कार्यक्रम तथा नशा मुक्ति रैली का आयोजन भी किया गया। नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि सौरभ पांडे द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सरपंच संघ अध्यक्ष कृष्ण कुमार दुबे, रुद्र प्रताप त्रिपाठी, अभय मिश्रा, नीलू बर्मन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने ग्राम विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।



### निधन

**श्री उमा शंकर अवस्थी–** ज्योति नगर गढ़ा निवासी श्री उमा शंकर अवस्थी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुषमा सतनामी–** कांचघर झंडा चौक निवासी श्री विवेक सतनामी की धर्मपत्नी श्रीमती सुषमा सतनामी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती दया सावलानी–** कटारिया थीम पार्क के पास बिलहरी निवासी श्री चेतनदास सावलानी की धर्मपत्नी श्रीमती दया सावलानी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंदा बाई चौधरी–** बड़ी मदार टेकरी शंकर चौक निवासी श्री डमरू लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा बाई चौधरी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती बदामी विश्वकर्मा–** इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री रामवचन विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती बदामी विश्वकर्मा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई निषाद–** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री रिक्खी लाल निषाद की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई निषाद (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुक्कू लाल–** रानी दुर्गावती नगर फेस 1, तिलहरी निवासी श्री सुक्कू लाल (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुखदेव प्रसाद चौधरी–** भरतीपुर निवासी श्री सुखदेव प्रसाद चौधरी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राधा शेष मोढ़–** नव आदर्श कॉलोनी गढ़ा निवासी श्री शेष शंकर मोढ़ की धर्मपत्नी श्रीमती राधा शेष मोढ़ (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय राजपूत–** फूटाताल निवासी श्री छोटे सिंह राजपूत के पुत्र श्री अजय राजपूत का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भूरा कोल–** कुठला थाना के पास कटनी निवासी श्री राम सिजावन कोल के पुत्र भूरा कोल (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीनदयाल चौधरी–** छुई खदान श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री दीनदयाल चौधरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती वीना सिंह चौहान–** जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री जीएस चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती वीना सिंह चौहान (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पुष्पा ठाकुर–** विजय नगर सनातन चौक के पास निवासी श्री आरएस ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा ठाकुर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मनोज यादव–** रामपुर यादव मोहल्ला निवासी श्री मनोज यादव (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बाबादीन जाटव–** रतन नगर इंद्रा बस्ती गुप्तेश्वर निवासी श्री बाबादीन जाटव (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सुनील कुमार तामिया–** दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री सुनील कुमार तामिया (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रंजना केवट–** रामपुर पटेल मोहल्ला निवासी श्री राजेश केवट की धर्मपत्नी श्रीमती रंजना केवट (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सुनील कोरी–** गोहलपुर गुरूद्वारा के पास निवासी श्री विजय कोरी के पुत्र श्री सुनील कोरी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेश चंद्र यादव–** कजरवारा निवासी श्री महेश चंद्र यादव (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती मानवती शुक्ला–** अम्बेडकर कॉलोनीअधारताल निवासी श्री सुदर्शन प्रसाद शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती मानवती शुक्ला (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
जिवस साइज:- 12x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
जिवस साइज:- 12x8 से.मी. रंगीन 900/-
जिवस साइज 12x12 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

## खबर संक्षेप



### रुपया डॉलर के मुकाबले बढ़कर 90.16 पर बंद

**मुंबई।** रुपया सोमवार को निचले स्तर से उबरते हुए अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे की बढ़त के साथ 90.16 (अनंतिम) पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में कमी से रुपया लाभ में रहा। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों ने कहा कि भारत में अमेरिका के नए दूत सर्जियो गोर के उस बयान के बाद शेयर बाजार की धारणा में भी सुधार हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों पक्ष व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

### अदाणी समूह कच्छ में करेगा 1.5 लाख करोड़ रुपए निवेश



**अहमदाबाद।** अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड (एपीएसईजेड) के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने कहा कि अदाणी समूह अगले पांच वर्षों में गुजरात के कच्छ क्षेत्र में 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा। करण अदाणी राजकोट में कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्रों के लिए आयोजित 'वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन' (वीजीआरसी) को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी और कई प्रमुख उद्योगति मौजूद थे।

### एचसीएल टेक के लाभ में 11 प्रतिशत की गिरावट



**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी एचसीएल टेक का चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 11.2 प्रतिशत गिरकर 4,076 करोड़ रुपये रहा। एचसीएल ने सोमवार को शेयर बाजार को अक्टूबर-दिसंबर, 2025 तिमाही के इस वित्तीय नतीजे की सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में उसने 4,591 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ (कंपनी के मालिकों के लिए देय) दर्ज किया था। हालांकि आलोच्य तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व 13.3 प्रतिशत बढ़कर 33,872 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 29,890 करोड़ रुपये था।

### सिग्नेचर ग्लोबल की बिक्री बुकिंग 27 प्रतिशत घटी



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने बताया कि घरों की मांग के लिए प्रमुख त्योहारी सत्र होने के बावजूद दिसंबर तिमाही में उसकी बिक्री बुकिंग 27 प्रतिशत घटकर 2,020 करोड़ रुपये रह गई। गुरुग्राम स्थित इस कंपनी ने पिछले साल की समान अवधि में 2,770 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची थीं। सिग्नेचर ग्लोबल ने शेयर बाजार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसने 408 इकाइयां बेची थीं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 1,518 इकाइयों की बिक्री हुई थी।

### बारट्रॉनिक्स इंडिया लेगी एवाईओयू में हिस्सेदारी



**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी बारट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड कृषि-वाणिज्य मंच 'एवाईओयू' में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे एवाईओयू में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए निदेशक मंडल से रणनीतिक मंजूरी मिल गई है। बेंगलुरू स्थिति एवाईओयू का संचालन समुद्री खाद्य उत्पादों के प्रसंस्करण से जुड़ी कंपनी श्री नागा नरसिम्हा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाता है। हैदराबाद की बारट्रॉनिक्स ने 51 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए किए गए निवेश के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

# चांदी में 'सुनामी': एक दिन में 15,000 का उछाल, गोल्ड ने भी मचाया बवाल

**नई दिल्ली।** सिर्फ देश के वायदा बाजार में ही नहीं बल्कि चांदी की सुनामी दिल्ली के सराफा बाजार में भी देखने को मिल रही है। खास बात तो ये है कि चांदी की कीमतों में एमसीएक्स के मुकाबले में दिल्ली सराफा बाजार में ज्यादा तेजी देखने को मिली है। वहीं दूसरी ओर गोल्ड की कीमतों ने भी बवाल मचा हुआ है। जिसकी वजह से दोनों कीमती मेटल्स दिल्ली सराफा बाजार में रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गए हैं। सोमवार को देश की राजधानी दिल्ली में चांदी की कीमतों में 15,000 रुपए की तीव्र वृद्धि दर्ज की गई और यह 2,65,000 रुपए प्रति किलोग्राम के लाइफटाइम हाई पर पहुंच गई।

### वैश्विक बाजार में भी सराफा तेज

इसके अलावा, 99.9 फीसदी प्योरिटी वाला गोल्ड 2,900 रुपए या 2.05 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1,44,600 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। शुक्रवार को यह 1,41,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोने की कीमत पहली बार 4,600 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार कर गई।

### चांदी 2,65,000 रुपए प्रति किलोग्राम के लाइफटाइम हाई पर पहुंच गई



### सोने ने 4,600 डॉलर प्रति औंस का स्तर छुआ

लेमन मार्केट्स डेस्क के रिसर्च एनालिस्ट गौरव गर्ग ने कहा, "सोने ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए 4,600 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस का स्तर छू लिया है, जबकि चांदी में और भी तेज उछाल आया है और यह 84 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गई है, जो जोखिम-संवेदनशील वातावरण में इसकी उच्च बीटा को दर्शाता है।" अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में स्पॉट चांदी 4.3 अमेरिकी डॉलर या लगभग 6 प्रतिशत बढ़कर 84.61 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

### क्यों आई सोने और चांदी में तेजी?

ऑगमोंट की रिसर्च हेड रेनिशा चैनानी ने कहा कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और इस बढ़ती उम्मीद के चलते कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व को ब्याज दरों में और कटौती करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, चांदी ने 84 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस को पार करते हुए नए रिकॉर्ड उच्च स्तर को छू लिया है।

### एमसीएक्स पर भी सोना-चांदी ने बनाया रिकॉर्ड?

देश के वायदा बाजार मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने और चांदी दोनों की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। खास बात तो ये है कि दोनों के दाम नए लेवल पर पहुंच गए हैं। आंकड़ों को देखें तो चांदी के दाम कारोबारी सत्र के दौरान 12,756 रुपए की तेजी के साथ 2,65,481 रुपए के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गई है। वैसे शाम 6 बजकर 30 मिनट पर चांदी की कीमत करीब 12 हजार रुपए की तेजी के साथ 2,64,700 रुपए पर कारोबार कर रही है।

## खुदरा महंगाई बढ़कर तीन महीने के हाई 1.33 फीसदी पर पहुंची

# आम आदमी पर पड़ी क्रीम, शैंपू, सब्जी और दाल की मार, 3 महीने की ऊंचाई पर पहुंची महंगाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भले ही जीएसटी रिफॉर्म के बाद काफी प्रोडक्ट्स की कीमतों में गिरावट देखने को मिली हो और महंगाई के आंकड़ों में कमी आई हो, लेकिन दिसंबर के महीने में रिटेल महंगाई 3 महीने के हाई पर पहुंच गई है। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स यानी शैंपू, क्रीम, नहाने का साबुन और बाकी प्रोडक्ट्स की कीमतों में इजाफा होने से रिटेल महंगाई में इजाफा देखने को मिला है।

**दूसरी और सब्जियों, मीट व फिश की डिमांड ने महंगाई बढ़ाई**

वहीं दूसरी ओर सब्जियों की कीमतों में तेजी और सर्दियों में मीट और फिश की बढ़ती डिमांड की वजह से कीमतों में आई तेजी ने भी रिटेल महंगाई को बढ़ाने में अहम योगदान दिया है।

### नवंबर में खुदरा महंगाई 0.71 प्रतिशत पर थी

### महंगाई चार फीसदी पर बनी रही

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि दिसंबर 2025 के दौरान प्रमुख महंगाई और फूड इंफ्लेशन में वृद्धि मुख्य रूप से पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स और प्रभाव, सब्जियों, मांस और मछली, अंडे, मसालों तथा दालों एवं उनके उत्पादों की मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण हुई है। दिसंबर में खुदरा मुद्रास्फीति लगातार चौथे महीने भारतीय रिजर्व बैंक की निचली संतोषजनक सीमा से नीचे रही।



### शहरी महंगाई

शहरी क्षेत्र की खाद्य महंगाई नवंबर 2025 के 1.40 फीसदी से बढ़कर दिसंबर 2025 में 2.03 फीसदी (अस्थायी) हो गई। खाद्य महंगाई में भी वृद्धि देखी गई है, जो नवंबर 2025 में -3.60 फीसदी से बढ़कर दिसंबर 2025 में -2.09% (अस्थायी) हो गई है।

### महंगाई को लेकर प्रमुख आंकड़े

रिटेल महंगाईः सीपीआई पर आधारित दिसंबर 2025 के लिए दिसंबर 2024 की तुलना में सालाना महंगाई दर 1.33 फीसदी देखने को मिली। नवंबर 2025 की तुलना में दिसंबर 2025 की रिटेल महंगाई में 62 बेसिस प्वाइंट्स की वृद्धि हुई है।

**खाद्य महंगाईः** सीएफपीआई पर आधारित दिसंबर 2025 के लिए दिसंबर 2024 की तुलना में सालाना फूड इंफ्लेशन -2.71 फीसदी (अस्थायी) है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से संबंधित महंगाई दर क्रमशः -3.08 फीसदी और -2.09 फीसदी हैं। नवंबर 2025 की तुलना में दिसंबर 2025 में फूड इंफ्लेशन में 120 आधार अंकों की वृद्धि देखी गई है। दिसंबर 2025 के महीने के दौरान रिटेल महंगाई और फूड महंगाई में वृद्धि मुख्य रूप से पर्सनल केयर और सामान, सब्जियों, मांस और मछली, अंडे, मसालों और दालों और प्रोडक्ट्स की महंगााई में वृद्धि के कारण हुई है।

**ग्रामीण महंगाईः** दिसंबर 2025 में ग्रामीण क्षेत्र में रिटेल महंगाई और खाद्य महंगाई में वृद्धि देखी गई। दिसंबर 2025 में खाद्य महंगाई 0.76% (अस्थायी) रही, जबकि नवंबर 2025 में यह 0.10 फीसदी थी। सीएफपीआई आधारित खाद्य महंगाई दिसंबर 2025 में -3.08% (अस्थायी) रही, जबकि नवंबर 2025 में यह -4.05 फीसदी थी।

### इन पांच राज्यों में बढ़ी सबसे ज्यादा महंगाई

अगर बात राज्यों की करें तो सबसे ज्यादा महंगाई केरल में बढ़ती हुई दिखाई दी है। आंकड़ों को देखें तो केरल में रिटेल महंगाई 9.49 फीसदी देखने को मिली है। उसके बाद कर्नाटक में महंगाई 2.99 फीसदी रही, जो अभी भी आरबीआई के 4 फीसदी के लोअर बैंड से नीचे है। आंध्र प्रदेश में महंगाई का आंकड़ा 2.71 फीसदी देखने को मिला। जबकि तमिलनाडु में 2.67 फीसदी और जम्मू-कश्मीर में महंगाई का आंकड़ा 2.26 फीसदी देखने को मिला है।

# बैंकों का ऋण एवं जमा अनुपात बढ़कर 82 प्रतिशत पर पहुंचा

## एसबीआई के एक शोध रिपोर्ट में जानकारी दी गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अर्थव्यवस्था के बढ़ते वित्तीयकरण के साथ देश का ऋण एवं जमा अनुपात लगातार बढ़ रहा है और यह वित्त वर्ष 2000-01 के 53 प्रतिशत से बढ़कर 15 दिसंबर, 2025 तक 82 प्रतिशत पर पहुंच गया। सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक शोध रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, ऋण एवं जमा (सीडी) अनुपात में यह सुधार बेहतर वित्तीय विकास को दर्शाता है और मजबूत आर्थिक वृद्धि का संकेत देता है। रिपोर्ट कहती है कि वृद्धिशील सीडी अनुपात के आंकड़े कई बार 100 प्रतिशत से ऊपर चले गए हैं, जो जमा वृद्धि अपेक्षाकृत कमजोर रहने के बावजूद ऋण की बढ़ती मांग को दर्शाते हैं। बैंकों ने अन्य स्रोतों से संसाधन जुटाकर ऋण की इस मांग को पूरा किया। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, कोविड महामारी के बाद भारतीय बैंकों के बहीखातों में मजबूत सुधार देखने को मिला है।



### जमा व ऋण में कई गुना वृद्धि हुई

रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले दो दशकों में जमा एवं ऋण में कई गुना वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2004-05 से 2024-25 के दौरान जमा 18.4 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 241.5 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि ऋण 11.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 191.2 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर नई उम्मीद

# शेयर बाजार ने पांच दिनों की गिरावट का सिलसिला तोड़ा, सेंसेक्स 302 अंक मजबूत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पिछले पांच कारोबारी सत्रों में भारी गिरावट के बाद सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स में 302 अंक की तेजी रही जबकि एनएसई निफ्टी 107 अंक चढ़ गया। कारोबारियों ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर नई उम्मीद जगने और ऊर्जा, बैंकिंग एवं धातु शेयरों में निचले स्तरों पर खरीदारी आने से बाजार को सहारा मिला। हालांकि भू-राजनीतिक तनाव और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने तेजी को सीमित रखा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स भारी उतार-चढ़ाव के बाद 301.93 अंक चढ़कर 83,878.17 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में एक समय यह 715.17 अंक गिरकर 82,861.07 अंक तक फिसल गया था लेकिन बाद में यह संभला और बढ़त लेने में सफल रहा। वहीं, निफ्टी 106.95 अंक की बढ़त के साथ 25,790.25 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। इसके उलट, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्सन एंड टुब्रो और एचडीएफसी बैंक के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /"बाजार की धारणा पर वैश्विक एवं द्विपक्षीय घटनाक्रम का मिला-जुला असर देखने को मिला। शुरुआती कारोबार में मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव के चलते सतर्कता हावी रही लेकिन भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर प्रगति की खबर आने से बाजार की मनोदशा में सुधार देखा गया।/"

**सार्वजनिक सूचना**
सभी ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि
**हैथवे डिजिटल लिमिटेड**
(डिजिटल केबल टीवी)
का हमारा टोल फ्री नंबर 20 जनवरी 2026 से बदल दिया जाएगा।
नया ग्राहक सेवा नंबरः
**1800 891 2490**
hathw@y

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**इलेक्ट्रिकल (TR-D) सम्बंधित कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**
**निविदा सूचना क्र.:** TRD_NAG_Tender_25-26_**18R** दिनांक: 03.01.2026
**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल के टीआरडी विभाग अंतर्गत दो साल के लिए न्यूमेटिक, इलेक्ट्रो-न्यूमेटिक, इलेक्ट्रिकल कंट्रोल सिस्टम, ऑल्टरनेटर, लिफ्टिंग प्लेटफॉर्म और टावर कारों के अन्य सहायक उपकरण का मासिक/मामूली रखरखाव/मरम्मत।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,07,01,331/-
**बयाना राशि:** ₹ 2,53,500/-
**इलेक्ट्रॉनिक ऑफर जमा करने की अंतिम तिथि (ऑन-लाइन):** दिनांक **26.01.2026** के **11:00** बजे तक।
उपरोक्त निविदा की अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।
**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता - टीआरडी, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
MS/60-266
स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर

**NMDC Limited**
एनएमडीसी / NMDC
(A Government of India Enterprise)
'Khanij Bhavan', 10-3-311/A, Castle Hills, Masab Tank, Hyderabad – 500 028
Corporate Identity Number (CIN) - L13100TG1958GOI001674

**CONTRACTS DEPARTMENT**

Dated: 13.01.2026

**Tender Enquiry No.: HO(Works)/Contracts/KDL MRSS-A/2025/1108/302**

**Estimated cost of the work including GST: Rs. 42.11 Crore**

NMDC Limited, A "NAVARATNA" Public Sector Company under Ministry of Steel, Govt. of India, invites online bids through MSTC Portal from experienced, reputed and competent domestic bidders for the work of "Replacement of 33/3.3kV Main Receiving Sub Station-A (MRSS-A) and its allied outdoor switchgears with Gas Insulated Substation & Indoor Switchgears on Turnkey Basis at BAILADILA IRON ORE MINE, KIRANDUL COMPLEX, CHHATTISGARH"

The detailed NIT and Bid documents can be viewed and / or downloaded from **13/01/2026 to 10/02/2026** from following website links:

1. NMDC website - **https://nmdcportals.nmdc.co.in/nmdctender**
2. Central Public Procurement Portal (CPP PORTAL) **http://www.eprocure.gov.in/epublish/app** and
3. MSTC Portal - portal **https://www.mstcecommerce.com/eprocn/** and search NMDC **Tender Event No. NMDC/ Head Office/ Contract/ 24/ 25-26/ ET/ 348 [Replacement of 33kV MRSS-A]**. For further help refer to 'vendor guide' given in MSTC website.

The bidders are requested to submit their bids online through MSTC portal only. The details of submission of bid through online are given in NIT. The Bidders on regular basis are required to visit the NMDC's website / CPP Portal / MSTC website for corrigendum, if any, at a future date.

For further clarification, the following can be contacted:

1) ED (Works), NMDC Limited, Hyderabad
Tel No. **+91-040-23538761**, email: **contracts@nmdc.co.in**

**Executive Director (Works)**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग, मण्डला (म. प्र.)**

NIT NO. 32/2025/Centralized Tender/G/CE(B) JABALPUR, DATED- 31.12.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत पी.एस.सी. (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यपूर्ण करने का समय वर्षाकाल सहित | कार्यालय का नाम जहां ई.एम.डी. एवं बिड प्राप्त की जावेगी | निविदा की श्रेणी/ निविदा काल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWPIU_472173_1 | बंजर क्लब मण्डला जिला मण्डला में दुकानों कानिर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित (प्रथम आमंत्रण) | 54.59 | 54590/- | 10000/- | 08 माह वर्षाकाल सहित | मुख्य अभियंता (भवन), लो.नि.वि. परिक्षेत्र - जबलपुर | लोक निर्माण विभाग में नवीन श्रेणी का पंजीकरण (प्रथम आमंत्रण) |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किए जा सकेंगे । .2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा । 3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 02.01.2026 समय 9.00 बजे से दिनांक 17.01.2026 समय 18.00 बजे तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है 4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किए जाएंगे, पृथक से सामाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-24244/25 **कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग, मण्डला (म.प्र.)**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म.प्र.)**

नि.सू.क्र./65/व.ले.लि./का.यं./ लो.स्वा.यां. / डिण्डौरी, दिनांक 07.01.2026

**-: निविदा आमंत्रण सूचना :-**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑनलाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly sealed) डिण्डौरी जिले के अन्तर्गत ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। https://www.mptenders.gov.in जिसका अवलोकन बेवसाईट में किया जा सकता है । निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित बेवसाईट से ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। जिसके मूल्य का भुगतान इण्टरनेट बैंकिंग से किया जावेगा। निविदा दिनांक 08.01.2026 को प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 22.01.2026 को शाम 17.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते है ।

निविदा में संशोधन की स्थिति में बेवसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा जिसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही दिया जावेगा । विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त बेवसाईट पर देखी जा सकती है ।

| स. क्र. | ई निविदा क्र. | नि.सू. क्र. | वि.सं./ जिला | विवरण | अनु.लागत (PAC) (रू. में) | धरोहर राशि (PAC) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PHED_473913_1 | 65 | बजाग | Revised Work of Existing Pipe water supply sheme at Village Majhiyakhar Mal, Gadasarai and Gannaguda Block- Bajag District- Dindori | 80.06 | 80060.00 | 10000.00 | प्रथम आमंत्रण |

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**डिण्डौरी ( म.प्र.)**
G-24313/25

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् मण्डला (म.प्र.)**

क्रमांक /लो.नि.शा./2026/4220 मण्डला, दिनांक 12.01.2026

निम्नलिखित वाहन/सामग्री क्रय हेतु अधिकृत विक्रेता/ सप्लायर/ फर्म एवं निर्माण कार्य हेतु केन्द्रकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तुत विरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य/ सामग्री का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_463604_2 Date- 12/01/2026 | सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट अंतर्गत 01 नग Backhoe Loader 4WD 6 in 1 Bucket Loader क्रय | 01 माह राशि रू 4000000.00 | राशि 5000.00 ईएमडी राशि 30000.00 | 28/01/2026 |
| 2 | 2026_UAD_475122_1 Date- 12/01/2026 | ब्लीचिंग पावडर क्रय ग्रासिम मेक | 01 माह राशि रू 5000000.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 10000.00 | 28/01/2026 |
| 3 | 2026_UAD_475135_1 Date- 12/01/2026 | वार्ड क्रं. 02 इंद्राजी वार्ड में चौरसिया किराना से कविता चौरसिया के मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 02 माह राशि रू 375977.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 7520.00 | 28/01/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद मण्डला**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नरसिंहपुर**
दूरभाष न. कार्या 07792 233502 ईमेल - res_nsp@yahoo.co.in

क्रमांक 1946/निविदा/ग्रायांसे/2026 **संक्षिप्त निविदा** नरसिंहपुर दिनांक- 08/01/2026

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 13/2025-26**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से Covers 2 (दो लिफाफा पद्धति) के आधार पर ऑनलाइन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेन्डिक्स 2.10 अनुसार निविदाएं लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी (विद्युत/सिविल) में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| क्र. | सिस्टम टेन्डर नंबर | कार्य का नाम | विकास खण्ड | निविदा लागत (पीएसी) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | निविदा आमंत्रण क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_RES_474174 | सीनियर बालक छात्रावास गाडरवारा में 114 मीटर पहुँच मार्ग | साँईखेड़ा | 18,29,338 | 38000 | 2000 | 06 माह | प्रथम |
| | | महायोग | | 18,29,338 | | | | |

**निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड ऑनलाईन प्रस्तुत करने की प्रारंभ दिनांक - 13/01/2026 प्रातः 10:30 बजे**
**निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक - 20/01/2026 शाम 06.00 बजे**
**निविदा कवर 'अ' खुलने की दिनांक - 22/01/2026 प्रातः 11:00 बजे**

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट्स), वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं बिड ऑनलाईन प्रस्तुत करने की दिनांक से निविदा कवर 'अ' (कवर - 1 ) एवं कवर - 'स' ( कवर - 3 ) ऑनलाईन ही जमा / अपलोड (submit) करने होंगे। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। लिफाफा ए में पंजीयन की छायाप्रति, पेन कार्ड की छायाप्रति, शपथ पत्र, जीएसटी नंबर की छायाप्रति, परिशिष्ट H, ( स्वप्रमाणित प्रति में) एवं अन्य लिफाफे ONLINE ही स्वीकार किए जावेगें ।

निविदा में संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जायेगी । संशोधन संबंधी सूचनाएं केवल वेबसाईट पर ही अपलोड की जायेगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है, कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें एवं निविदा प्रपत्र क्रय करने के पूर्व स्थल का निरीक्षण कर लेवें। शीघ्रातिशीघ्र बिड जमा करें एवं वेबसाइट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नरसिंहपुर**
G-24253/25 "स्वच्छता ही सेवा"

चिंतन

# भारत-अमेरिका संबंधों को सुधार पाएंगे गोर?

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को नई दिल्ली में कार्यभार संभाल लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल गोर की नियुक्ति की घोषणा की थी। भारत-अमेरिका संबंध पिछले एक साल में अब तक के सबसे निचले स्तर पर हैं। अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक की हालिया टिप्पणी से ऐसा संदेश गया, जैसे भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पूरी तरह पटरी से उतर गया है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप को फोन नहीं किया। जबकि पिछले साल दोनों नेताओं के बीच आठ बार बातचीत हुई थी। भारत पर इस समय दुनिया में सर्वाधिक टैरिफ लागू है। लगातार वार्ता होने के बावजूद दोनों देश अब तक किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके हैं। समझा जाता है कि गोर के आने के बाद दोनों देशों के संबंध एक बार फिर पटरी पर लौट सकते हैं। गोर की टैरिफ पर समझौते को लेकर दोनों देशों के बीच चल रही वार्ता पर यह टिप्पणी खास तौर पर ध्यान देने योग्य है। गोर ने कहा, 'सच्चे दोस्त असहमत हो सकते हैं, लेकिन अंत में हमेशा अपने मतभेद दूर कर लेते हैं।' राष्ट्रपति ट्रंप की हाल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत को याद करते हुए गोर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति अक्सर अपनी भारत यात्रा और प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी व्यक्तिगत समझ का जिक्र करते हैं। गोर ने कहा, आशा है कि राष्ट्रपति जल्द ही भारत आएंगे, उम्मीद है अगले एक या दो वर्षों में। दोनों देशों के संबंधों पर गोर ने आगे कहा, 'भारत से अधिक महत्वपूर्ण कोई साझेदार नहीं है। आने वाले महीनों और वर्षों में भारत में राजदूत के रूप में मेरा लक्ष्य एक अत्यंत महत्वाकांक्षी एजेंडा आगे बढ़ाना है। हम यह एक सच्चे रणनीतिक साझेदार के रूप में करेंगे, जहां दोनों देश अपनी-अपनी ताकत, सम्मान और नेतृत्व लेकर आगे आएंगे।' गोर का यह रुख दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ को पिघलाने का काम कर सकता है। हालांकि ट्रंप का एक साल का कार्यकाल भारत के लिए किसी भी दृष्टि से अच्छा नहीं रहा। टैरिफ को अगर छोड़ भी दें तो भी ट्रंप ने वह हर काम किया, जिससे भारत के हितों पर प्रतिकूल असर पड़ता हो। एच1बी वीजा से लेकर रेमिटेंस पर टैक्स बढ़ाना, अवैध भारतीयों को हथकड़ी लगाकर वापस भेजना, अमेरिका जाने के इच्छुक भारतीयों के लिए वीजा में देरी आदि ऐसे कई काम हुए हैं, जिसने आम भारतीय के दिल में भी अमेरिका के प्रति सम्मान को कम किया है। गोर अभी अपने कार्यकाल की शुरुआत कर रहे हैं, लेकिन उनके लिए भारतीयों के मन में अमेरिका का सम्मान स्थापित करना भी बड़ी चुनौती होगा। पाकिस्तान के परोक्ष शासक आसिम मुनीर को ट्रंप ने जिस तरह से गले लगाया है, वह किसी भारतीय को पसंद नहीं आया। इसलिए गोर की भारत में राह बहुत आसान होगी, यह कह पाना मुश्किल है। उन्होंने खुद स्वीकार किया कि यह 'आसान काम नहीं' है। जब वह कहते हैं कि व्यापार हमारे रिश्ते का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन हम सुरक्षा, आतंकवादरोधी प्रयास, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी मिलकर काम करते रहेंगे तो साफ हो जाता है कि अमेरिका की प्राथमिकता क्या है? गोर भारत में अमेरिकी राजदूत के साथ ही दक्षिण एवं मध्य एशिया के विशेष दूत भी हैं।



आर्थिकी
अश्विनी महाजन

# जीडीपी वृद्धि से नहीं रुकेगी रुपये की गिरावट

**पिछली तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत तक पहुँच गई है। तेज़ आर्थिक ग्रोथ से आम तौर पर किसी देश की करेंसी मज़बूत होनी चाहिए, लेकिन भारत अक्सर एक विरोधाभास का अनुभव करता है, जहां जीडीपी ग्रोथ ज़्यादा होने पर भी उसकी करेंसी काफ़ी कम हो जाती है। इस विरोधाभास को समझने की ज़रूरत है, क्योंकि विनिमय दर में उतार-चढ़ाव जीडीपी ग्रोथ से तय नहीं होता है, बल्कि कई तत्वों से तय होता है, जिनका असर विदेशी मुद्रा की मांग और पूर्ति पर पड़ता है। वास्तव में, हाई ग्रोथ वास्तविक आर्थिक विस्तार को दर्शाती है, जबकि रुपये का मूल्य सापेक्ष कीमतों, पूंजी प्रवाह और वैश्विक वित्तीय परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करता है।**

आज़ादी के बाद से, भारतीय रुपये की अमेरिकी डॉलर के मुकाबले धीरे-धीरे कमज़ोर होने की प्रवृत्ति रही है। 2024 में 3.30 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर से गिरता हुआ 2025 के मध्य तक 83.4 रुपये और दिसंबर 2025 तक लगभग 90 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर हो गया। रुपये की कमज़ोरी की रफ़्तार दशकों में अलग-अलग रही है, जो घरेलू पॉलिसी और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक हालात दोनों को दिखाती है। शुरुआती सालों (1947–1966) में, ब्रिटिश पाउंड से जुड़े स्थिर विनिमय डर के तहत रुपया लगभग 4.4% वार्षिक की दर से गिरा। 1966 और 1976 के बीच, 1966 के अवमूल्यन और कड़े नियमन के बाद अवमूल्यन सालाना 1.8% तक धीमा हो गया।

1976-1986 के बीच तेल के झटकों और आर्थिक दबाव की वजह से हर साल 3.5% की थोड़ी ज़्यादा गिरावट देखी गई, जबकि 1986-1996 में सबसे ज़्यादा 10.9% सालाना गिरावट देखी गई, जो भुगतान शेष संकट और बाज़ार निर्धारित विनिमय दर की वजह से हुई। उदारीकरण के बाद, 1996 के बाद से, रुपये की गिरावट में कमी आई। 1996-2004 के दौरान हर साल 3.0%, 2004-2014 में हर साल 2.9%, और 2014-2024 तक हर साल 3.3%। कुल मिलाकर, जबकि गिरावट संरचनात्मक है, 1990 के दशक के बाद नीति सुधारों और आर्थिक स्थिरता ने इस प्रवृत्ति को स्थायित्व प्रदान किया। हालांकि, पिछले एक साल में रुपये में 4.7 प्रतिशत की ज़्यादा तेज़ी से गिरावट आई है, यह एक अल्पकालिक घटना लगती है। यह एक आम धारणा है कि एक मजबूत अर्थव्यवस्था का मतलब है कि उस मुद्रा की ताकत भी मजबूत होगी। वर्तमान समय में यह धारणा ग़लत साबित हो रही है। हम देखते हैं कि पिछले लगभग एक दशक में भारत की अर्थव्यवस्था अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेज़ गति से बढ़ रही है और पिछले लगभग पांच वर्षों से इसे दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होने का गौरव प्राप्त है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार (जीडीपी) 2014 में 2.07 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025 में 4.18 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। इस दौरान प्रति व्यक्ति आय भी 1554 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2878 अमेरिकी डॉलर हो गई है। अगर हम वर्तमान मूल्यों पर जीडीपी देखें, तो यह 2014-15 में 106.6 लाख करोड़ रुपये से तीन गुना से भी अधिक बढ़कर 2024-25 में 331.03 लाख करोड़ रुपये हो गई है। दिलचस्प बात यह है कि पिछले दो सालों में, रुपये-डॉलर विनिमय दर में उतार-चढ़ाव एक जैसा नहीं रहा है। पिछली तिमाही में, भारत की जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जिसे संघर्षों और युद्धों के कारण भूराजनीतिक तनाव और अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा शुरू किए गए अभूतपूर्व टैरिफ युद्ध के कारण अस्त-व्यस्त वैश्विक अर्थव्यवस्था के बीच काफी अच्छा माना जाता है। तेज़ आर्थिक ग्रोथ से आम तौर पर किसी देश की करेंसी मज़बूत होनी चाहिए, लेकिन भारत अक्सर एक विरोधाभास का अनुभव करता है, जहां जीडीपी ग्रोथ ज़्यादा होने पर भी उसकी करेंसी काफ़ी कम हो जाती है। इस विरोधाभास को समझने की ज़रूरत है, क्योंकि विनिमय दर में उतार-चढ़ाव जीडीपी ग्रोथ से तय नहीं होता है, बल्कि कई तत्वों से तय होता है, जिनका असर



विदेशी मुद्रा की मांग और पूर्ति पर पड़ता है। पहला, विनिमय दर सिर्फ़ जीडीपी ग्रोथ के बजाय पूंजीगत प्रवाह से ज़्यादा चलती है। मज़बूत ग्रोथ के बावजूद, अगर विदेशी निवेशक वैश्विक अनिश्चितता, अपने देश/देशों में बढ़ती ब्याज़ दरों, या रिस्क से बचने की वजह से पूंजी निकालते हैं, तो रुपया कमज़ोर हो जाता है। भारत में ठीक यही हुआ है; 2025 में ही, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने 15 दिसंबर, 2025 तक भारतीय स्टॉक मार्केट से 18.4 बिलियन अमरीकी डॉलर निकाले, भारतीय अर्थव्यवस्था में किसी कमज़ोरी की वजह से नहीं, बल्कि अपने ही कारणों से। फिर से, हम देखते हैं कि एफपीआई की भारी निकासी के बावजूद, भारतीय स्टॉक मार्केट अपने ग्रोथ के रास्ते पर चलते रहे हैं। निकासी के लगातार दबाव का विदेशी मुद्रा की पूर्ति पर बुरा असर पड़ा है और इसके कुल असर ने रुपये की गिरावट में अहम भूमिका निभाई है। दूसरा, मज़बूत होने के बजाय, ज़्यादा जीडीपी ग्रोथ, रुपये की गिरावट का कारण भी बन सकती है। भारत में ज़्यादा ग्रोथ अक्सर आयात को बढ़ाती है, खासकर कच्चे तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और पूंजीगत सामान के लिए। बढ़ते आयात से डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपये पर दबाव पड़ता है। हम देखते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, मशीनरी और कई दूसरे क्षेत्रों की मैन्युफैक्चरिंग के लिए कलपुर्जों और कच्चे माल का आयात ज़रूरी हो जाता है, जिससे विदेशी मुद्रा की माँग बढ़ती है। इसके अलावा, बढ़ी हुई मैन्युफैक्चरिंग निर्यात से ज्यादा देश में ही उपभोग हो जाती है। गौरतलब है कि भारत के वस्तु व्यापार में घाटा 2023-24 में 240 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 282.2 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया। इससे भी बड़ी बात यह है कि इस घाटे में से 85.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर और 99.2 बिलियन यूएस डॉलर सिर्फ़ चीन से थे। यह प्रवृत्ति 2025-26 में भी जारी रहेगी, जहाँ अप्रैल से सितंबर 2025 के पहले छह महीनों में, वस्तु व्यापार में घाटा 59.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया है। तीसरा, डॉलर के दबदबे और दुनिया भर में मॉनेटरी सख्ती से भी रुपया कमजोर हो रहा है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के दायरे से बाहर है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा सख्ती के समय, ज़्यादातर करेंसी के मुकाबले डॉलर मजबूत होता है। ऐसे समय में, रुपये में गिरावट दुनिया भर में डॉलर की मजबूती को दिखाती है, घरेलू कमजोरी को नहीं। चौथी बात, महंगाई से करेंसी की वैल्यू में गिरावट आती है। भारत के मामले में, अतीत में अधिक महंगाई रुपये के कमज़ोर होने का एक बड़ा कारण रही है। कम महंगाई न केवल हमारे निर्यात की प्रतिस्पर्धात्मकता को बेहतर बनाती है, बल्कि आयात पर भी दबाव कम करती है। इस तरह यह व्यापार शेष और भुगतान शेष को नियंत्रण में रखने तथा घरेलू करेंसी को स्थिर बनाए रखने में मदद कर सकती है।

पांचवीं बात, भारत की अधिकांश ग्रोथ निर्यात के बजाय घरेलू खपत और सार्वजनिक निवेश से संचालित होती है। जब ग्रोथ घरेलू मांग से आती है, तो निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में समान अनुपात में वृद्धि हुए बिना यह अपने आप करेंसी की मज़बूती में नहीं बदलती। छठी बात, कई बार सरकार स्वयं निर्यात की प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखने के लिए रुपये की कीमत कम होने देती है या उसे प्रोत्साहित करती है। इसलिए, कभी-कभी रुपये की गिरावट एक नीति होती है, न कि किसी आर्थिक विफलता का संकेत। वास्तव में, हाई ग्रोथ वास्तविक आर्थिक विस्तार को दर्शाती है, जबकि रुपये का मूल्य सापेक्ष कीमतों, पूंजी प्रवाह और वैश्विक वित्तीय परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करता है। दोनों का एक साथ होना कोई विरोधाभास नहीं है, बल्कि संरचनात्मक रूप से आयात-निर्भर अर्थव्यवस्था की एक विशेषता है।

(लेखक दिल्ली विवि के पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

लोक संस्कृति
बाल मुकुन्द ओझा



# लोक संस्कृति और स्मृद्धि का पर्व है लोहड़ी

देश की बहुरंगी लोकसंस्कृति का महत्वपूर्ण त्योहार लोहड़ी मकर संक्रान्ति के एक दिन पहले मनाया जाता है। इस साल लोहड़ी पर्व 13 जनवरी को मनाया जाएगा। लोहड़ी का पर्व फसल से जुड़ा है। यह पर्व नई फसल की बुआई और पुरानी फसल की कटाई से संबंधित है। विशेष रूप से पंजाब और हरियाणा सहित उत्तर भारत में यह त्योहार परंपरागत हंसी-ख़ुशी, उमंग-उत्साह के साथ मनाया जाता है। प्रवासी भारतवासी विदेशों में भी अपने रंगीले त्योहार की खुशियां गीत, संगीत और नृत्य के साथ बांटते है। लोहड़ी का त्योहार हर साल 13 जनवरी को मनाया जाता है। ज्योतिष विज्ञान के अनुसार, यह त्योहार सूर्य की उत्तरी गोलार्ध की यात्रा का प्रतीक है। मुख्यतः पंजाब और हरियाणा सहित उत्तर भारत के इस लोकप्रिय फसल उत्सव में अच्छी फसल के लिए आभार व्यक्त करने और ईश्वर से सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना करने के लिए पवित्र अलाव जलाया जाता है।

लोहड़ी मनाने के पीछे भी एक कहानी है जिसके नायक दुल्ला भट्टी हैं। बताया जाता है कि सांदल बार इलाके के जागीरदार ने एक ब्राह्मण की दो बेटियों को उठा लिया था। यह इलाका अब पाकिस्तान के मुल्तान शहर के पास है। दुल्ला मुगलों के खिलाफ तब गुरिल्ला लड़ाई कर रहे थे। कहानी के मुताबिक दुल्ला भट्टी ने दोनों लड़कियों को छुड़ाया और खुद गरीब ब्राह्मण की जगह उनका बाप बना। लड़कियों के सिर के सालू (पल्लू) को बेटियों की इज्जत माना जाता था, जिसे उसने रखवाया। तब किसी गरीब के हक में और वह भी लड़कियों के हक में खड़े होना बड़ी बात थी। हर त्योहार की तरह यह भी दोस्तों, परिवार और रिश्तेदारों के साथ मिलकर मनाया जाता है। उपले और लकड़ी की मदद से बोनफायर जलाया जाता है। पंजाब में लोहड़ी का त्योहार प्रमुख रूप से और बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन से दिन छोटा और रात काफी बड़ी होती है। फसल कटाई के मौके पर मनाए जाने वाले इस त्योहार को बोनफायर जलाकर सेलिब्रेट किया जाता है। वहीं लोग इसके चारों तरफ घूमकर नाचते हैं और आग में प्रसाद डालते हैं। पंजाब के अलावा हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों में इसकी धूम होती है। पारिवारिक समूह के साथ लोहड़ी पूजन करने के बाद उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी एवं मूंगफली का भोग लगाया जाता है। ढोल की थाप के साथ गिद्दा और भाँगड़ा नृत्य इस अवसर पर विशेष आकर्षण का केंद्र होते हैं। पंजाबी समाज में इस पर्व की तैयारी कई दिनों पहले ही शुरू हो जाती है। इसका संबंध मन्नत से जोड़ा गया है अर्थात जिस घर में नई बहू आई होती है या घर में संतान का जन्म हुआ होता है तो उस परिवार की ओर से खुशी बाँटते हुए लोहड़ी मनाई जाती है। सगे-संबंधी और रिश्तेदार उन्हें आज के दिन विशेष सौगात के साथ बधाइयाँ भी देते हैं। लोहड़ी से 10-12 दिन पहले ही बच्चे 'लोहड़ी' के लोकगीत गाकर दाने, लकड़ी और उपले इकट्ठे करते हैं। इस सामग्री से चौराहे या मुहल्ले के किसी खुले स्थान पर आग जलाई जाती है। रेवड़ी और मूंगफली अग्नि की भेंट किए जाते हैं तथा ये ही चीजें प्रसाद के रूप में सभी लोगों को बाँटी जाती हैं। घर लौटते समय 'लोहड़ी में से दो चार कोयले प्रसाद के रूप में, घर पर लाने की प्रथा भी है। लोग अग्नि के चारों ओर चक्कर काटते हुए नाचते-गाते हैं व आग मे रेवड़ी, मूंगफली, खील, मक्की के दानों की आहुति देते हैं। आग के चारों ओर बैठकर लोग आग सेंकते हैं व रेवड़ी, खील, गज्जक, मक्का खाने का आनंद लेते हैं। जिस घर में नई शादी हुई हो या बच्चा हुआ हो उन्हें विशेष तौर पर बधाई दी जाती है। पहले बेटा होने पर त्योहार मनाया जाता था, मगर अब कन्या होने पर दूने जोश और उत्साह से कन्या लोहिड़ी का पर्व मनाया जाता है। इस आयोजन का उद्देश्य बेटियों को समाज में बेटों के बराबर मान-सम्मान मिले व लोगों की नकारात्मक सोच को बदलना है। आज लोहड़ी के त्योहार की पवित्रता सैकड़ों गुणा बढ़ गई है, क्योंकि यहां भारतीय संस्कृति में देवी के रूप में पूजी जाने वाली कन्याओं की लोहड़ी मनाई जा रही है। सच है कि जिनके यहां बेटी ने जन्म लिया है, वे समाज की रूढ़ियों को तोड़कर बेटी की पहली लोहड़ी हर्षोल्लास से मना रहे हैं। पंजाबी समाज ने कन्या लोहड़ी मनाने की पहल कर देशवासियों का ध्यान बेटी के मान-सम्मान से जोड़कर पर्व मानाने की पवित्रता को द्विगुणित किया है।



(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# श्रीकृष्ण का क्रिया योग



संकलित
दर्शन

योगदा सत्संग सोसाइटी के संस्थापक और 'योगी कथामृत' के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद की श्रीमद्भगवद्गीता पर व्याख्या 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' के अनुसार, कृष्ण शब्द की अनेक व्युत्पत्ति में हैं। इनमें 'श्याम' सर्वाधिक प्रचलित है, जो उनके रंग-रूप की ओर संकेत करता है। उन्हें चित्रों में प्रायः गाढ़े नीले रंग का दिखाया जाता है, जो देवत्व का प्रतीक है। नीला रंग दिव्य नेत्र में (भ्रूमध्य के बीच) दिखने वाले नीले प्रकाश का भी प्रतीक है, जो योग में चेतना की कूटस्थ चैतन्य अवस्था को दर्शाता है। मतलब कृष्ण का रंग आध्यात्मिकता का भी प्रतीक है और एक गूढ़ अर्थ की ओर संकेत करता है। योगानंद जी के अनुसार, इंद्रिय जनित लिप्स ग्रस्त संसार दिव्य प्रेम की शुद्धता को नहीं समझ पाता। शाब्दिक अर्थों से परे गोपियों संग कृष्ण लीलाओं का प्रतीकात्मक अर्थ, ब्रह्म और सृष्टि के उस रास से है, जो ईश्वरीय लीला को संसार में व्यक्त करता है। कृष्ण की वंशी की मधुर तान भक्तों को ध्यान जनित समाधि के मंडप में आने को पुकारती हैं, ताकि वह आनंददायक ईश्वरीय प्रेम का पान कर सकें। कृष्ण के जीवन का दर्शन हमें भौतिक जीवन के दायित्वों के निर्वहन और उन्हीं के बीच ईश्वर का सानिध्य पाने के प्रयासों के मध्य सामंजस्य साधना सिखाता है। कृष्ण सिखाते हैं कि परिवेश कुछ भी हो, ईश्वर को वहीं ले आओ, जहां उसने तुम्हें रखा है। कृष्ण ने अपने राजसी दायित्व निभाने हेतु दुष्ट शासकों के विरुद्ध कई अभियान किए, जिनमें कौरव-पांडवों के बीच हुए महाभारत युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कई काम के बदले एक काम को बेहतर करें



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

सटाका




आज की पाती

## बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखें

सोशल मीडिया के लगातार उपयोग ने बच्चों में चिंता, अवसाद, नींद की कमी, साइबर बुलिंग, पढ़ाई में गिरावट, आत्मविश्वास में कमी, हिंसक या भ्रामक सामग्री का संपर्क जैसी समस्याएं तेज़ी से बढ़ाई हैं। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग सहित कई संस्थाओं ने बार-बार चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया कंपनियां नाबालिगों को प्लेटफॉर्म से दूर रखने में विफल रही हैं। इस बढ़ती चिंता के बीच दुनिया के दूसरे कोने से एक बेहद साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय सामने आया, ऑस्ट्रेलिया ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर सख्त प्रतिबंध लागू कर दिया। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, स्नैपचैट, टिकटॉक जैसे सभी प्लेटफॉर्म अब 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को अकाउंट बनाने की अनुमति नहीं देंगे। भारत में भी ऐसा ही होना चाहिए। *- मोहन जोशी, राजनांदगांव*

ट्रेंड

## समाज के प्रति जिम्मेदारी



जेएनयू की डिग्री केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी है। मेरा विश्वास है कि यहां की समावेशिता, सामाजिक न्याय और जिम्मेदारी की परंपरा आगे बढ़ाते हुए छात्र विकसित भारत के लक्ष्य की सिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।
- धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

## सड़क सुरक्षा माह



31 जनवरी तक हम प्रदेश भर में 'सड़क सुरक्षा माह' आयोजित कर रहे हैं। यह हमारे परिवारों और भविष्य की रक्षा का संकल्प है। प्रदेश की सड़कें सभी के लिए सुगम-सुरक्षित हों, इसके लिए पुलिस तो नियमों को कड़ाई से लागू करेगी ही, परंतु सभी का सहयोग भी अपेक्षित है।
- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

## सबसे सुव्यवस्थित राज्य



अगर किसी को ऋणों पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए तो वह कांग्रेस पार्टी है, जिसकी कर्नाटक सरकार ने ऋण लेने में नया रिकॉर्ड बनाया है। असम भारत का सबसे सुव्यवस्थित और सबसे तेजी से विकासशील राज्य है और इस तथ्य की पुष्टि आरबीआई ने भी की है।
- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

## क़ानून का डर ज़रूरी



मेरठ के सरधना क्षेत्र में ही कश्यप समाज के युवक को जलाकर मार देने की अति क्रूर व शर्मनाक घटना की जितनी भर्त्सना की जाए, वह कम है। ऐसे आपराधिक तत्वों को क़ानून का डर होना ज़रूरी।
- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

करंट अफेयर

# भारतवंशी कुलकर्णी आरएएस के स्वर्ण पदक से सम्मानित



भारतवंशी खगोलशास्त्री प्रोफेसर श्रीनिवास कुलकर्णी को खगोलशास्त्र में उनकी महत्वपूर्ण खोजों के लिए लंदन स्थित 'रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी' (आरएएस) द्वारा प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। महाराष्ट्र में जन्मे कुलकर्णी कैलिफ़ोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (कैलटेक) में खगोलशास्त्र और ग्रह विज्ञान के प्रोफेसर हैं, जहां उन्होंने 'ब्राउन ड्वार्फ़' और दूरस्थ गामा किरणों के विस्फोट सहित खगोलीय पिंडों की एक विस्तृत श्रृंखला की खोज की है। पिछले सप्ताह उन्हें मिले आरएएस स्वर्ण पदक प्रशस्ति पत्र में 'खगोल भौतिकी में उनके निरंतर, नवोन्मेषी और अभूतपूर्व योगदान' को मान्यता दी गई है। वर्ष 1824 से हर साल दिया जाने वाला यह सर्वोच्च सम्मान प्राप्त करके वह स्टीफन हॉकिंग, जोसेलिन बेल बर्नेल, अल्बर्ट आइंस्टीन और एडविन हबल जैसी महान वैज्ञानिक प्रतिभाओं की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। कुलकर्णी ने कहा, यह जानकर मुझे बहुत आश्चर्य हुआ, खासकर पिछले विजेताओं की शानदार सूची को देखते हुए। उन्होंने कहा, मैं अपने दीर्घकालिक सहयोगियों और पालोमर ट्रांजिएंट फैक्टरी और ज़्विकी ट्रांजिएंट प्रतिष्ठान की इंजीनियरिंग टीम और सदस्यों को परियोजनाओं में उनके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

ऑफ बीट

# बच्चों में पढ़ने की रुचि बढ़ाने में साझा पठन-पाठन जरूरी



ब्रिटेन में बच्चों और युवाओं के बीच किताबें पढ़ने की रुचि लगातार घट रही है। एक सर्वेक्षण में यह सामने आया है कि आनंद के लिए किताबें पढ़ने वाले बच्चों का अनुपात पिछले दो दशकों में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस स्थिति को देखते हुए ब्रिटेन सरकार, नेशनल लिटरेसी ट्रस्ट और अन्य संगठनों ने वर्ष 2026 को 'राष्ट्रीय पठन वर्ष' घोषित किया है, ताकि लोगों को पढ़ने के लिए फिर से प्रेरित किया जा सके। अभियान का उद्देश्य बच्चों और परिवारों को उनकी मौजूदा रुचियों के अनुरूप पढ़ने से जोड़ना है। विशेषज्ञों के अनुसार, माता-पिता और अभिभावकों के लिए बच्चों में पढ़ने का शौक विकसित करने का सबसे प्रभावी तरीका उनके साथ मिलकर पढ़ना है, चाहे बच्चा पढ़ने में रुचि रखता हो या नहीं। अध्ययनों से पता चलता है कि बचपन से बच्चों के साथ पढ़ने से सामाजिक और आर्थिक असमानताओं के प्रभाव को कम किया जा सकता है। छोटे बच्चों को पढ़कर सुनाने से उनके शुरुआती विकासात्मक लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलती है और वे आगे चलकर स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। कम उम्र से पढ़ने वाले बच्चों में भाषा सीखने की क्षमता तेज होती है और उनकी शब्दावली भी अधिक समृद्ध होती है, जिससे वे अच्छे पाठक बनते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# भारत-जर्मनी के बीच 4 ऐतिहासिक समझौते, डिफेंस और सेमीकंडक्टर पर बनी बात

# आतंकवाद, रक्षा, अर्थव्यवस्था और तकनीक... भारत और जर्मन के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता, दोनों ही देशों ने दिखाई एकजुटता

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने सोमवार को गुजरात के गांधीनगर में द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें दोनों नेताओं ने भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया। जर्मन चांसलर मर्ज की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है, जो दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 75 सालों और रणनीतिक साझेदारी के 25 साल पूरे होने के विशेष मौके पर हुई। दोनों नेताओं ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें रक्षा, अर्थव्यवस्था, तकनीक और शिक्षा क्षेत्र प्रमुख हैं। पीएम मोदी ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, भारत और जर्मनी जैसे देशों की अर्थव्यवस्थाओं के बीच करीबी सहयोग न केवल दोनों राष्ट्रों के लिए, बल्कि पूरी मानवता के लिए महत्वपूर्ण है। हमने आर्थिक साझेदारी को 'लिमिटलेस' बनाने का फैसला किया है, जिसमें रक्षा, स्पेस और क्रिटिकल टेक्नोलॉजी जैसे रणनीतिक क्षेत्र शामिल हैं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अहमदाबाद में चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की मेजबानी करना हमारे लिए खुशी की बात थी। उनकी यात्रा से भारत-जर्मनी संबंधों को नई गति मिली है, क्योंकि हम अपनी रणनीतिक साझेदारी के 25 साल और राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे कर रहे हैं।



**रक्षा अर्थव्यवस्था तकनीक के क्षेत्र में हुई बात**

**भारत-जर्मनी संबंधों को मिली नई गति- पीएम मोदी**



### आतंकी ठिकानों के ढांचे को खत्म करने का आह्वान

दोनों पक्षों ने सभी देशों से अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार आतंकवादी सुरक्षित ठिकानों और बुनियादी ढांचे को खत्म करने के साथ-साथ आतंकवादी नेटवर्क और वित्तपोषण को बाधित करने की दिशा में काम जारी रखने का भी आह्वान किया। नेताओं ने आपसी कानूनी सहायता संधि के अनुसमर्थन का स्वागत किया और आतंकवाद विरोधी संयुक्त कार्य समूह के तहत हुई प्रगति पर ध्यान दिया।

### दोनों देशों के बीच कितना व्यापार

भारत और जर्मनी के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 50 अरब यूरो (करीब 5.27 लाख करोड़ रुपये) का है। भारत की 1.4 अरब की विशाल आबादी जर्मन निर्यातकों के लिए विकास के बड़े अवसर प्रदान करती है। जर्मनी ट्रेड एंड इन्वेस्ट नामक सरकारी एजेंसी के फ्लोरियन वेंके ने कहा कि जर्मन विदेशी व्यापार विकास के अवसरों वाले बाजारों की तलाश कर रहा है और भारत बिल्कुल वैसा ही बाजार है।

### चीन की कमी भारत से पूरी

जर्मनी पहले चीन को काफी एक्सपोर्ट करता रहा है। लेकिन पिछले कुछ सालों में स्थिति बदली है। जर्मनी की चीन में बिक्री कम हो गई है। वहीं जर्मन कंपनियों को विभिन्न उद्योगों में चीनी प्रतिद्वंद्वियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। बर्लिन और बीजिंग के बीच संबंध भी तनावपूर्ण हो गए हैं, क्योंकि चीन ने सेमीकंडक्टर और कुछ दुर्लभ पृथ्वी तत्वों की आपूर्ति बैन लगा दिया है। ऐसे में जर्मनी के लिए अब भारत महत्वपूर्ण बन गया है।

**आतंकी घटनाओं की कड़ी निंदा**

उन्होंने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम, जम्मू और कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले और 10 नवंबर 2025 को दिल्ली में हुई आतंकी घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने आतंकवादियों और आतंकवादी संगठनों के खिलाफ सहयोग को मजबूत करने का संकल्प लिया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र 1267 प्रतिबंध समिति में सूचीबद्ध लोग भी शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### मस्क को झटका, मलेशिया ने भी बंद किया ग्रोक

**न्यूयॉर्क।** अरबपति एलन मस्क को बड़ा झटका लगा है। वजह ये है कि दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों, मलेशिया और इंडोनेशिया ने अपने यहां ग्रोक एआई चैटबॉट को पूरी तरह ब्लॉक कर दिया है।



अधिकारियों के अनुसार, इस टूल का इस्तेमाल महिलाओं और नाबालिगों की अश्लील, गैर-सहमति वाली और एडिटेड तस्वीरें बनाने में किया जा रहा था, जो गंभीर चिंता का विषय है। ग्रोक का इस्तेमाल वेबसाइट और एप से किया जा सकता है, लेकिन इसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी यूज किया जा सकता है।

### विश्व स्तर पर भारत की आवाज जरूरीः जुआन

**नई दिल्ली।** भारत में चिली के राजदूत जुआन अंगुलो ने कहा कि हमें लगता है कि भारत जैसे देशों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत आवाज बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत एक बढ़ता हुआ देश है, यह दक्षिण का देश है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के शब्दों का वजन महत्वपूर्ण होता जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय नेताओं के भारत आने से जी20 में भारत का नेतृत्व बहुत जरूरी हो गया था। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी सदस्यता की मांग का अब तक कई देशों ने समर्थन किया है।



### जीर्णोद्धार का काम भारत की सहायता से शुरू हुआ

**कोलंबो।** चक्रवात से प्रभावित श्रीलंका में भारत की सहायता से उत्तरी रेलवे ट्रैक की मरम्मत का काम शुरू हो गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारत ने महावा जंक्शन से ओमानथाई तक चक्रवात से क्षतिग्रस्त उत्तरी रेलवे लाइन के पूर्ण पुनर्निर्माण के लिए पूरी सहायता देने का आश्वासन दिया है। भारत ने पुनर्निर्माण सहायता और संपर्क बहाल करने के लिए 28 नवंबर को 'ऑपरेशन सागर बंधु' शुरू किया था। परिवहन मंत्रालय ने बताया कि काम शुरू किया है।



## सर्जियो गोर ने नई दिल्ली में पदभार संभालने के बाद संबोधन दिया

# भारत पर जताया भरोसा बोले-डील पर करेंगे बात, राष्ट्रपति ट्रंप भी अगले साल आएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को नई दिल्ली में पदभार संभाला। उन्होंने कहा कि अमेरिका के लिए भारत से ज्यादा जरूरी कोई देश नहीं है। उन्होंने ट्रेड डील को लेकर कहा कि आज यानी मंगलवार को दोनों देशों के अधिकारियों के बीच इसे लेकर फोन पर बात होने वाली है। अमेरिकी राजदूत ने राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी की दोस्ती को असली बताया। उन्होंने कहा कि सच्चे दोस्त असहमत हो सकते हैं, लेकिन अंत में हमेशा अपने मतभेदों को सुलझा लेते हैं। गोर ने उम्मीद जताई है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले एक से दो साल में भारत का दौरा कर सकते हैं।

अपने पहले संबोधन की शुरुआत गोर ने 'नमस्ते' के साथ की और कहा कि भारत में अमेरिकी राजदूत होना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने भारत को एक असाधारण राष्ट्र बताया और यहां काम करने को सम्मान की बात कहा। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि कई लोग उनसे ट्रेड डील पर अपडेट पूछ रहे थे। उन्होंने साफ किया कि दोनों पक्ष लगातार संपर्क में हैं और बातचीत आगे बढ़ रही है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा देश है, इसलिए यह प्रक्रिया आसान नहीं है, लेकिन दोनों देश इसे पूरा करने के लिए कोशिश कर रहे हैं। गोर ने कहा कि ट्रेड भारत-अमेरिका रिश्तों का अहम हिस्सा है, लेकिन सहयोग केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। दोनों देश सुरक्षा, काउंटर-टेररिज्म, ऊर्जा, टेक्नोलॉजी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी मिलकर काम कर रहे हैं।

**राजदूत बोले- दोस्ती पक्की है इसलिए मतभेद सुलझ जाएंगे**

**आज मंगलवार को दूरभाष पर चर्चा करेंगे दोनों देश**

### गोर को भारत का राजदूत चुनने में ट्रंप ने 7 महीने लिए



राजदूत सर्जियो गोर

जनवरी 2025 में राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने कई देशों के लिए राजदूत की नियुक्ति की थी लेकिन भारत के लिए गोर को राजदूत पद पर चुनने के लिए उन्होंने 7 महीने लगा दिए। ट्रंप ने अगस्त 2025 में गोर को भारत का राजदूत चुना था। वे ट्रंप के खास माने जाते हैं उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के कट्टर समर्थक हैं। गोर ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ट्रंप के लिए फंड जुटाने में भी बड़ी भूमिका निभाई थी।

### ट्रेड डील और कूटनीति का नया पैमाना

लंबे वक्त से इंतजार की जा रही ट्रेड डील पर अपडेट देते हुए राजदूत ने कहा कि दोनों पक्ष सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि आज इस पर अगली महत्वपूर्ण कॉल होगी। सर्जियो गोर ने बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप से बात की थी। उन्होंने ट्रंप और पीएम मोदी की दोस्ती का जिक्र किया। गोर ने कहा कि 2013 के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा है। उन्होंने बताया कि ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने हजारों संघीय नियुक्तियों की जिम्मेदारी संभाली थी। इससे पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी संभावनाओं पर बात कर चुके हैं।



राष्ट्रपति ट्रंप

### गोर के बयान के बाद तेज हुआ बाजार

*अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के इस बयान के बाद शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी आ गई। निफ्टी 25473 के निचले स्तर से उछलकर 25740 तक पहुंच गया। यह रिकवरी इसलिए भी आई है कि लगातार 6 दिनों तक जोरदार गिरावट के बाद एक तेजी की संभावना जताई जा रही थी। मार्केट एक्सपर्ट जिगर पटेल ने कहा है कि निफ्टी के लिए नीचे की ओर 25400 से 25500 का लेवल अहम है, जबकि ऊपर की ओर 25600-25700 अहम रेजिस्टेंस है। इससे माना जा रहा है कि रिश्ते ठीक हैं।*

## ईरान बोला- योजना के तहत हो रहे हमले

# ये महज प्रदर्शन नहीं देश के खिलाफ आतंकी जंग,अब तक 544 की मौत



लास ऐंजलिस में रैली के बीच घुसा ट्रक

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में जारी हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मौजूदा हालात को आतंकी युद्ध बताया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि ईरान में इस समय जो कुछ हो रहा है, वो एक आतंकी युद्ध है। अब्बास अराघची के मुताबिक, इस हिंसा में शामिल आतंकी तत्वों ने सरकारी इमारतों, पुलिस थानों और कारोबार से जुड़ी जगहों पर हमले किए हैं। ये घटनाएं प्लानिंग के साथ की गई हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरानी अधिकारियों के पास ऐसे ऑडियो रिकॉर्ड मौजूद हैं, जिनमें आतंकियों को आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर गोली चलाने के आदेश दिए गए हैं। इससे पहले अराघची ने प्रदर्शनकारियों पर पुलिसवालों को मारने और जिंदा जलाने का आरोप लगाया था। उन्होंने इसे इजराइली की खुफिया एजेंसी मोसाद की साजिश बताते हुए हमले का वीडियो भी शेयर किया था। ईरान की ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हिंसा में अब तक 544 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, 10,681 लोगों को हिरासत में लिया गया है।वहीं दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान सरकार प्रदर्शनों को रोकने के लिए रेड लाइन पार कर रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका 'कड़े विकल्पों' पर विचार कर रहा है। पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि ईरान में प्रदर्शनकारियों के साथ जो हो रहा है, उस पर अमेरिका की नजर है।

### ईरान विरोधी रैली में ट्रक घुसा

अमेरिका में ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के दौरान एक ट्रक रैली में घुस गया। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने ट्रक ड्राइवर पर हमला करने की कोशिश की। घटना रविवार दोपहर लॉस एंजिलिस में हुई, जहां सैकड़ों लोग ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के समर्थन में मार्च कर रहे थे। घटना में कितने लोग घायल हुए हैं, यह साफ नहीं है। लेकिन घायलों का इलाज अभी भी चल रहा है।

**डेनमार्क को कोई प्रस्ताव नहीं दिया लेकिन ग्रीनलैंड पर डील होना चाहिए**

# ट्रंप ने फिर दोहराई ग्रीनलैंड पर कब्जे की बात बोले- नाटो को ज्यादा जरूरत अमेरिका की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ग्रीनलैंड को हासिल करने की बात कही है। डेनमार्क की भूमिका को खारिज करते हुए उन्होंने चेतावनी दी है कि आर्कटिक द्वीप पर रूस या चीन का प्रभाव हो सकता है। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या उन्होंने ग्रीनलैंड या डेनमार्क को कोई ठोस प्रस्ताव दिया है, तो उन्होंने जवाब दिया, मैंने ऐसा नहीं किया है, लेकिन ग्रीनलैंड को यह डील करनी चाहिए क्योंकि ग्रीनलैंड नहीं चाहता कि रूस या चीन इस पर कब्जा करें। पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने दावा किया कि ग्रीनलैंड को डील करनी चाहिए क्योंकि उसकी मौजूदा सुरक्षा बहुत कम है। उन्होंने कहा, क्या आप जानते हैं कि उनकी रक्षा रणनीति क्या है? इसी बीच आपके पास रूसी डिस्ट्रॉयर और सबमरीन और चीन के डिस्ट्रॉयर और सबमरीन सब जगह हैं। हम ऐसा नहीं होने देंगे। अगर इससे नाटो पर असर पड़ता है, तो नाटो पर असर पड़ेगा, लेकिन आप जानते हैं कि उन्हें हमारी जरूरत हमसे ज्यादा है। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी कथित तौर पर ग्रीनलैंड में आर्कटिक सुरक्षा के लिए एक संयुक्त नाटो मिशन की योजनाओं पर चर्चा कर रहे हैं।





### रुबियो को क्यूबा का राष्ट्रपति बनाएंगे ट्रंप

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तीखी बयानबाजी करते हुए क्यूबा पर हमले के संकेत दिए हैं। ट्रंप ने क्यूबा को धमकाते हुए डील फाइनल करने या नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहने के लिए कहा है। इतना ही नहीं ट्रंप ने अपने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को क्यूबा का राष्ट्रपति बनाने को 'अच्छा विचार' बताकर नया विवाद भी पैदा कर दिया है। ट्रंप का यह बयान उनकी ओर से दुनिया के कई देशों को दी जा रही धमकियों की कड़ी में आया है। अमेरिका हाल ही में वेनेजुएला में हमला कर चुका है। ट्रंप ने ईरान और ग्रीनलैंड पर अटैक की बात भी कही है। डोनाल्ड ट्रंप ने क्यूबा से कहा है कि डील में ज्यादा देर करना उनके लिए बुरा साबित होगा। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि क्यूबा को वेनेजुएला से तेल और पैसे का फ्लो अब बंद हो जाएगा।*

## जम गया गुलमर्ग का द्रंग झरना

**श्रीनगर।** जनवरी की शुरुआत से ही जम्मू कश्मीर के अलग-अलग इलाकों में सर्दी बढ़ती जा रही है। कई जगहों पर तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया है, लेकिन हाड़ कपा देने वाली सर्दी में भी पर्यटकों का उत्साह कम होने का नाम नहीं ले रहा है। श्रीनगर, पहलगाम, गुलमर्ग और सोनमर्ग में पर्यटक सुंदर वादियों का मजा ले रहे हैं। इसी बीच बारामूला जिले के उत्तरी भाग में द्रंग झरना तापमान गिरने की वजह से जम गया है और इस मनमोहन दृश्य को देखने के लिए पर्यटकों की भारी भीड़ देखी।



## परीक्षण के दौरान एक मूविंग टारगेट पर लगा सटीक निशाना

# टैंक को खोजकर ध्वस्त करने वाली मिसाइल का परीक्षण सफल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की रक्षा तकनीक में एक और बड़ी उपलब्धि। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने रविवार को महाराष्ट्र के अहिल्या नगर के केके रेंज में मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल का सफल फ्लाइट टेस्ट किया। यह मिसाइल टॉप अटैक मोड में चलते हुए टारगेट (मूविंग टैंक) को मारने में पूरी तरह सफल रही। यह भारत की सेना के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह आधुनिक मुख्य युद्ध टैंकों को आसानी से नष्ट कर सकती है। यह एक मिसाइल तीसरी पीढ़ी की फायर एंड फॉरगेट मिसाइल है। इसका मतलब है कि सैनिक मिसाइल छोड़ने के बाद उसे गाइड नहीं करना पड़ता-मिसाइल खुद ही लक्ष्य को ढूंढकर मारती है। यह मिसाइल बहुत हल्की है, जिसे एक सैनिक आसानी से कंधे पर उठाकर ले जा सकता है।



सटीक निशाना

### सटीक लगा निशाना

डीआरडीओ की हैदराबाद स्थित डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी ने इस टेस्ट को अंजाम दिया। टारगेट के रूप में एक थर्मल टारगेट सिस्टम इस्तेमाल किया गया, जिसे जोधपुर की डिफेंस लेबोरेटरी ने बनाया था। यह सिस्टम एक चलते हुए टैंक की तरह दिखता और महसूस होता है। मिसाइल ने टॉप अटैक मोड में चलते टारगेट को सटीक निशाना लगाकर सफलतापूर्वक नष्ट किया।

### ये हैं मुख्य विशेषताएं

- **टॉप अटैक मोड:** मिसाइल टैंक के ऊपर से (टॉप) हमला करती है, जहां टैंक की सबसे कमजोर जगह होती है (टैंक का ऊपरी हिस्सा पतला होता है)।
- **इमेजिंग इन्फ्रारेड होमिंग सीकर:** दिन और रात दोनों में काम करती है. यह थर्मल इमेजिंग से टारगेट को देखती है।
- **टैंडम वॉरहेड:** दो विस्फोटक हेड्स-पहला टैंक के रिएक्टिव आर्मर को तोड़ता है, दूसरा मुख्य बॉडी को नष्ट करता है। आधुनिक टैंकों को भी हरा सकती है।
- **ऑल इलेक्ट्रिक कंट्रोल सिस्टम:** बहुत तेज और सटीक।
- **उच्च प्रदर्शन साइटिंग सिस्टम:** सैनिक को टारगेट साफ दिखाई देता है।
- **प्रोपल्शन सिस्टम:** तेज और दूर तक मार करने में सक्षम।
- **लॉन्च तरीका:** ट्राइपॉड (तीन पैरों वाला स्टैंड) या सैन्य वाहन से लॉन्च की जा सकती है।

### मिसाइल बनाने में योगदान

- रिसर्च सेंटर इमरत (आरसीआई), हैदराबाद - सीकर और गाइडेंस
- टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी, चंडीगढ़ - वॉरहेड टेस्टिंग
- हाई एनर्जी मैटेरियल्स रिसर्च लेबोरेटरी, पुणे - विस्फोटक सामग्री
- इंस्ट्रूमेंट्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट, देहरादून - साइटिंग सिस्टम

### रक्षा मंत्री ने दी बधाई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, इंडस्ट्री और पार्टनर्स को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। डीआरडीओ चेयरमैन डॉ. समीर वी. कमत ने कहा कि यह सफल परीक्षण हथियार प्रणाली को भारतीय सेना में शामिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।



## छात्रों को अधिक दस्तावेजी सबूत देने होंगे

# आस्ट्रेलिया ने भारत सहित कई देशों को 'हाई रिस्क कैटेगरी' में डाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया सरकार ने भारत, नेपाल, बांग्लादेश और भूटान के छात्रों के लिए वीजा नियमों को सख्त करते हुए उन्हें 'हाई रिस्क' कैटेगरी में डाल दिया है। इन देशों को अब 'एविडेंस लेवल-2' से हटाकर 'लेवल-3' में रखा गया है, जिसका सीधा अर्थ है कि अब छात्रों को अधिक दस्तावेजी सबूत देने होंगे और उनकी गहन जांच की जाएगी। इस बदलाव के तहत, भारतीय छात्रों के बैंक स्टेटमेंट्स का मैन्युअल वेरिफिकेशन होगा और उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि की बारीकी से जांच की जाएगी। साथ ही, अंग्रेजी भाषा की दक्षता के लिए अतिरिक्त



प्रमाण मांगे जा सकते हैं और वीजा अधिकारियों को संस्थानों से सीधे संपर्क करने का अधिकार होगा। यह कदम विशेष रूप से फर्जी वित्तीय और शैक्षणिक दस्तावेजों के बढ़ते मामलों को देखते हुए उठाया गया है। ऑस्ट्रेलिया में वर्तमान में लगभग 1.4 लाख भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं, जो कुल अंतरराष्ट्रीय छात्रों का एक बड़ा हिस्सा हैं। अमेरिका, यूके और कनाडा द्वारा विदेशी छात्रों के लिए नियम कड़े करने के बाद ऑस्ट्रेलिया में आवेदनों की संख्या बढ़ी है।

राज ठाकरे की चुनौती पर भाजपा नेता अन्नामलाई बोले

# मुंबई आऊंगा, मेरे पैर काटकर दिखाओ, मैं ऐसी धमकियों से नहीं डरता

अन्नामलाई ने कहा कि आदित्य ठाकरे और राज ठाकरे मुझे धमकी देने वाले कौन होते हैं? मुझे किसान का बेटा होने पर गर्व है। उन्होंने सिर्फ मुझे गाली देने के लिए मीटिंग रखी हैं। मुझे नहीं पता कि मैं इतना महत्वपूर्ण हो गया हूं

एजेंसी ▶▶ चेन्नई/ मुंबई

भाजपा नेता के. अन्नामलाई ने राज ठाकरे के रसमलाई वाले बयान पर पलटवार करते हुए मुंबई आने की चुनौती कबूल कर ली है। राज ठाकरे ने रविवार को एक जनसभा में उन्हें मुंबई में घुसने की चुनौती दी थी। राज ठाकरे ने अन्नामलाई को लुंगी पुंगी, रसमलाई बोलकर मजाक उड़ाते हुए मुंबई आने पर पैर काटने की धमकी दी थी। सोमवार को चेन्नई में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अन्नामलाई ने कहा कि मुंबई आऊंगा, मेरे पैर काटकर दिखाओ। मैं ऐसे धमकियों से नहीं डरता।

**मुंबई एक विश्वस्तरीय शहर का मतलब महाराष्ट्र के लोगों ने इसे बनाया**



राज ठाकरे और भाजपा नेता के. अन्नामलाई

### किसान का बेटा होने पर गर्व

अन्नामलाई ने कहा कि कुछ लोगों ने कहा है कि अगर मैं मुंबई आया तो वे मेरे पैर काट देंगे। मैं मुंबई आऊंगा। मेरे पैर काटकर दिखाओ। अगर मैं ऐसी धमकियों से डरता, तो अपने गांव में ही रहता। उन्होंने कहा कि आदित्य ठाकरे और राज ठाकरे मुझे धमकी देने वाले कौन होते हैं? मुझे किसान का बेटा होने पर गर्व है। उन्होंने सिर्फ़ मुझे गाली देने के लिए मीटिंग रखी हैं। मुझे नहीं पता कि मैं इतना महत्वपूर्ण हो गया हूं।

### ये लोग नासमझ

तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि अगर मैं कहता हूं कि कामराज भारत के सबसे महान नेताओं में से एक हैं, तो क्या इसका मतलब है कि वह अब तमिल नहीं रहे? अगर मैं कहता हूं कि मुंबई एक विश्वस्तरीय शहर है, तो क्या इसका मतलब है कि इसे महाराष्ट्र के लोगों ने नहीं बनाया? ये लोग बस नासमझ हैं।

### हटाओ लुंगी, बजाओ पुंगीः राज ठाकरे

रविवार को ठाकरे ने अन्नामलाई पर मुंबई को अंतरराष्ट्रीय शहर बताने पर निशाना साधा था। इस दौरान राज ठाकरे ने 1960 और 1970 के दशक के अपने चाचा बालसाहेब ठाकरे के नारे 'हटाओ लुंगी, बजाओ पुंगी' का भी जिक्र किया। राज ठाकरे ने कहा था कि एक रसमलाई तमिलनाडु से आई, तुम्हारा यहां से क्या लेना-देना है?

### लात मारकर बाहर निकाल देंगे

रैली के दौरान, राज ठाकरे ने कहा कि अगर बिहार और यूपी के लोग हिंदी थोपने की कोशिश करेंगे तो वह उन्हें महाराष्ट्र से 'लात मारकर' बाहर निकाल देंगे। यूपी और बिहार के लोगों को समझना चाहिए कि हिंदी आपकी भाषा नहीं है।

सीएम फडणवीस ने अजित पवार पर साधा निशाना

## कहा- जीत मिले या हार, अपराधी जाएंगे जेल



अजित पवार द्वारा भाजपा पर की गई टिप्पणी के बाद अब सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कड़ा जवाब दिया है। पुणे में फडणवीस ने राष्ट्रवादी कांग्रेस (अजित पवार गुट) पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अपराध के खिलाफ बोलने वाले ही अगर अपराधियों को टिकट देंगे, तो इसका कोई औचित्य नहीं रह जाता।

### आपराधिक पृष्ठभूमि वालों को टिकट क्यों?

सीएम ने कहा कि पुणे में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को उम्मीदवार के तौर पर टिकट देना क्यों जरूरी था? जिन लोगों ने अपराधों को समाप्त करने की बात कही थी वही लोग अब अपराधियों को टिकट दे रहे हैं और उनके सपोर्ट में बोल भी रहे हैं। मैं साफ कर देना चाहता हूं कि अगर कोई अपराधी चुनाव जीत भी जाता है, तो उसकी जगह नगर निगम में नहीं होगी, जेल में होगी।

## खबर संक्षेप

### सम्मान के साथ तमांग का होगा अंतिम संस्कार



**दार्जिलिंग।** रियलिटी शो में जीत के बाद कोलकाता पुलिस के सिपाही से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले गायक-अभिनेता प्रशांत तमांग का पार्थिव शरीर सोमवार को दार्जिलिंग स्थित उनके आवास लाया गया और इस दौरान पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल रहा। तमांग का रविवार को दिल्ली में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

### जस्टिस पॉल होंगे हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस सुजॉय पॉल को कलकत्ता हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। 9 जनवरी, आयोजित कॉलेजियम की बैठक में इस प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया गया। वर्तमान में वे कलकत्ता हाईकोर्ट में ही कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीशके रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### लुधियाना में ड्रम में कटा सिर मिला, दो गिरफ्तार



**लुधियाना।** जालंधर बाइपास के पास एक खाली प्लॉट में सफेद प्लास्टिक के ड्रम और बोरे में युवक की कटी हुई लाश मिली। मृतक 35 वर्षीय दविंदर कुमार लुधियाना की भारती कॉलोनी का रहने वाला था। पुलिस ने मृतक के दोस्त शमशेर सिंह और उसकी पत्नी कुलदीप कौर को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

### कथावाचक श्रीकृष्ण शुभम की ट्रेन में मौत



**चक्रधरपुर।** कुर्ला एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ के कथावाचक भागवताचार्य श्री कृष्ण शुभम महाराज की मौत चलती ट्रेन में शौचालय के दरवाजे के सामने गिरने से हो गई। वे 31 साल के एक युवा कथावाचक के रूप में प्रसिद्ध थे और वह छत्तीसगढ़ के राजानंदगांव के निवासी थे।

चुनाव आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई से आजीवन छूट को कांग्रेस की चुनौती

विपक्ष का आरोप संविधान पीठ के आदेश के विरुद्ध नया बिल लाए

# सीजेआई बोले- जांच करेंगे, केंद्र व ईसी को सुप्रीम कोर्ट ने भेजा नोटिस

चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़े कानून में एक प्रावधान जोड़ा गया था, जिसके तहत अगर चुनाव कराते समय या उससे जुड़े किसी फैसले में कोई गलती या विवाद होता है, तो मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों पर निजी तौर पर केस नहीं किया जा सकेगा। यह सुरक्षा उनके पूरे जीवन तक लागू रहेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता जया ठाकुर की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उस याचिका पर दिया गया है, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई से आजीवन छूट देने वाले कानून को चुनौती दी गई है।

याचिका पर सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने कहा कि वह इस कानून की जांच करना चाहती है। कांग्रेस नेता जया ठाकुर की याचिका में कहा गया कि यह प्रावधान मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को उनके कामकाज से जुड़े मामलों में पूरी जिंदगी के लिए नागरिक और आपराधिक कार्रवाई से बचाव देता है।

ऐसी सुरक्षा संविधान बनाने वालों ने न्यायाधीशों को भी नहीं दी थी। इसलिए संसद ऐसा संरक्षण नहीं दे सकती, जो संविधान में दूसरे बड़े पदों पर बैठे लोगों को नहीं मिला।

## चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े 2023 के कानून से जुड़ा है मामला



याचिकाकर्ता कांग्रेस की जया ठाकुर व सुप्रीम कोर्ट

### नियुक्ति में सीजेआई को शामिल करना

2 मार्च 2023 को सीईसी और ईसी की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक पैनल करेगा। इसमें पीएम, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और सीजेआई भी शामिल होंगे। इससे पहले सिर्फ केंद्र सरकार इनका चयन करती थी। यह पैनल सीईसी और ईसी के नामों की सिफारिश राष्ट्रपति से करेगा। इसके बाद राष्ट्रपति मुहर लगाएंगे। तब जाकर उनकी नियुक्ति हो पाएगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह प्रक्रिया तब तक लागू रहेगी, जब तक संसद चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर कोई कानून नहीं बना लेती।

### नए कानून का विपक्ष जता चुका विरोध

दरअसल, मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े 2023 के कानून को लेकर विपक्ष का विरोध है। इनमें एक प्रावधान जोड़ा गया था, जिसके तहत अगर चुनाव कराते समय या उससे जुड़े किसी फैसले में कोई गलती या विवाद होता है, तो मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों पर निजी तौर पर केस नहीं किया जा सकेगा। यह सुरक्षा उनके पूरे जीवन तक लागू रहेगी, भले ही वे पद पर न हों।

### नए बिल में सीजेआई बाहर

केंद्र सरकार सीईसी और ईसी की नियुक्ति, सेवा, शर्तें और अवधि से जुड़ा नया बिल लेकर आई। इसके तहत चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति तीन सदस्यों का पैनल करेगा। इसमें पीएम, लोकसभा में विपक्ष का नेता और एक कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। पैनल से सीजेआई को बाहर रखा गया। 21 दिसंबर 2023 को शीतकालीन सत्र के दौरान यह बिल संसद के दोनों सदनों में पास हो गया। विपक्षी दलों का कहना था कि सरकार सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के आदेश के खिलाफ बिल लाकर उसे कमजोर कर रही है। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। तत्कालीन चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग किया।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन

कांग्रेस कार्यकर्ता जया ठाकुर ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि धारा 7 और 8 स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के सिद्धांत का उल्लंघन है क्योंकि यह चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के लिए स्वतंत्र तंत्र प्रदान नहीं करता है। याचिका में कहा गया है कि यह कानून सुप्रीम कोर्ट के मार्च 2023 के फैसले को पलटने के लिए बनाया गया, जिसने सीईसी और ईसी को एकतरफा नियुक्त करने की केंद्र सरकार की शक्तियां छीन ली थीं। यह वो प्रथा है जो देश की आजादी के बाद से चली आ रही है।

### आयुक्तों की संख्या तय नहीं

चुनाव आयुक्त कितने हो सकते हैं, इसे लेकर संविधान में कोई संख्या तय नहीं की गई है। संविधान का अनुच्छेद 324 (2) कहता है कि चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त हो सकते हैं। यह राष्ट्रपति पर निर्भर करता है कि इनकी संख्या कितनी होगी। आजादी के बाद देश में चुनाव आयोग में सिर्फ एक चुनाव आयुक्त होता था।

चुनाव आयोग पर ममता के गंभीर आरोप

## कहा- 20 वर्षों के वैधानिक सुधार की अनदेखी कर रहा



चुनाव आयोग व सीएम ममता बेनर्जी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने चुनाव आयोग पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि आयोग अपने ही 20 वर्षों के वैधानिक सुधारों की अनदेखी कर रहा है, जिससे मतदाताओं को अपनी पहचान दोबारा स्थापित करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सीएम बेनर्जी ने को सोमवार को सीईसी को एक और पत्र लिखा है। यह उनका पांचवां पत्र है। इसमें उन्होंने वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया में हो रही गड़बड़ियों पर चिंता जताई है। उन्होंने दावा किया कि 2002 की वोटर लिस्ट को डिजिटल बनाने के लिए एआई के इस्तेमाल से गंभीर गलतियां हुई हैं। इसकी वजह से असली वोटरों को गलत तरीके से 'विसंगति' वाली श्रेणी में डाल दिया गया है।

### ईडी की सुप्रीम कोर्ट से सीएम ममता के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टीएमसी के आईटी हेड प्रतीक जैन के घर छापेमारी मामले में पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी और राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इन पर रेड के दौरान हस्तक्षेप करने और सबूत मिटाने का आरोप लगाया गया है। जांच एजेंसी ने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। ईडी ने आरोप लगाया कि छापामारी के दौरान सीएम, मुख्य सचिव, डीजीपी, कोलकाता पुलिस कमिश्नर मौके पर पहुंचे और ईडी के अधिकारियों को डराया। फाइलें और इलेक्ट्रॉनिक सबूत जबरन छीन लिए गए और तलाशी नहीं करने दी गई। ईडी का कहना है कि यह पहली बार नहीं हुआ है। जब भी किसी जांच में सीएम या उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ कोई अहम सबूत मिलने की संभावना होती है, तब उनकी सरकार और वरिष्ठ अधिकारी केंद्रीय जांच एजेंसियों के काम में दखल देते हैं।

### सुनवाई प्रक्रिया पर उठाए सवाल

सीएम ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि वह अपनी ही पुरानी प्रक्रियाओं की अनदेखी कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में जो सुधार हुए थे, उन्हें दरकिनार कर वोटरों को फिर से अपनी पहचान साबित करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने इसे मनमाना और संविधान की भावना के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि एसआईआर के दौरान जमा किए गए दस्तावेजों की कोई रसीद नहीं दी जा रही है। उन्होंने सुनवाई प्रक्रिया को पूरी तरह मशीनी और संवेदनहीन बताया। यह प्रक्रिया मानवीय संवेदनाओं से खाली है और लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर रही है।

जेएनयू पर सीएम रेखा गुप्ता का बयान

## दंगाइयों की जमानत से देश स्तब्ध आतंकियों का किया गया समर्थन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में हाल ही में हुए विरोध प्रदर्शन जैसी घटनाओं से पूरा देश स्तब्ध है, जहां दंगा आरोपियों की जमानत की मांग की गई और आतंकवादियों का समर्थन किया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं को बधाई देते हुए सीएम गुप्ता ने कहा कि पूरा देश उनसे उम्मीद करता है क्योंकि राष्ट्र को प्रगति की ओर ले जाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पूरा देश जेएनयू जैसी घटनाओं से सदमे में है जहां दंगा आरोपियों की जमानत की मांग की जाती है और आतंकवादियों का समर्थन किया जाता है। देश के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विश्वविद्यालय में छात्र अशोभनीय नारे लगाते हैं और राष्ट्र के खिलाफ बोलते हैं। युवाओं के लिए आयोजित संवाद कार्यक्रम में उन्होंने युवाओं से मुलाकात की।



सीएम रेखा गुप्ता युवाओं से मिलीं

## 'लोहड़ी' त्यौहार की धूम



**अमृतसर।** मकर संक्रांति से एक दिन पहले लोहड़ी का पर्व मनाया जाता है। इसे खासतौर पर पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में मनाया जाता है। इस साल 13 जनवरी को लोहड़ी का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इससे पहले अमृतसर में महिलाओं ने शाम के समय पूजा की। सूखी लकड़ियां जलाईं जिसमें रेवड़ी, तिल, गुड़, मूंगफली, मक्का डालकर अग्नि की सात बार परिक्रमा की। लोहड़ी को फसल पकने और अच्छी खेती के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।

करूर भगदड़ मामला

## एक्टर विजय से 6 घंटे हुई पूछताछ फिर सीबीआई के सामने होंगे पेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

करूर भगदड़ मामले में साउथ के एक्टर थलापति विजय की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार को इसी मामले में पूछताछ के लिए वह सुबह लगभग 11:30 बजे सीबीआई हेडक्वार्टर पहुंचे। 6 घंटे पूछताछ के बाद वह लगभग 06:15 बजे हेडक्वाटर से बाहर निकले। अधिकारियों के मुताबिक उन्हें पूछताछ के लिए फिर से बुलाया जाएगा। बता दें विजय से करूर भगदड़ मामले को लेकर पूछताछ की गई। मामला 27 सितंबर 2025 का है, जब तमिलनाडु के करूर में विजय की पार्टी टीवीके की एक जनसभा में भगदड़ के दौरान 41 लोगों की जान गई और 110 से अधिक लोग घायल हो गए थे। करूर भगदड़ मामले में विजय की पार्टी टीवीके के कई पदाधिकारियों से भी पूछताछ की है। सोमवार को पूछताछ के बाद एजेंसी इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर सकती है।



सीबीआई मुख्यालय में विजय

जेएनयू में उपराष्ट्रपति की युवाओं से अपील

## राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें, शिक्षा से 'आत्मनिर्भरता' को दें बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के 9वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वाद-विवाद, चर्चा, असहमति और यहां तक कि टकराव भी एक स्वस्थ लोकतंत्र के अनिवार्य तत्व हैं। इन प्रक्रियाओं का अंततः किसी निष्कर्ष तक पहुंचना आवश्यक है।

एक बार निर्णय हो जाने के बाद, उसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सामूहिक सहयोग अनिवार्य है जिससे प्रशासन सुचारु और प्रभावी ढंग से संचालित हो सके।



जेएनयू में संबोधित करते उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन

### जीवन के केंद्र में शिक्षा महत्वपूर्ण

उन्होंने कहा कि उपनिषदों और भगवद्गीता से लेकर भारतीय शास्त्रों और ग्रंथों ने सदैव समाज और नैतिक जीवन के केंद्र में शिक्षा को स्थान दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने ज्ञान और कौशल को राष्ट्र सेवा में समर्पित करने का आह्वान किया।

### विकसित भारत विजन को करें साकार

सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भारत का युवा वर्ग पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार कर सकता है। उन्होंने कहा कि सच्ची शिक्षा आचरण और चरित्र का निर्माण करती है, न कि केवल उपाधियों का संचय।

गृह मंत्री शाह का दावा केरल में शांति लेकिन मंडरा रहा है खतरा

# कहा- पीएफआई को बैन कर देश को सुरक्षित किया

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चेतावनी देते हुए कहा कि केरल में कानून-व्यवस्था की स्थिति फिलहाल शांत दिख सकती है, लेकिन कई खतरे धीरे-धीरे उभर रहे हैं जो भविष्य में खतरनाक रूप ले सकते हैं। उन्होंने एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुछ संगठनों की भूमिका पर सवाल उठाए और पूछा कि क्या वे वास्तव में लोगों को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने सवाल किया कि जो लोग सहअस्तित्व में विश्वास नहीं रखते, वे एकता कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं? मैं केरल के लोगों से पूछना चाहता हूं, क्या पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया), जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठन और एसडीपीआई (सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया) जैसी राजनीतिक पार्टियां केरल को सुरक्षित रख सकती हैं? उन्होंने कहा कि केरल की सुरक्षा केवल 'पर्दे के पीछे काम कर रहे अदृश्य खतरों' की पहचान करके ही सुनिश्चित की जा सकती है। ऐसे संगठनों पर एक्शन की जरूरत है।

**पर्दे के पीछे काम कर रहे अदृश्य खतरों को पहचानें**

विकसित केरल के साथ सुरक्षित केरल भी जरूरी



तिरुवनंतपुरम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

### खतरों को खत्म करना सरकार की जिम्मेदारी

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि इस तरह के खतरों की पहचान करना और उन्हें खत्म करने के प्रयास करना सरकार की जिम्मेदारी है। पीएफआई प्रतिबंध पर सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा दोनों ने ही इस फैसले का न तो विरोध किया और न ही समर्थन।

### 'रेमिटेंस' आधारित अर्थव्यवस्था से विकास संभव नहीं

शाह ने कहा कि केवल 'रेमिटेंस' यानी विदेशों में काम करने वाले राज्य के नागरिकों द्वारा घर भेजी जाने वाली रकम के आधार पर केरल की अर्थव्यवस्था का पूर्ण विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि केरल को एक ऐसे आर्थिक मॉडल की आवश्यकता है जो सभी नागरिकों का विकास सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि हम 'रेमिटेंस' का स्वागत करते हैं और यह जारी रहना चाहिए, लेकिन केवल इसी के माध्यम से हर नागरिक का विकास हासिल नहीं किया जा सकता।